दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर भारत का अनूठा अखबार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार

वर्ष 37 | अंक 222 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 12 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 | श्रावण शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विक्रमी संवत-2079

www.arthparkash.com
YouTube/Arth Parkash TV

न्यूज़ ब्रीफ

हरियाणा पुलिस ने बनाया एटीएम फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन सेल

चंडीगढ़ (अप्रस)। हरियाणा में एटीएम ठगी के बढ़ते मामलों के मद्देनजर हरियाणा पुलिस की स्टेट क्राइम ब्रांच द्वारा प्रदेश के सभी 22 जिलों में 22 एटीएम फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन सेल (एएफआईसी) की शुरुआत की गई है। हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि एएफआईसी को स्टेट क्राइम ब्रांच द्वारा प्रदेश के अलग अलग जिलों से 132 अनट्रेस मुकदमे इंवेस्टीगेशन के लिए सौंपे गए हैं। आज के युग में एटीएम आम इंसान की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आम आदमी अपनी रोजाना की लेन देन एटीएम से ही करता है। वर्तमान दौर में अपराधियों ने इसी महत्वपूर्ण हिस्से पर सेंध लगाने का काम किया है। हालांकि इस मोडस ऑपरेंडी के अपराधों से समन्वित व प्रभावी तरीके से निपटने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, फिर भी कई बार ऐसे फाइनेंसियल फॉड के मामलों में जिला पुलिस द्वारा अनट्रेस रिपोर्ट दे दी जाती है और आरोपी बच निकलते है। हरिया स्टेट क्राइम ब्यूरो के एडीजीपी ओ.पी.सिंह ने बताया कि इस समस्या को सुलझाने और दोबारा से अनट्रेस मुकदमों पर काम करने के लिए निर्देश दिए हैं।

टेंशन ख़ल्लास

घर घर तिरंगे का,
देश में गूंज रहा है नारा।
झंडा ऊंचा था
ऊंचा रहेगा हमारा।
-अर्थ प्रकाश

अटारी बॉर्डर पर जवानों को बांधी राखी, मिला 24 घंटे सुरक्षा का वचन

अमृतसर (अप्रस)। भारत-पाकिस्तान के बीच बनी अटारी सरहद पर गुरुवार को राखी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान एक विशेष कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें देश की सुरक्षा पर डटे जवानों को महिलाओं ने राखी बांधी। इस दौरान सिर्फ पुरुष ही नहीं, महिला जवानों को भी सभी ने राखियां बांध धन्यवाद कहा। इस दौरान सिर्फ पुरुष जवान ही नहीं, महिला जवानों को भी राखियां बांधी गई। बीएसएफ जवानों ने प्रण दिया कि वे 24 घंटे देश की सुरक्षा करेंगे। वे सरहद पर डटे हैं, ताकि देश के लोग सुरक्षित अपने घरों में रह सकें। राखी बंधवाना उनके लिए भावुक पल था। कई जवानों ने इस दौरान वीडियो कॉल कर अपनी बहनों को इस दिन की शुभकामनाएं भी दी।

देश के 14वें उप राष्ट्रपति बने जगदीप धनखड़

■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई शपथ

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को जगदीप धनखड़ को 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई। राष्ट्रपतिभवन में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेता मौजूद रहे। बता दें कि 6 अगस्त को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि अल्वा को 182 वोट मिले।

राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं उप राष्ट्रपतिः भारत के उप राष्ट्रपति उच्च सदन राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं। यानी राज्यसभा की कार्यवाही चलाने का जिम्मा भी उन्हीं पर होती है। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक का होगा।

राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं धनखड़

18 मई 1951 को झुंझुनू जिले में साधारण किसान परिवार में पैदा हुए जगदीप धनखड़ की शुरुआती शिक्षा गांव में हुई। फिर उनका एडमिशन सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में करवाया गया। धनखड़ का एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में सिलेक्शन हो गया था, लेकिन वो गए नहीं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। इसके बाद एलएलबी की पढ़ाई की। जयुपर में ही रहकर वकालत शुरू की थी।

हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र, दूसरे दिन भी विपक्ष का हंगामा

सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

■ चर्चा के लिए कम समय मिलने के विरोध में विपक्ष का वाकआउट

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय

शिमला। हिमाचल प्रदेश की जयराम ठाकुर सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को सदन ने ध्वनिमत से गिर गया। इससे पूर्व अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए कम समय दिए जाने के विरोध में विपक्ष ने पहले सदन में जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए सदन से वाक आउट कर पूरा विपक्ष बाहर चला गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्हें पहले ही मालूम था कि खबर बनाने के लिए वह कुछ ऐसा ही करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली का मामला केंद्र सरकार से उठाया है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में कोई दम नहीं था। उनकी सरकार ओपीएस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है और इसके लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, ताकि कोई रास्ता निकाला जा सके।

कांग्रेस ने किए प्रदेश के हालात खराब

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसे हालात पैदा किए आज ऋण लेना प्रदेश की मजबूरी हो गई है। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में अभी तक 16998 करोड़ रुपए का ही ऋण लिया, जबकि पूर्व कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में 19200 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। इस तरह मौजूदा सरकार ने केंद्र द्वारा तय सीमा से 5384 करोड़ रुपए कम ऋण लिया है। उन्होंने कहा कि यदि कोरोना की स्थिति न होती तो सरकार और भी कम ऋण लेती।

कांग्रेस कर्मचारियों को गुमराह कर रही

सीएम ने कहा कि कांग्रेस जितनी सरलता से ओपीएस बहाली की बात कर रही है, यह मामला उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों से उन्होंने इस मुद्दे पर व्यक्तिगत तौर पर बात की है, लेकिन ये राज्य भी ओपीएस को अभी तक बहाल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस पर कर्मचारियों को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि वह राजनीतिक मकसद से इस मुद्दे को न उठाएं। उन्होंने कर्मचारियों से भी आग्रह किया कि वे ओपीएस को राजनीतिक मकसद से न लें।

जीएसटी से प्रदेश को नुकसान

मुख्यमंत्री ने माना कि जीएसटी लागू होने से प्रदेश को नुकसान हुआ है। हालांकि जीएसटी एकत्रीकरण में बढ़ोतरी हुई है और प्रदेश की आर्थिकी पटरी पर लौट रही है। उन्होंने महंगाई के मुद्दे पर कहा कि हिमाचल में पड़ोसी राज्यों पंजाब-हरियाणा की तुलना में पेट्रोल ओर डीजल के दाम काफी कम हैं।

विपक्ष ने केवल समय बर्बाद किया

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाकर न केवल सदन का समय बर्बाद किया] बल्कि लोकतंत्र की मर्यादाओं को भी तोड़ा। उन्होंने कहा कि नियम 278 में प्रस्ताव आने पर हैड काउंट होता है और चर्चा खत्म होने पर मतदान का प्रावधान है, लेकिन विपक्ष जवाब सुनने और मतदान से पहले ही सदन से वाकआउट कर चला गया। उन्होंने विपक्ष के वाकआउट की निंदा की और कहा कि उसका आचरण लोकतंत्र के खिलाफ है और विपक्ष ने नियमों का दुरुपयोग किया है।

बागवानों की नाराजगी को हवा दे रहा विपक्ष

सीएम ने इसे विपक्ष की देन बताया और कहा कि कांग्रेस ओर माकपा अपने राजनीतिक हित को साधने के लिए बागवानों की नाराजगी को हवा दे रही है। उन्होंने कहा कि पैकेजिंग सामग्री की दरों में वृद्धि के चलते सरकार ने 6 फीसदी जीएसटी अपने स्तर पर देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने मंडी में शिवधाम परियोजना की लागत में वृद्धि के लिए शड्यूल रेट में बदलाव को जिम्मेदार ठहराया और इस कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कहा कि हमारी सरकार में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और अपराधी जेल में हैं। पूर्व सरकार के कार्यकाल में जहां 592 हत्याएं हुईं वहीं मौजूदा सरकार के कार्यकाल में यह आंकड़ा 354 है।

बाबा फरीद यूनिवर्सिटी के वीसी का इस्तीफा मंजूर

चंडीगढ़। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने बाबा फरीद मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (वीसी) डॉ. राज बहादुर का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। सीएम भगवंत मान ने इसे अब गवर्नर को भेज दिया है। वहां से मंजूरी मिलते ही यूनिवर्सिटी को नया वीसी मिलेगा। बता दें कि इस मामले में पंजाब सरकार सेहत मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा के हक में उतरी है। सेहत मंत्री ने वीसी को फटे-गंदे गद्दे पर लिटा दिया था। मंत्री के जलील करने के बाद वीसी डॉ. राज बहादुर ने पद से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब है कि वाइस चांसलर के इस्तीफा देने के बाद सीएम भगवंत मान ने बात की थी। उन्होंने वीसी को इस्तीफा वापस लेने को भी कहा था। हालांकि वीसी ने मंत्री के हाथों हुई जलालत के बाद काम करने से इनकार कर दिया। वहीं, वीसी की जलालत भरी विदायगी से आम आदमी पार्टी को हिमाचल प्रदेश चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

पंजाब कैबिनेट का अहम फैसला

'शिक्षा और स्वास्थ्य फंड' के गठन को मंजूरी

■ स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्रों में पूंजीगत ढ़ाचा सृजन करने के उद्देश्य से उठाया अनूठा कदम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। सीएम भगवंत मान की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें एक अनूठी पहल के तहत मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब कैबिनेट ने राज्य में 'शिक्षा-और-स्वास्थ्य फंड' गठित करने के लिए ट्रस्ट डीड को मंजूरी दे दी।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस फंड का प्रारंभिक उद्देश्य पंजाब राज्य की भौगोलिक सीमा में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्रों में पूंजीगत ढांचों का सृजन करना या अपग्रेडेशन में सहायता करना है, जिससे स्वैच्छित दान के द्वारा लोगों का कल्याण सुनिश्चित बने। मुख्यमंत्री इस ट्रस्ट के चेयरपर्सन होंगे, जबकि वित्त मंत्री को वाइस चेयरपर्सन, मुख्य सचिव को मैंबर सचिव और स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभागों के मंत्रियों को इसमें ट्रस्टी के तौर पर शामिल किया गया है। इस ट्रस्ट के पास सलाह-मश्वरे के लिए मुख्य सचिव के नेतृत्व वाली एक सलाहकार समिति भी होगी।

विस्तृत खबर पेज-10 पर

मज़दूरों को वित्तीय राहत देने के लिए नीति में संशोधन

कीटों के हमलों के कारण कपास की फ़सल के हुए नुकसान के मद्देनजऱ कपास चुगने वाले मज़दूरों को राहत देने के उद्देश्य से लिए एक अन्य अहम फ़ैसले में पंजाब कैबिनेट ने इस सम्बन्धी कृषि मज़दूरों की पहचान के लिए राजस्व विभाग की मौजूदा नीति में संशोधन को मंजूरी दे दी। इस नीति का प्रारंभिक उद्देश्य फ़सल के हुए नुकसान का मुआवज़ा सम्बन्धी किसानों के साथ-साथ कपास चुगने वाले मज़दूरों को भी देना है। मौजूदा नीति के प्रस्तावों के मुताबिक कृषि मज़दूरों की पहचान करना मुश्किल था। इस कारण इन मुश्किलों को हल करने के लिए यह संशोधन किया गया है। संशोधित नीति के मुताबिक राजस्व पटवारी और कृषि एक्स्टेंशन अफ़सर गाँवों में समूह घरों के सर्वेक्षण के द्वारा मज़दूरों की पहचान करेंगे और पटवारी इस बात को सत्यापित करेगा कि सम्बन्धित परिवार के पास कोई कृषि योग्य ज़मीन नहीं या एक एकड़ से कम ज़मीन है। सर्वेक्षण के बाद पटवारी और कृषि एक्स्टेंशन अफ़सर इस तैयार की गई सूची को सार्वजनिक एतराज़/सत्यापित करने के लिए गाव में निश्चित तारीख़ और समय पर साझे सार्वजनिक स्थान पर गाँव का आम सत्र कर गाव के भूमीहीन कृषि मज़दूरों के परिवारों की सूची को अंतिम रूप देंगे।

सगाई से चार दिन पहले लुधियाना में युवक की हत्या

■ गुरुद्वारा में माथा टेकने गया था युवक, परिवार में पसरा मातम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में कस्बा मुल्लांपुर के गांव रकबा में सगाई से 4 दिन पहले एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक बीती रात गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक घर लौट रहा था। इस बीच रास्ते में कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और फिर तेजधार हथियार से उसका कत्ल कर दिया। युवक 2 बहनों का इकलौता भाई था। गौरतलब है कि 4 दिन बाद जिस घर में खुशियों की शुरूआत होनी थी, आज उस घर में मातम छा गया। भाई की कलाई सजने से रह गई और बहनों के शगन अधूरे रह गए। मरने वाले का नाम जतिंदर सिंह है। जतिंदर घर में सबसे छोटा था। अभी हाल ही में नजदीकी गांव में ही उसके रिश्ते की बात हुई थी और इस रविवार उसकी सगाई होनी थी। जतिंदर का आज संस्कार गांव के शमशान घाट में किया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

डी.एस.पी.दाखा जश्नदीप सिंह और थाना दाखा प्रभारी इंस्पेक्टर अजीतपाल सिंह मृतक जतिंदर की माता स्वर्ण कौर के बयानों पर राजेश कुमार मिश्रा के खिलाफ हत्या करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मुताबिक घटना स्थल के नजदीक से मिले एक मोटरसाईकल की पहचान होने के बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

हथिनी कुंड बैराज से यमुना में छोड़ा पानी, 72 घंटे में पहुंचेगा दिल्ली

यमुनानगर। हिमाचल में हो रही भारी बरसात की वजह से यमुना नदी उफान पर है। हरियाणा के यमुनानगर में बने हथिनी कुंड बैराज पर गुरुवार सुबह नदी का जलस्तर 1 लाख 82 हजार 297 क्यूसेक पर पहुंच गया। इस मानसून में यमुना नदी का ये अब तक का सबसे अधिक जलस्तर है। नदी में बहुत ज्यादा पानी आने की वजह से हथिनी कुंड बैराज से यूपी और दिल्ली के लिए निकलने वाली नहरों को बंद कर सारा पानी दिल्ली की तरफ डाइवर्ट कर दिया गया। यह पानी अगले 72 घंटे में दिल्ली पहुंचेगा। बता दें कि हथिनी कुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ। गुरुवार सुबह 6 बजे यहां पानी का इनफ्लो 70 हजार क्यूसेक से ऊपर पहुंचते ही यूपी और नई दिल्ली के लिए जाने वाली दोनों नहरें बंद कर दी गई।

विस्तृत खबर पेज-4 पर

तिरंगा लेने के लिए बाध्य नहीं कर सकतेः मनोहरलाल

■ कहा कि कोई भी संस्था इस मुहिम में मदद करना चाहे तो स्थानीय उपायुक्त के माध्यम से संपर्क कर सकती हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

करनाल/चंडीगढ़। करनाल में डिपो धारक द्वारा राशन कार्ड धारकों को ज़बरदस्ती तिरंगा बेचने के मामले का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कड़ा संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने सख्त और स्पष्ट आदेश दिए हैं कि कोई भी तिरंगा लेने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। अगर कोई भी व्यक्ति तिरंगा नहीं लेता है तो उसकी किसी सेवा को नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए स्वेच्छा से कोई भी तिरंगा ले सकता है। मुख्यमंत्री ने इस अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था इस मुहिम में मदद करना चाहे तो स्थानीय उपायुक्त के माध्यम से संपर्क कर सकती है।

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पीडीएस सेंटर पर मिलने वाले तिरंगे केवल जनता की सुविधा के लिए हैं ताकि जिन्हें झंडा लेना हैं उन्हें गॉव में ही यह मिल जाए और उन्हें कहीं दूर ना जाना पड़े। झंडा लेने के लिए किसी को विवश नहीं किया जा सकता।

डिपो धारक की राशन की मासिक सप्लाई तुरंत प्रभाव से निलंबित

करनाल जिले के हेमदा गांव में बिना तिरंगा लिए राशन नहीं देने के मामले में जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक द्वारा डिपो धारक के खिलाफ पहले ही कार्रवाई कर ली कई है। डिपो धारक की राशन की मासिक सप्लाई तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दी गई है। डिपोधारक दिनेश कुमार राशनकार्ड धारकों को जबरदस्ती झंडे दे रहा था और विभाग और सरकार को बदनाम कर रहा था।

न्यूज ब्रीफ

राखी मेकिंग व थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित

नरवाना (अनिल कुमार)। वीरवार को कस्बे के आर्य कन्या महाविद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए कक्षा पहली से आठवीं तक राखी मेकिंग व थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन ग्रुप में पहली से तीसरी, चौथी से पांचवी व छठी से आठवीं कक्षा में करवाई गई। जिसमें ज्यादा से ज्यादा बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर राखियां और थाली सजाकर अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्राचार्या मीना गर्ग ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि यह त्यौहार भाई-बहन के नि:स्वार्थ प्रेम का प्रतीक है। पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन मनाया जाता है। बहनें अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती है वह भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन लेता है। इस प्रतियोगिता का निरीक्षण प्राचार्या मीना गर्ग, अध्यापिका निधि शर्मा, सुषमा व सीमा ने किया। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में पहली से तीसरी कक्षा में प्रथम नायरा, द्वितीय पायल व तृतीय काव्या चौथी से पांचवी कक्षा में प्रथम तनीषा, द्वितीय मुस्कान व तृतीय चक्षु, छठी से आठवीं कक्षा में प्रथम अनुष्का द्वितीय काजल व तृतीय कोमल रही। इसी प्रकार थाली सजाओ प्रतियोगिता में छठी से आठवीं कक्षा में युक्ति, पलक व दिशा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आर्य समाज नरवाना के प्रधान चंद्रकांत शर्मा, सुरेन्द्र मित्तल, तेजपाल शर्मा, सुरेन्द्र लीखा व समस्त स्टाफ सदस्यों उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन पर्व पर किया पौधारोपण

रोहतक (सुकरमपाल)। न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं भारतीय किसान संघ के संयुक्त तत्वावधान पर आजादी के अमृत उत्सव एवं रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बराई गांव के श्मशान स्थल में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएल शर्मा एवं भारतीय किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री रमेश दांगी, प्रदेश प्रवक्ता राकेश कुमार दांगी, कार्यालय मंत्री सीताराम प्रजापत, जिला सहमंत्री गोपाल चौधरी, दुर्गा प्रसाद अध्यापक, भेरू लाल दांगी, सुरेश दांगी, राकेश दांगी जीसीपी प्रदेश ब्यूरो सहित बड़ी संख्या में गांव के किसान भाई उपस्थित रहे।

मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत किया पौधारोपण

सफीदो, (दीवान)। मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत वीरवार को उपमंडल के गांव आफतापगढ़ में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व सदर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने किया। उन्होंने बताया राकेश कुमार आर्य आईपीएस हिसार मंडल हिसार के मार्गदर्शन में मेरा गांव मेरी शान अभियान चलाया जा रहा है अभियान के दौरान गांव में लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज गांव अफताबगढ़ में पुलिस टीम तथा गांव की जागरूक कमेटी के मेंबर के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया व युवाओं को पौधे भेंट किए गए। इस दौरान 'ड्रग्स एवं हिस्सा मुक्त ,मेरा गांव मेरी शान' अभियान के तहत गठित टीम से प्रेरित होकर नशा त्यागने वाले महेंद्र सिंह व राजेश कुमार के द्वारा पौधे लगवाए गए। इस मौके पर थाना सदर सफीदों के एसएचओ राजेश कुमार, सरपंच गुरपेज सिंह, टीम के सदस्य सब इंस्पेक्टर नरेश , ईएसआई रामदिया, सी टी कुलदीप ने भी पौधा लगाकर लोगों को जागरूक किया।

सरकार बताए कितने पूर्व सैनिकों को दी नौकरी: भूपेन्द्र हुड्डा

- अग्निपथ में जाने वालों को पहले दें सरकारी नौकरी
- बाप से पहले बेटा होगा सेवानिवृत्त यही है अग्निपथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने मनोहर सरकार को अग्निपथ योजना के मुद्दे पर घेरते हुए कहा है कि यह योजना युवाओं के हक में नहीं है। चार साल में जज्बा कायम नहीं रहेगा। सरकार बताए कि अभी तक कितने पूर्व सैनिकों को हरियाणा में नौकरियां दी गई हैं।

गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि पहली भर्ती होने पर सभी को सरकारी नौकरी देकर ऑन डेपुटेशन आर्मी में भेज दिया जाए,ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो। आज सरकार ने हालात यह पैदा कर दिए हैं कि बाप बाद में रिटायर होगा, बेटा पहले हो जाएगा। यह बेरोजगारों के हित में नहीं है।

हुड्डा ने कर्ज के मुद्दे पर घेरते हुए कहा है कि प्रदेश के सिर सवा तीन लाख करोड़ का कर्ज है और सरकार डिपो धारकों को झंडा बेचने के लिए बाध्य कर रही है। इस तरह से प्रदेश का कर्ज कम नहीं होगा। इसके लिए सरकार को ठोस रणनीति अपनानी पड़ेगी।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य समेत हर मोर्चे पर सरकार विफल साबित हुई है। आलम यह है कि स्कूलों में टीचर नहीं है और अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं। स्वास्थ्य महकमे में 10,000 पद खाली पड़े हुए हैं। लेकिन सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती। इसलिए सीएमआईई के मुताबिक आज प्रदेश 26.9 प्रतिशत बेरोजगारी का सामना कर रहा है। नीति आयोग के आंकड़ों के मुताबिक भी हरियाणा की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से 37 प्रतिशत ज्यादा है।

हुड्डा ने कहा कि आजाद भारत में झंडा सबको लगाना चाहिए लेकिन हरियाणा पर कर्ज में बढ़ रहा है। भ्रष्टाचार खूब चरम सीमा पर है। इसकी पोल खुद सत्ता में बैठी पार्टियों के विधायक खोल रहे हैं। प्रदेश में 38 हजार टीचरों के पद खाली है। लोगों को प्राइवेट स्कूलों में पढने के लिए मजबूर किया जा रहा है। हरियाणा में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। प्रदेश के खेत पानी में डूबे हैं। हुड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्रियों का हरियाणा के विकास में योगदान रहा है जिसे स्कूली पाठ्यक्रम शामिल किया गया था। मगर मौजूदा सरकार ने स्कूलों का पाठ्यक्रम ही बदल दिया। छठी से आठवीं तक का पाठ्यक्रम बदलने का काम किया जा रहा है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के विकास में नागरिक, किसानों, मजदूरों को तत्कालीन मुख्यमंत्रियों का योगदान रहा है।

गीता भुक्कल ने बांधी राखी

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को रक्षा बंधन के अवसर पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक गीता भुक्कल ने विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व उप नेता आफताब अहमद को राखी बांधी। भुक्कल ने उनकी लंबी आयु की कामना की।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत राजकीय स्कूल गोहाना के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

- एसडीएम आशीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गोहाना (सोनीपत), 11 अगस्त। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में चलाए गए हर तिरंगा अभियान के तहत गुरूवार को गोहाना स्थित राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसको एसडीएम आशीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि देश की खातिर अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु आदि मां भारती के महान सपूतों का बलिदान देश की हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा और युवाओं को देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा। इसलिए आओ हम सब मिलकर हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े और हमारे वीर सपूतों को नमन करें।

तिरंगा रैली के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा भारत माता की जय, वंदे मातरम व इंकलाब जिंदाबाद के नारों से पूरा शहर देश भक्ति के रंग में रंग गया। यह यात्रा जहां से भी निकली वहां पर लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत करते हुए तिरंगे का शैल्यूट किया। बच्चों ने इस दौरान लोगों का आह्वान किया कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर भी तिरंगा फहराएं और इस अभियान को सफल बनाएं।

बेखौफ बदमाशों का आतंक

पेट्रोल पंप सेल्समैन पर कुल्हाड़ी से हमला, रुपयों से भरा बैग छीना

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत 11 अगस्त। सोनीपत में बेखौफ बदमाशों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और सोनीपत पुलिस हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। जहां बीती देर रात बाइक सवार बदमाशों ने सोनीपत के बहालगढ़ रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पर लूट की वारदात को अंजाम दिया और मौके से भाग गए।बाइक सवार बदमाश सेल्समैन का पीछे से रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग गए और उस पर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से वार कर दिया। आपको बता दें कि बदमाश यह पूरी वारदात 30 से 35 सेकंड में करके फरार हो गए।

सेल्समैन शमशेर सोनीपत के तिहाड़ मलिक गांव का रहने वाला है हालांकि अब शमशेर का सोनीपत के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां पर उसकी हालत खतरे से बाहर है।वहीं वारदात की सूचना मिलने के बाद सोनीपत पुलिस के साथ-साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले में लूट व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोनीपत में मिले 10 कोरोना संक्रमित: सिवाच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत, 11 अगस्त। उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि गुरूवार को जिला में कोरोना के 10 नये पोजिटिव केस मिले वहीं 18 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक हुए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59553 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 200 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना के 76 एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

राजीव जैन ने घर-घर जाकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज किए वितरित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 11 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री और पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने रक्षाबंधन के पर्व पर सेक्टर 14 आदर्श कुंज सोसाइटी में घर-घर जाकर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए और ध्वज लगाकर असंख्य शहीदों को श्रद्धांजलि देने की अपील की।

राजीव जैन ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने से शहीदों के साथ-साथ बर्फ की चोटियों, रेगिस्तान, समुंदर के पानी तथा गहरे वन क्षेत्र में भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों को भी गर्व महसूस होगा कि संकट में देश का हर नागरिक उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा ध्वज वर्षो वर्षो के संघर्ष का गवाह है, देश को वह भयावह दिन दोबारा ना देखने पड़ें इसके लिए हर नागरिक के अंदर देशभक्ति की ज्वाला जलती रहनी चाहिए।

राजीव जैन ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष में पहली बार हर नागरिक ध्वज फहराने को आतुर है, परंतु हमें तिरंगे के मान सम्मान के नियमों का भी पालन करना होगा। उन्होंने इस अभियान के लिए सोसायटी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में पार्षद सुरेंद्र मदान, विनोद जैन,ओम प्रकाश नागपाल, तारा चंद, ओम प्रकाश झांब, रणधीर सिंह, विजय दंग, विनोद कुमार वर्मा, अनील ठकराल, मनोज गंभीर, अजय राई, कमल कुकरेजा, विभोर वधवा, सुधीर नागपाल, मुकेश चावला, रविंद्र कुकरेजा काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में बीके अर्चना दीदी ने अरुण त्यागी को राखी बांध मनाया रक्षा बंधन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गन्नौर, 11 अगस्त। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गन्नौर स्थित सेवा केंद्र में वीरवार को रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालक बीके अर्चना दीदी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सभी अतिथियों को राखी बांधकर मिठाई खिलायी गयी। इस दौरान वहां मौजूद नगर पालिका चैयरमेन अरुण त्यागी को राखी बांध आयोजन की शुरुआत की। भाई-बहनों ने एक दूसरे की रक्षा करने का संकल्प लिया। अरुण त्यागी ने कहा कि रेशम के कच्चे धागों से बंधा प्रेम का मजबूत रिश्ता राखी है।अरुण त्यागी ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे देश के अंदर भाई-बहन के रिश्तों को पवित्र-पावन रिश्ते के रूप में मानते हैं, खुशी की बात है कि आज भी देश, प्रदेश में इस त्यौहार का महत्व है,भाई- बहन का रिश्ता समाज में भीत ही मजबूती से देखा जाता है। के स ये पर्व आज जिस रूप में मनाया जा रहा है, पवन पर्व की शहर वासियों को शुभकामनाएं-बधाई देते हुवे बताया कि परिवारिक रिश्तों में ये रिश्ता सबसे मजबूत व पावन है।उन्होंने देश की 75वीं स्वतंत्रता दिवस पर सभी गन्नौर वासियों को शुभकामनाएं दी गई।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीके अर्चना दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार आपसी प्यार का त्यौहार होता है। जो हमें आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। प्राचीन काल से रक्षाबंधन का त्यौहार देश के लोग मनाते आ रहे है। इस त्यौहार पर हमें अपने मन को ज्ञान, पवित्रता, शाति, प्रेम, खुशी, आनंद व शक्ति के सात रगो से रगना चाहिएं। भ्रष्टाचार की उग्र ज्वाला भी आज हर इसान को तपा रही है। परंतु इसी तपत के बीच परमात्मा पिता गुप्त रूप से शिष्टाचार की स्थापना का कर्तव्य निभा रहे है। भगवान शिव का संदेश है कि पवित्र बनो, योगी बनो अर्थात सभी के प्रति भाई बहन की पवित्र दृष्टि रखते हुए परमात्मा की प्यार भरी स्मृति में रहो।

कलायत के गांव शिमला में जल भराव की निकासी न होने से लोगों में रोष

- किसानों की नेशनल हाई-वे जाम करने की चेतावनी, गांव पहुंचा प्रशासन

अर्थ प्रकाश/सुनील जागलान

कलायत, 11 अगस्त। कलायत के गांव शिमला में करीब 2 हजार एकड़ कृषि रकबे में भारी जल भराव की निकासी न होने से स्थिति तनाव पूर्ण बनी है। बृहस्पतिवार को हालात उस समय गंभीर रूप ले गए जब ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर संघर्ष की रणनीति तय करने की मुनियादी करवा दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में किसान एकजुट हो गए। जल भराव की समस्या के प्रति अधिकारियों पर बेरुखी का आरोप लगाते हुए किसान चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर पड़ाव डालने को निकल पड़े। इन्होंने ऐलान किया कि जब तक उनकी डूबी फसलों को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते वे मुख्य मार्ग पर डटे रहेंगे। इस पर नायब तहसीलदार आशीष कुमार, थाना प्रभारी बलदेव मलिक, सिंचाई विभाग तकनीकी विंग एस.डी.ओ सुमित मोण के साथ-साथ लोक निर्माण, पंचायती राज, मार्केट कमेटी और संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी गांव पहुंचे। अधिकारियों की टीम को किसानों ने जल भराव के कारण नष्ट हो रही फसलों के सूरत-ए-हाल दिखाए। सुभाष मोर, रमेश कुमार, समाजसेवी आशीष मोर, बलवान सिंह, अभिमन्यु, गिरदोर सिंह, अनिल कुमार, रामकला, राज और बिल्लू ने कहा कि सुनियोजित साजिश के तहत गांव की निकासी के सभी मार्ग अधिकारियों द्वारा रोके गए हैं। चाहिए तो यह था कि गांव में मटौर व सिंगवाल मार्ग के नीचे साइफन दबाकर निकासी की राहें तैयार की जाती। अधिकारी इस प्रकार की निकासी व्यवस्था करने से साफ इंकार कर रहे है। न ही अन्य संसाधनों के जरिये निकासी को कदम उठाए जा रहे है। इससे जाहिर है कि फसलों को बचाने की बजाए नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है। जब निकासी के लिए कोई व्यवस्था ही नहीं तो जल भराव समस्या का हल कैसे होगा? घंटों चली किसानों और प्रशासन की बैठक में कोई ठोस हल नहीं निकल पाया। इसके चलते अधिकारी वापिस लौट आए। उधर अमन-चैन और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। सिंचाई विभाग तकनीकी विंग के एस.डी.ओ सुमित कुमार ने टीम के साथ मौका मुआयना करते हुए जल भराव क्षेत्र की वीडियो ग्राफी भी की है। ग्रामीणों का कहना है कि शिमला गांव में 28 जून प्रशासन द्वारा खुला दरबार आयोजित किया गया था।

सदन में विधायक रामनिवास ने उठाई क्षेत्र से संबंधित आवाज

हरियाणा कौशल निगम में एससी वर्ग के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाए: सुरजाखेड़ा

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

नरवाना, 11 अगस्त। मानसून सत्र के तीन दिवसीय विधानसभा सत्र प्रारंभ होने पर सदन की कार्यवाही के दौरान नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई। साथ ही विधायक ने हरियाणा कौशल निगम के तहत रोजगार देने की योजना पर एससी वर्ग के लिए आरक्षण की आवाज उठाई। विधायक ने नरवाना की जनता की मुख्य मांगों में गांव बरटा व धनौरी को कैथल से पुनः जींद जिले में जोड़ने की मांग की। इसी क्रम में नरवाना में अध्यापकों की कमी की पूर्ति के साथ-साथ नर्सिंग कॉलेज खोलने की मांग की। किसानों की मांग करते हुए विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने ड्रेन निर्माण और नष्ट हुई कपास की फसल के मुआवजे के लिए मांग की। विधायक ने फोन पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि विधानसभा में उठाए गए सभी मुद्दे जनहित को देखते हुए उठाए गए हैं जिनके पूरे होने पर जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा।

एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने का वादा केन्द्र सरकार तुंरत करे पूरा: चढ़ुनी

- किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ुनी पहुंचे रोहतक, मिशन एकता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कांता आलड़िया से बंधवाई राखी

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 11 अगस्त। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ुनी ने केन्द्र सरकार से एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने के अपने वायदे को तुरंत पूरा करने की मांग की। साथ ही चेताया कि अगर सरकार ने जल्द अपना वायदा पूरा नहीं किया तो दोबारा से किसान सड़कों पर उतर आंदोलन करने पर मजबूर होगे। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार पर कृषि क्षेत्र को बर्बाद करने का भी आरोप लगाया और कहा कि सरकार पूंजीपतियों के हितों के लिए काम कर रही है। वीरवार को किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ुनी रक्षाबंधन के पर्व पर रोहतक पहुंचे और मिशन एकता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कांता आलडियां से राखी बधवाई। उन्होंने शगुन के तौर पर कांता आलडियों को उपहार भी भेट किया। चढ़ुनी ने कहा कि आज केन्द्र व प्रदेश सरकार से हर वर्ग का मोह पूरी तरह से भंग हो चुका है और जनता बदलाव के इंतजार में है।

इस अवसर पर मिशन एकता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कांता आलड़िया ने कहा कि जब से केन्द्र व प्रदेश में भाजपा सरकार सता में आई है तभी से अफरशाही बेलगाम हो चुकी है, जिसका परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार तानाशाही रवैया अपना कर जनता के हितों पर कुठाराघात कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और महंगाई चरम सीमा पर है। लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे है, लेकिन सरकार किसी भी मामले की जांच करवाने को तैयार नहीं है, जिससे स्पष्ट होता है कि सरकार की मिलीभगत से प्रदेश के खजाने को लूटा जा रहा है।

कांता आलड़िया ने कहा कि सरकार प्रदेश में जातपात का जहर घोल कर माहौल खराब करने का प्रयास कर रही है। पढ़े लिखे युवा रोजगार की तलाश के लिए दर दर की ठोकरे खाने पर मजबूर है। उन्होंने सरकार से बिहार की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में भी जातिगत जनगणना करवाने की मांग की। इस अवसर पर कृष्ण माजरा, महेन्द्र बांगडी, मनीषा बोहत, रविन्द्र खुंडिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

कुटिया ने केयू में चलाई तिरंगा बांटने की मुहिम

पिपली (अप्रस/अर्पण वधवा)। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला की अध्यक्षता व कुंटिया प्रधान राम कुमार गुर्जर के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार देर सांय को घर-घर तिरंगा बांटने की मुहिम चलाई गई। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला ने कहा कि भारत आ?ादी की 75वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। स्वतंत्रता दिवस को खास बनाने के लिए सरकार हर घर तिरंगा कैंपेन चला रही है। हर घर तिरंगा अभियान से लोगों को जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। तिरंगा लगाने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अभियान के साथ नागरिकों का तिरंगे के साथ रिश्ता और मजबूत होगा व लोगों में देशभक्ति की भावना और ब?गी।कुंटिया प्रधान रामकुमार गुर्जर ने कहा कि हमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भव्य तरीके से मनाना है। इस कार्यक्रम को हमें जन आंदोलन का रूप देना है। सभी की सहभागिता इसमें सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक कर्मचारी अपने घरों पर तिरंगा लगाएं इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा व कुंटिया द्वारा घर-घर जाकर तिरंगा भी बांटा जा रहा है।इस मौके पर कर्ण सिंह ग्रुप के चैयरमेन भूषण, डॉ. दीपक शर्मा, कुंटिया महासचिव अनिल लोहट, सहसचिव रूपेश खन्ना, राजकमार ढींगरा, संतकुमार,विष्णु नाथ, विक्रम मंडल, शमशेर, पुपेन्द्र सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

देश की आन बान और शान है तिरंगा : दुरेजा

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। पंडित दीन दयाल मेडिकल यूनिवर्सिटी में कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग मे के तहत अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान मनाया गया गया। .पंडित दीन दयाल मेडिकल यूनिवर्सिटी में कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डा. जगदीश चन्दर दुरेजा द्वारा तिरंगा फ हराया गया । इस अवसर पर डॉक्टर दुरेजा ने स्टाफ व् छात्रों को आजादी की 75वी वर्षगांठ की शुभकामनाये दी व् देश के लिए कुर्बान हुए शहीदों को याद किया। .75 वर्षो की देश की उन्नति पर प्रकाश डाला व् नर्सिंग की छात्रों को उन के किये गए कार्यो के लिए सर्टिफिकेट

दिए । .इस अवसर पर ओमबीर राणा वित् नियात्रक मेडिकल यूनिवर्सिटी, श्रीमती जतिंदर कौर , प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग,व् टीचर्स अमनदीप कौर, मीणा कुमारी, विमल तनेजा व् लक्ष्मी व् कोऑर्डिनेटोर अनुपम सैनी मौजूद थे।

स्केटिंग खिलाड़ी मेधा विरमानी ने अनोखे ढंग से मनाया रक्षाबंधन

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। रक्षाबंधन का त्योहार, भाई बहन के प्रेम का प्रतीक होता है। रक्षासूत्र के माध्यम से एक दूसरे की रक्षा का वचन दिया जाता है।यह परिवार रूपी मोतियों को एक सूत्र में पिरोने का पर्व भी है । रक्षाबंधन पर सुप्रसिद्ध स्केटिंग खिलाड़ी मेधा विरमानी ने इस पर्व का रूप ही बदल दिया। आजादी के अमृत महोत्सव और सावन भादो के वर्षा ऋतु में अपने भाइयों को तुलसी का पौधा भेंट किया और वचन लिया की आप तुलसी की रक्षा करो तो मेरी सुरक्षा स्वयं हो जायेगी। डा मनोज विरमानी की बेटी मेधा विरमानी, जो स्केटिंग के राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता है, ने परिवार में उपस्थित सभी बजुर्गो और बच्चो से तुलसी की रक्षा करने का वचन लिया। यदि तुलसी की मर्यादा रहेगी तो भारत की बेटियो की मर्यादा भी सुरक्षित रहेगी। उनकी इस पहल की सभी लोग सराहना कर रहे है। डॉ मनोज विरमानी एक आयुर्वेदाचार्य होने के साथ-साथ प्रकृति प्रेमी भी हैं। उन्होंने पेड़ पौधे खासकर औषधीय पौधों का एक बैंक बनाया है। उनके पौधा बैंक ने इस वर्ष 2100 तुलसी, 2100 गिलोय और 1100 घृत कुमारी का वितरण का लक्ष्य लिया है। कोई भी यहां से निशुल्क यह पौधे प्राप्त कर सकते है।

गांव पालवास की दो अवैध फैक्ट्रियां सील

भिवानी (अप्रस)। नगर योजनाकार विभाग द्वारा गांव पालवास में अवैध तरीके से निर्माण की गई दो फैक्ट्रियों को सील किया है। यह जानकारी देते हुए जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार अवैध निर्माण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि भिवानी-रोहतक मार्ग पर स्थित गांव पालवास में अवैध तरीके से निर्माण की गई दो फैक्ट्रियों को जिला प्रशासन द्वारा गठित की गई टीम ने सील किया है। इस टीम में ड्यूटी मजिस्ट्रेट, एसएचओ थाना सदर सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में किसी भी तरह की खरीदारी न करें। राज्य सरकार के निर्देशानुसार अनुसूचित सडक़ों की हरित पट्टी में किसी भी तरह का निर्माण/ खरीदारी करना अनुचित है।

विद्यार्थियों की संख्या हुई पूरी तो फिर से खुलेंगे बंद स्कूल : कंवर पाल

- सरकार ने आठ साल में 196 स्कूल बंद किए तो 66 दोबारा खोले

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा है कि विद्यार्थियों की संख्या के अभाव में जिन स्कूलों को बंद किया गया है अगर वहां बच्चों की संख्या पूरी होगी तो उन्हें दोबारा खोला जा सकता है। पिछले आठ वर्षो के दौरान प्रदेश में 66 ऐसे स्कूल हैं जिन्हें एक बार बंद करके दोबारा चालू किया गया है।

कंवर पाल ने प्रदेश में स्कूलों को बंद करने को लेकर चल रही अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि वर्तमान में सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले 8 वर्षों में उन स्कूलों को बंद किया गया जिनमें छात्रों की संख्या शून्य या छात्रों की संख्या 25 से कम थी।

उन्होंने कहा कि अगर ग्रामीण या ग्राम पंचायत इन स्कूलों में छात्रों की संख्या पूरी करवा देते हैं तो स्कूलों को पुन: शुरु कर दिया जाता है, जैसे इसी अवधि के दौरान 66 स्कूल बंद होने के बाद दोबारा शुरू किए गए हैं।

प्राइमरी स्कूल 179 व मिडल स्कूल 17 हैं । कुल मिलाकर 196 स्कूल बंद हुए हैं । कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश में पिछले 8 वर्षो में 641 स्कूलों को अपग्रेड किया गया है। अपग्रेड किए गए स्कूलों में 174 प्राइमरी से मिडल, 119 मिडल से सीनियर सेकेंडरी और 348 हाई स्कूल से सीनियर सेकेंडरी किए गए हैं।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 41 नए स्कूल खोले गए। राज्य में कुल 14,492 सरकारी विद्यालय हैं, जिसमें वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 2297(इन स्कूलों में 138 मॉडल संस्कृति स्कूल शामिल), उच्च विद्यालय 1037, मिडल विद्यालय 2416, प्राथमिक विद्यालय 8672, आरोही विद्यालय 36, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय 33 और लैब विद्यालय एक है।

सोमवार तक पूरी होगी रेशनलाईजेशन

शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि वर्तमान में दाखिला को आधार बनाकर अध्यापकों के ऑनलाइन ट्रांसफर शुरू किए गए हैं। जिसके लिए रेशनलाईजेशन की प्रक्रिया 15 अगस्त तक पूरी होने की संभावना है। इसलिए वास्तविक आवश्यकता के आधार पर रिक्तियों की संख्या केवल रेशनलाईजेशन प्रक्रिया सम्पूर्ण होने पर ही ज्ञात होगी।

प्रदेश में 7649 अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

कंवर पाल ने कहा कि स्कूलों में अध्यापकों के 7649 पदों को भरने के लिए आयोग को आग्रह भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले शैक्षणिक सत्र के अनुसार प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक , पीजीटी, टीजीटी, पीआरटी के कुल 1,26,136 पदों की आवश्यकता है, जिसमें से 90,156 पद भरे हुए हैं।

हरियाणा के 11 जिलों में कपास, बाजरा व मूंगफली की फसल बर्बाद : अभय

- पेंशन लागू करते समय नहीं रखी थी आय की शर्त
- देवीलाल के नाम पर वोट लेने वाले राह से भटके
- भूपेंद्र सिंह हुड्डा बने भाजपा के एजेंट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा कि अबकी बार बारिश ज्यादा होने के कारण प्रदेश के 11 जिलों में कपास, बाजरा, ग्वार और मूंगफली की फसलें तबाह हो गई हैं। किसानों ने काश्त कर अगली फसल की बिजाई की तैयारी कर ली है लेकिन सरकार ने अभी तक गिरदावरी या मुआवजे का आश्वासन तक नहीं दिया है।

गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में अभय चौटाला ने कहा कि बुढ़ापा सम्मान पेंशन स्वर्गीय चौ देवी लाल ने शुरू की थी और मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया बयान कि पेंशन लागू करते समय आय की शर्त रखी गई थी बिल्कुल बेबुनियाद है। हमने इस पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी दिया था लेकिन सरकार ने पोल खुलने के डर से उसे निरस्त कर दिया। जिन लोगों ने चौ देवी लाल के नाम पर वोट लिए और आज सरकार में मंत्री हैं उन्होंने पेंशन काटने पर एक शब्द भी नहीं कहा क्योंकि उन्हे डर था कि उनका मंत्री पद चला जाएगा। 25 सितंबर को सम्मान दिवस रैली में बुढ़ापा पेंशन काटे जाने पर बड़ा फैसला लेंगे और सरकार को पेंशन बहाल करने के लिए मजबूर करेंगे।

प्रदेश में बढ़ते नशे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा में इस पर खुल कर चर्चा की लेकिन सरकार की तरफ से कोई पुख्ता जवाब नहीं मिला। 2019 में मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर विस्तार से विवरण दिया था कि नशे के कारोबार में कौन लोग शामिल हैं और उनको किसका संरक्षण है लेकिन आज तक कोई जवाब नहीं आया। विधायकों समेत 416 लोगों को पुलिस सुरक्षा दिए जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने लोगों को वीआईपी बनाने और अपराधी किस्म के लोगों को सुरक्षा दे रखी है। विधान सभा में भाजपा गठबंधन सरकार जन संसाधन, पुलिस अमेंडमैंट जैसे बिल लेकर आई जो जनविरोधी थे जिनको हमारे विरोध के बाद वापिस लेना पड़ा।

जनता कॉलेज के स्वयं सेवकों ने चलाया हर घर तिरंगा अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कैथल, 11 अगस्त। बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल की राष्ट्रीय सेवा योजना (इकाई) के स्वयं सेवकों ने सरकार एवं प्रशासन के आह्वान पर प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल नेतृत्व में और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान में महाविद्यालय के सभी स्वयं सेवकों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए घर-घर जाकर तिरंगे के महत्व बताया व आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के बारे में लोगों को जागरूक किया। जागरूकता अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाने हेतु स्वयं सेवकों ने घर घर जाकर तिरंगें वितरित भी किए और लोगों को देश प्रेम के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि तिरंगा हमारी समृद्धि, देश प्रेम व गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह युवा पीढ़ी के माध्यम से ही हर घर तिरंगा कार्यक्रम का संदेश सहजता से समाज तक पहुंच सकता है। उन्होंने स्वयं सेवकों को अधिक से अधिक राष्ट्रीय ध्वज घर-घर वितरित करने को कहा ताकि लोग उत्साहित होकर राष्ट्रीय ध्वज को अपने अपने घरों पर लगाकर राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान कर सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेशानुसार हम सब भारतवासियों ने 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों के बाहर झंडा लहराना है।

सरस्वती तट पर श्रावणी पूजन किया

पिहोवा (अप्रस)। सरस्वती तट पर श्रावणी पूजन रक्षाबंधन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर ब्राह्मण समुदाय द्वारा श्रावणी पूजन किया गया । एक और पंडित विवेक पौलस्त्य ने पितृ तर्पण देव तर्पण ऋषि तर्पण के साथ साथ श्रावणी पूजन मंत्रोच्चारण करके कराया । वहीं दूसरी ओर पंडित विनोद बजरंगी ने देव ऋषि व पितृ तर्पण के साथ श्रावणी पूजन मंत्रोच्चारण के साथ कराया । इस मौके पर ब्राह्मण समाज द्वारा यज्ञोपवीत जनेऊ पूजन व सप्तऋषि पूजन भी किया व यज्ञोपवीत धारण किए। इस मौके पर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि राकेश पुरोहित अनुज आत्री विनोद पंचोली सुभाष पौलस्त्य जय भारत शर्मा संजय पौलस्त्य गौरव पौलस्त्य सहित ब्रहामण समाज के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

हर घर तिरंगा को लेकर लोगों मे भारी उत्साह : कैलाश भगत

बोले- कैथल शहर में चारों और दिखाई दे रहे हैं तिरंगे ही तिरंगे

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 11 अगस्त। सरकार द्वारा मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत वृहस्पतिवार को हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत कैथल की जनता मार्किट में पहुंचे और दुकानदारों से हर दुकान पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया। यहां कैलाश भगत के साथ-साथ नगर परिषद के चैयरमैन प्रतिनिधि सुरेश गर्ग नौच भी मौजूद रहे। यहां कैलाश भगत के आह्वान का असर साफ देखने को मिला और दुकानदारों ने अपनी दुकानों के ऊपर राष्ट्रभक्ति से ओत पोत होते हुए तिरंगा लगा रखा था। यहां जनता मार्केट के प्रधान हरिचंद मक्कड़ ने बताया कि कैलाश भगत के आह्वान को देखते हुए दुकानदार पूरी तरह हर घर तिरंगा अभियान में सरकार के साथ है।

कैलाश भक्त ने कहा देश के प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर लोगो द्वारा बड़े उत्साह से अपने घरों, दुकांनो और सभी बिल्डिंगों पर तिरंगा लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैथल की कई समाज सेवी संस्थायों द्वारा मुफ्त तिरंगे वितरित किये जा रहे है।उन्होंने कहा कि आज वह शहर के बाजारों के दौरा करते हुए पुरानी अनाज मंडी जनता मार्किट पहुचे तो सभी दुकांनो पर तिरंगा लगा हुआ था और दुकानदारों में तिरंगा लगाने को लेकर भारी जोश और उत्साह दिखाई दे रहा था।

कैलाश भगत ने कहा कि देश में पहली बार ऐसा हो रहा है जब हर घर में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा लहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1947 को हमारा देश आजाद हुआ था, हमें आजादी के उन रणबांकुरों को श्रद्धांजलि देते हुए तिरंगा लगाकर उन्हें याद रखना चाहिए। इस अवसर पर इंद्रजीत सरदाना, कृष्ण नारंग, नीरज मक्कड़ और जनता मार्केट के अन्य दुकानदार भी मौजूद थे।

कांग्रेस की भारत जोड़ों यात्रा 13 को निकलेगी

करनाल मानव सेवा संघ पार्क से शुरू होकर राम नगर पहुंचेगी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 11 अगस्त। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर करनाल जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा करनाल विधान सभा क्षेत्र मे 13 अगस्त को भारत जोड़ो यात्रा निकाली जायेगी इसकी तैयारियों के लिए पी डवल्यू डी रेस्ट हाउस मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक का आयोजन गया।

बैठक मे जिला प्रभारी तथा पूर्व विधायक लहरी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।इस अवसर पर बताया कि भारत जोड़ो यात्रा मे सबसे आगे तिरंगा ध्वज ले कर कांग्रेस कार्यकर्ता चलेगा। उसके पीछे कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस का झण्डा लेकर चलेंगे।यात्रा के लिए सुबह साढे नौ बजे करनाल मानव सेवा संघ पार्क (नजदीक करनाल बस स्टैंड) मे एकत्रित होंगे। वहाँ से शुरू हो कर बस स्टैंड, पुराना गोपी नाथ से वाल्मीकि चौक (कमेटी चौक), से होते हुए कर्ण गेट, सर्राफा बाजार, चौड़ा बाजार, सिटी थाने के सामने से होते बांसों गेट, पुरानी अनाज मंडी , नावल्टी रोड, कर्ण ताल पार्क से सदर बाजार, गांधी चौक, इब्राहिम मंडी चौक से , मूनक रोड पुल के नीचे से शिव कालोनी माता के मंदिर से होते हुए, शिव कालोनी, मैन बाजार होते हुए कैथल रोड से प्रेमनगर, मुख्यमन्त्री निवास से अग्घी पार्क के सामने से राम नगर मैन बाजार, से कछवा रोड से पुल के साथ घूम कर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद उषा तुली के निवास/ कार्यालय पर पहुंचेगी। इस यात्रा का यहाँ समापन होगा। जिला प्रभारी लहरी सिंह ने सभी कार्यकर्ता साथियो से समय पर पहुँच कर समापन तक साथ रहने की अपील की। इस अवसर पर जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, ओम प्रकाश सलूजा, जोगेंद् वाल्मीकि, धर्मपाल कौशिक, मनिंदर शेन्टी, जोगेंर्द चौहान, राजेंद्र पप्पी, भूपेंद्र लाठर, अरुण पंजाबी, राज किरण सहगल, एम एस महेंद्रु, सुरजीत सैनी, अंशुल चौधरी, अशोक जैन, जागीर सैनी, अनिल शर्मा, दिनेश सेन, राजेंद्र नम्बरदार, सुनेहरा वाल्मीकि,परम जीत वाल्मीकि,नरेश संधू, गगन मेहता, दया प्रकाश, जितेंद्र पंचाल, मीनू दुआ, दीपक गजोहडी, कृष्ण गहलोत आदि उपस्थित थे।

इस बार भी दुखदायी रही मुफ्त बस यात्रा

पिहोवा (अप्रस/पौलस्त्य)। रक्षा बंधन पर महिलाओ के लिए मुफत बस यात्रा इस बार भी दुखदायाी रही। जहां बसो की कमी के कारण बस अड्डे पर महिलाओ की भीड लगी रही वहीं प्राइवेट बस संचालको ने सरकारी आदेशो की धज्जियां उडाते हुए महिलाओ से जबरन पैसे वसूले। अनेक महिलाओ ने इस बारे बस अड्डा इन्चार्ज को शिकायत भी की। लिखित शिकायत में महिलाओ ने कहा कि उनसे न केवल जबरन पैसे वसूले गए बल्कि पुरानी टिकटे उन्हे थमा दी। विरोध करने पर बस खराब का बहाना बना कर उन्हे बीच रास्ते ही उतार दिया। जब इस बारे अड्डा इन्चार्ज सुरेन्द्र कुमार से बात की तो उन्होने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि महिलाओ के साथ धोखा किया गया है। महिलाओ को बीच रास्ते से सरकारी बस लेकर आई। महिलाओ की शिकायत को उच्चाधिकारियो के पास भेज दिया जाएगा।

सुलतान जडौला को कैथल व मेवा सिंह को कुरुक्षेत्र का जिलाध्यक्ष बनाने की मांग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 11 अगस्त। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड़ ने विधायक दल नेता चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान के सामने अपनी राय रखते हुए पूर्व मंत्री सुल्तान सिंह जड़ौला को कैथल का जिलाध्यक्ष बनाने का सुझाव दिया। पूर्व मंत्री और रोड़ समाज से होने के कारण सुल्तान सिंह के नाम पर कैथल जिले से संबद्ध कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला, चौ. जयप्रकाश जेपी, चौ. दिल्लू राम बाजीगर भी सहमत हो जाएंगे। कुरुक्षेत्र के लिए सुरेश रोड़ ने लाडवा से विधायक चौ. मेवा सिंह को सबसे उपयुक्त नाम बताया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला से संबद्ध कांग्रेस के दिग्गज नेता अशोक अरोड़ा और हरमिंदर सिंह चट्ठा भी मेवा सिंह के विधायक और जाट समाज से होने के कारण पार्टी हित में सहमत होंगे और जिले भर के जाट मतदाताओं का समर्थन भी पार्टी को हासिल होगा। वहीं सुरेश रोड़ ने थानेसर नीलोखेड़ी और असंध से रोड़ समाज से ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने की मांग भी हरियाणा कांग्रेस नेतृत्व के सामने पार्टी हित में रखी। सुरेश रोड़ ने कहा कि वे प्रदेश प्रवक्ता और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दी गई डीआरओ और एआईसीसी ऑब्जर्वर की भूमिका निभाते हुए जिलाध्यक्ष के लिए पूरा समय निकालेंगे।

रक्षाबंधन सांस्कृतिक पर्व है : साध्वी किरण

अर्थ प्रकाश/विनोद अरोड़ा

कालावाली, 11 अगस्त। रक्षाबंधन सांस्कृतिक पर्व है जिसमें हमारी संस्कृति की बू आती है यह प्रवचन आज महा साध्वी उत्तर भारतीय प्रवर्तनी श्री सुधा जी महाराज साहब जी की सुशिष्या पंजाब वीरांगना कोकिल कंठी सरस्वती पुत्री श्री किरण जी महाराज साहब ने जैन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहे उन्होंने फरमाया कि मेरा भारत महान क्यों है उन्होंने कहा कि विश्व में जहां सभ्यता की बात आएगी संस्कारों की बात आएगी उच्च श्रेष्ठ आचरण की बात आएगी दूसरे देश देशों के लोग हमें ओवरटेक नहीं कर सकते क्योंकि भारत के संस्कृति के पास जो अनमोल दौलत है वह उन लोगों के पास नहीं है इस मौके पर महा साध्वी श्री ने कहा कि हमारे जीवन के बीच में सूर्य उदय की बेला त्योहारों की बेला इन्हीं ने हमें जिंदा रखा हुआ है भले ही अंग्रेज लोग हमारे दिलों दिमाग में अमिट छाप छोड़ गए हैं लेकिन फिर भी हमारी संस्कृति को जड़ से नहीं निकाल पाए उन्होंने फरमाया की बंधन किसी को अच्छे नहीं लगते लेकिन कुछ बंधन ऐसे होते हैं जो मिठास और प्रेम का बंधन है।

उन्होंने फरमाया की रक्षाबंधन का अर्थ जिसे आप दिल से प्रेम करते हैं जो कि आज भाई और बहन तक ही सीमित रह गया है अगर हम इतिहास के पन्ने पलट कर देखें आप सुनकर हंसोगे की पहले पत्नी अपने पति की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती थी। इस मौके पर मंत्र द्वारा सिद्ध किए गए रक्षा सूत्र भी वितरित किए गए इस मौके पर राखी प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया जिसमें तमन्ना जैन को प्रथमपुरस्कार मिला इसके अलावा द्वितीय पुरस्कार ज्योति जैन तथा तृतीय पुरस्कार नवी जिंदल को मिला इसके अलावा सभी प्रतियोगियों को साथ सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए इस मौके पर महा साध्वी डॉक्टर प्रीति जी महाराज साहब श्री भारती जी महाराज साहब श्री भाविका जी महा राज साहब श्री आराधना जी महाराज साहब श्री देशना जी महाराज साहब श्री ऋषि का जी महाराज साहब श्री आनंदिता जी महाराज साहब के इलावा बैरागन चंदन जैन जैन सभा के प्रधान संदीप जैन राकेश जैन राजेंद्र जैन भूषण जैन मक्खन जैन नरेश जैन पवन पंप वाले सुखराम पारस जैन विनोद जैन महिला मंडल की प्रधान निर्मला जैन उषा जैन तनुजा जैन बबली जैन मीनू जैन अंजू जैन सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

बहनों ने बर्खास्त पीटीआई के धरना स्थल पर जाकर बांधी राखी

भिवानी (अप्रस)। दुनिया में सबसे पवित्र रिश्ता भाई-बहन के बीच अटूट स्नेह का है। इस अटूट स्नेह के प्रतीक के तौर पर ही रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। लेकिन पिछले दो वर्षो से धरने पर अपनी बहाली की मांग कर रहे बर्खास्त पीटीआई इस बार अपनी बहन से राखी बंधवाने के लिए भी तरसते नजर आएं। उधर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए उनका इंतजार करती रही तो दूसरी तरफ भाई धरने पर बैठ अपनी बहाली की मांग करते रहे। जिसके बाद बहनों ने धरनास्थल पर जाकर अपने भाईयों को राखी बांधी तथा सरकार से उनकी बहाली की गुहार लगाई। अपनी बहाली की मांग को लेकर बर्खास्त पीटीआई का धरना वीरवार को रक्षाबंधन के दिन 787वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए पीटीआई बलजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की हठधर्मिता के कारण आज बर्खास्त पीटीआई अपनी बहनों से राखी तक बंधवाने नहीं जा पाए।

डिमांड | कैथल में नई जेल बनाने की भी मांग

विधायक लीलाराम ने विधानसभा में मल्टीपल पार्किंग और सिटी स्क्वेयर सेंटर की उठाई मांग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 11 अगस्त। विधायक लीलाराम ने विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन कैथल हल्के की मांगों को विधान सभा पटल पर रखा। विधायक लीलाराम ने मांग की है कि कैथल शहर में नई सब्जी मंडी जल्दी ही बनाई जाए । इसके जवाब में कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि कुछ कागजी औपचारिकताएं बाकी है और जल्दी ही कैथल में नई सब्जी मंडी बनाई जाएगी।

विधायक लीलाराम ने कैथल में पत्रकारों से बता करते हुए बताया कि यह सब्जी मंडी कैथल की तीसरी नई अनाज मंडी के अंदर ही 20 एकड़ में बनाई जाएगी। शहर से बाहर होने की वजह से किसानों को मंडी में आने और जाने में बहुत सुविधा होगी। विधायक ने कहा की इसके साथ ही कैथल शहर में नई जेल बनाने का प्रपोजल भी विधानसभा में भेजा है। इस पर सरकार ने कहा है कि जल्दी ही इस पर विचार करके कैथल जिले में नई जेल बनाने का काम करेंगे। विधायक लीलाराम ने बताया कि मौजूदा जेल शहर के पॉश इलाके में आ गई है, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से वहां पर यह जेल ठीक नहीं है। जेल के आस पास के लोगो को भी दिक्कत होती है। विधायक ने कहा कि कैथल शहर से बाहर इस जेल को शिफ्ट करने के लिए उन्होंने सरकार से मांग की है कि शहर को आधुनिक जेल मिलनी चाहिए जो सुरक्षा के लिहाज से सही हो।

लीलाराम ने कहा कि कैथल शहर में प्रतापगेट से लेकर के बाईपास तक की सड़क को फोरलेन किया जाए। क्योंकि यह बहुत ही भीड़भाड़ वाला इलाका है और बहुत ही व्यस्त मार्ग है इसके अलावा शहर में लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए अभी भी बहुत सी लाइटें ठीक नहीं चल रही हैं। विधायक ने मांग की है कि कैथल शहर में भीड़भाड़ वाले इलाके में मल्टीपरपज पार्किंग बनाई जाए। जिसका पहले भी जिक्र हो चुका है पर इस पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। विधायक ने मांग की है कि इस पर जल्दी से काम शुरू करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्षो से बंद पड़े सिटी स्कवेयर सेंटर का काम भी शुरू करवाया जाए। इसमें ठेकेदार द्वारा जो भी अनियमितताएं हुई है उसको निपटा करके इसका काम दोबारा से शुरू करवाने के बारे में विधायक ने सरकार से मांग की है और कैथल जिले की सबसे बड़ी मांग जिसका देश के गृह मंत्री अमित शाह ने शिलान्यास भी किया है, मेडिकल कॉलेज पर काम जल्दी से शुरू करवाया जाए। सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्दी ही इस पर काम शुरू करवाया जाएगा और जनता को मेडिकल कॉलेज की सुविधाएं जल्दी ही मिलेंगी। इस मौके पर उनके साथ चेयरमैन ज्योति सैनी, हरपाल शर्मा, सुभाष बाता, रामकुमार नैन आदि भी उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

कालका से आजादी की गौरव यात्रा आज: मान

कालका (अप्रस/जग्गी)। कुमारी सैलजा जी सदस्य, कांग्रेस कार्यसमिति सी.डब्ल्यू. सी. पूर्व अध्यक्ष, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी व पूर्व केंद्रीय मंत्री कल दिनांक 12 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 3.30 बजे भारत की आ?ादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर काली माता मंदिर, कालका से पिंजौर गार्डन तक 'आजादी की गौरव यात्रा' में सम्मिलित होंगी। यह जानकारी कांग्रेस ब्लाक पूर्व अध्यक्ष नरेश मान ने आज सांय दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में हलका कालका विधायक भाई प्रदीप चौधरी जी व अन्य दिग्गज नेता और भारी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। मान ने सभी साथियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अपने अन्य साथियों के साथ अधिक से अधिक संख्या में इस पद यात्रा में शामिल हो।

कालका पिंजौर में गंदगी का साम्राज्य

कालका (अप्रस/जग्गी)। बड़े दुखी हृदय से कहना पड़ रहा है कि कालका हो या फिर पिंजौर दोनों शहर सफाई की बदहाली का शिकार है। कांग्रेस महिला प्रदेश महासचिव पवना कुमारी ने कहा कि दोनों शहरों में कूड़े के ढेर देखे जाना आम बात हो गयी है। नगर परिषद चुनाव को सम्पन्न हुये एक महीने से भी ऊपर दिन होने लगे हैं लेकिन गंदगी का साम्राज्य ज्यों का त्यों बरकरार है। क्या नगर परिषद के खाली कागजों में स्वच्छ भारत अभियान को ही दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कालका काली माता मंदिर की सीमा से आरंभ होकर नगर परिषद सूरजपुर तक सड़क के दोनों तरफ फैली गंदगी का बुरा हाल है। जैसा कि सभी जानते ही हैं कि इन दिनों डेंगू की बिमारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नगर परिषद के 31 वार्डों में से अधिकांश वार्डों में अभी तक फागिंग नही करवाई गई है।

12 पेटी अवैध देसी शराब काबू, आरोपी फरार

नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)। पुलिस ने सूचना के आधार पर एक आरोपी की कार से 12 पेटी देसी अवैध शराब बरामद की है। आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा। मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध शराब का धंधा करता है। वह व्यक्ति अवैध शराब भरकर अपनी कार में सैक्टर 04 हुडडा मे दो मरले वाले मकानो की ओर बने पार्क के पास बैठा है। अगर तुरन्त रेड की जाये तो आरोपी अपनी कार में रखी अवैध शराब सहित काबू आ सकता है। जब पुलिस कर्मचारी हुडडा मे दो मरले वाले मकानो की ओर बने पार्क के पास पहुंचे तो आरोपी पुलिस पार्टी को अपनी ओर आता देखकर एक दम अपनी कार से उतर कर भाग गया। उसका पीछा किया गया लेकिन वह काबू न आ सका। मौके पर मिली कार की तलाशी लेने पर उसमें से 12 गत्ता पेटी ताजा माल्टा बरामद हुई। आरोपी कुलदीप के खिलाफ धारा 61-4-20 एक्साइज एक्ट 2020 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील)। नारायणगढ़ में रक्षा बंधन पर्व बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। बहनें सुबह-सुबह ही अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए तैयार होकर बैठ गई। अपने भाईयों के लिए तिलक, मिठाई लेकर बहनें सुबह सुबह ही तैयार थीं। भाई भी बहनों के लिए सुन्दर सुन्दर उपहार लेकर बैठे थे। विवाहिता बहनें अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए सुबह ही बस स्टेंड पर खड़ी नजर आई ताकि वे अपने भाईयों के पास जाकर उन्हें राखी बांध सकें। नगरपालिका चेयरपर्सन रिंकी वालिया ने भी बेहद खास अंदाज में राखी मनाई। वे इस त्योहार पर सुबह ही ब्रह्मकुमारी आश्रम पहुंच गई और वहां जाकर उन्होंने ब्रह्मकुमारी बहनों को जाकर रक्षा बंधन की बधाई दी। आश्रम संचालिका बहन बी.के. हरदीप जी एवं अन्य बहनों ने भी उनका जी भरकर सत्कार किया। उनके साथ उनके पति पूर्व चेयरमैन अमित वालिया भी थे। ब्रह्मकुमारी बहनों ने उन्हें राखी बांधी एवं रक्षा बंधन का महत्व बताया। रिंकी वालिया एवं उनके पति अमित वालिया ने भी ताउम्र बहनों की रक्षा करने का वचन दिया।

छात्रों को आजादी के पर्व की दी शुभकामनाएं

रादौर (अप्रस)। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता व ब्लाक समिति के निवर्तमान चेयरमैन शशि दुरेजा ने शारदा गुरुकुल कलेसरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से मिलकर उन्हें आजादी के पर्व की शुभकामनाएं दी और छात्रों को तिरंगे वितरित किए। शशि दुरेजा ने कहा कि आजादी का पर्व इस वर्ष पूरे देश में धुमधाम से मनाया जा रहा है। क्योंकि इस वर्ष हम आजादी के 75 वर्ष पूरे कर रहे है। यह प्रत्येक देशवासी के लिए गौरव की बात है। इसलिए सरकार की ओर से हर घर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें हम सभी को अपनी सहभागिता निभानी है और देश के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करनी है। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमें शहीदों की कुर्बानी के कारण मिली है यह बात हमें कभी भूलनी नहीं चाहिए और हमें हमेशा शहीदों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थापक सुशील कुमार, जयपाल आर्य, ममता रानी व मोनिका कांबोज इत्यादि मौजूद रहे।

गांव से विधवा महिला गायब

रादौर (अप्रस)। क्षेत्र के एक गांव से एक विधवा महिला अपनी बहन के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वापिस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला की सास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे 2020 में हो गई थी। उसकी पत्नी उनके साथ ही रह रही थी। गत दिवस वह अपनी बहन के घर जाने की बात कहकर गई थी। जब वह अपनी बहन के पास पहुंची तो वहां से भी वह दो दिन तक कहीं जाने की बात कहकर चली गई लेकिन वापिस नहीं लौटी। उन्होंने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

आजादी का अमृत महोत्सव

तिरंगा यात्रा में गृह मंत्री ने लगाए 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अम्बाला, 11 अगस्त। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा अम्बाला छावनी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज देशभक्ति के रंग में रंगे दिखे और उन्होंने पूरी यात्रा के दौरान हाथ में तिरंगा थामे रखा। श्री विज यात्रा में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाकर जोश का संचार भी किया। गुरूवार को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से आरंभ की गई यात्रा में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा आम जनता ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। समूचा शहर यात्रा के दौरान तिरंगामय हो गया। घरों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर लोगों ने तिरंगे लगाकर जगह-जगह यात्रा का जोरदार स्वागत फूलों की बरखा एवं रंग-बिरंगी आतिशबाजी से किया। दोपहर रेस्ट हाउस से प्रारंभ हुई यात्रा कैपिटल चौक, राय मार्केट, विजय रतन चौक, सदर बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, पुल चमेली, कसेरा बाजार, कबाड़ी बाजार, गुरू नानक चौक, फुटबाल चौक से होती हुई अग्रवाल धर्मशाला पर देर शाम संपन्न हुई। यात्रा का जबरदस्त उत्साह पार्टी कार्यकर्ताओं एवं लोगों में देखने को मिला और पूरी यात्रा में वह देशभक्ति गीतों की धुनों पर वह जमकर झूमें।

हाथ में तिरंगा थामे गृह मंत्री अनिल विज पैदल भी चले

तिरंगा यात्रा के दौरान गृह मंत्री अनिल विज हाथ में तिरंगा थामकर काफी समय तक यात्रा में पैदल भी चले। उन्होंने जगह-जगह रूक कर दुकानदारों को आजादी के इस अमृत महोत्सव की बधाई दी और उनका अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि आजादी के इस उत्सव में वह भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। बाजारों में कई स्थानों पर गृह मंत्री अनिल विज को दुकानदारों ने फूलों के हार पहनाकर एवं फूलों की बरखा कर उनका स्वागत भी किया।

तिरंगा मय हुआ अम्बाला, लोगों ने उत्साह से हिस्सा लिया

यात्रा के दौरान गृह मंत्री अनिल विज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अमृत महोत्सव मनाने का आह्वान किया है और इसी के तहत समूचे देश में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसी क्रम में अम्बाला छावनी में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें समूचा अम्बाला छावनी तिरंगा मय हो गया और सभी तरफ तिरंगे ही तिरंगे नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि ब?ी संख्या में लोग तिरंगा लेकर घरों से निकले। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सारे देश को एक सूत्र में पिरोना चाहते हैं। हमारे देश में अलग-अलग प्रांत, अलग-अलग भाषा एवं रीति-रिवाज है, सारे देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए तिरंगे से ज्यादा कोई चीज नहीं हो सकती, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने तिरंगा यात्रा निकालने एवं हर घर तिरंगा लहराने का आह्वान किया है और शहर में लोग अपने घरों, दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगा रहे हैं। वहीं, पत्रकारों के सवालों पर जवाब देते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है और विपक्ष को हर चीज में पेट में दर्द होती है। तिरंगा सभी का सांझा है और इस उत्सव को मनाने, तिरंगा यात्रा निकालन या तिरंगा लहराने का सभी को अधिकार है और हमने किसी को भी इसके लिए मना नहीं किया है।

छह किलोमीटर से ज्यादा रूट तिरंगा यात्रा का, कहीं फूल बरसाए तो कहीं आतिशबाजी

तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने तिरंगों के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छह किलोमीटर से ज्यादा तिरंगा यात्रा का रूट था और बाजारों में जगह-जगह तिरंगा यात्रा का बाजारों के दुकानों एवं अन्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कहीं यात्रा के स्वागत में फूल बरसाए गए तो कहीं जमकर आतिशबाजी हुई। दुकानों ने आजादी के इस अमृत महोत्सव में शरीक होते हुए अपने-अपनी दुकानों पर भी तिरंगे लगाए गए थे जोकि आकर्षण का केंद्र रहा।

आजादी के अमृत महोत्सव बड़े स्तर पर मनाने का निर्णय

रादौर (अप्रस)। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत इस वर्ष आजादी का पर्व बड़े स्तर पर सरकार व प्रशासन की ओर से मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए हर घर तिरंगा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि हर घर की छत पर तिरंगा लहरा सके। लेकिन प्रशासन की ओर से तिरंगा पहुंचाने का जो कार्य किया जा रहा है उसमें खानापूर्ति की जा रही है। प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाए जा रहे तिरंगे में न तो साइज का ध्यान रखा जा रहा है और न ही उसकी गुणवत्ता का। इतना ही नहीं तिरंगे में डंडा लगाने के लिए जगह भी नहीं बनाई गई है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर केवल एक वार्ड को ही चिह्नित कर अपने कार्य की इतिश्री प्रशासन की ओर से कर ली गई है। जबकि अन्य वार्डों में केवल 10-10 तिरंगे भेजकर अपने कार्य की इतिश्री पूरी कर ली गई। जबकि हर घर तिरंगा पहुंचाने की बात प्रशासन की ओर से की जा रही है। ऐसे में न केवल रादौर के पार्षदों में रोष है बल्कि लोगों ने भी इस पर आपत्ति जताई है।

सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर निकाली तिरंगा रैली, मेयर ने रिबन काट किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आरके जैन

यमुनानगर, 11 अगस्त। पुराना हमीदा से बुधवार को सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर तिरंगा रैली निकाल शांति और सौहार्द का संदेश दिया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा रैली का मेयर मदन चौहान ने रिबन काटकर रवाना किया। हमीदा से शुरू हुई तिरंगा रैली सहारनपुर रोड, रादौर रोड, रेलवे रोड व शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई निकली। रैली में शहर थाना प्रभारी कमलजीत सिंह, हमीदा चौकी इंचार्ज, ट्रैफिक पुलिस, रैली का शहर के विभिन्न स्थानों पर शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रैली में हमीदा की पीस कमेटी के सदस्य मोहम्मद हाशिम व जंगशेर समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। मेयर मदन चौहान ने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई भाई। यह नारा हम लंबे समय से सुनते आ रहे है। इस नारे को पुराना हमीदा से निकाली गई रैली ने कृतार्थ करके दिखाया है। जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म के लोगों ने शामिल होकर भारत माता के प्रति देशभक्ति की भावना को दर्शाया। मेयर चौहान ने कहा कि हम सबने 15 अगस्त तक अपने घरों, दुकानों, फैक्ट्रियों व अन्य स्थानों पर तिरंगा फहराना है। पीस कमेटी के सदस्य मोहम्मद हाशिम ने कहा कि हमारे देश को 75 वर्ष पूरे हो चुके है।

160 ग्राम हैरोइन सहित दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अंबाला, 11 अगस्त। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशानुसार मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सी0आई0ए0-2 अम्बाला के पुलिस दल को मिली भारी सफलता

अम्बाला 11 अगस्त 2022 पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 10 अगस्त 2022 को सी0आई0ए0-2 अम्बाला के पुलिस दल ने सूचना के आधार पर उप-निरीक्षक विरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी विजय उर्फ बिहारी निवासी राणा कम्पलैक्स झुग्गी बस्ती थाना महेशनगर बब्याल अम्बाला छावनी व अरविन्द उर्फ शेरू निवासी बी0सी0 बाजार अम्बाला छावनी को 160 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर थाना प?ाव में मामला दर्ज किया। आरोपियों का न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का रिमाण्ड मंजूर हुआ।

10 अगस्त 2022 को सी0आई0ए0-2 अम्बाला के पुलिस दल को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं और आज दिल्ली से हैरोइन लाकर सैक्टर-34 हुडडा जिला अम्बाला में सप्लाई करेंगे। गुप्त सूचना के आधार पर सी0आई0ए0-2 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पड़ाव क्षेत्र सैक्टर-34 हुडडा अम्बाला छावनी के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान सन्दिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चैकिंग करते समय कार सवार आरोपियों की कार रूकवाकर तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों से अलग-2 80-80 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान विजय उर्फ बिहारी निवासी राणा कम्पलैक्स झुग्गी बस्ती थाना महेशनगर बब्याल अम्बाला छावनी व अरविन्द उर्फ शेरू निवासी बी0सी0 बाजार अम्बाला छावनी के रूप में हुई जिन्हें हैरोइन सहित गिरफ्तार कर थाना पड़ाव में मामला दर्ज किया गया।

अग्रवाल समाज के बुजुर्गो को सम्मानित करेगा अग्रवाल वैश्य समाज: बंसल

- पूरे हरियाणा में 11 हजार बुजुर्गों को सम्मानित करने का लक्ष्य

अर्थ प्रकाश/ हरजीत सिंह जग्गी

कालका, 11 अगस्त। अग्रवाल वैश्य समाज छत्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष दीपांशु बंसल एडवोकेट ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिक रत्न सम्मान समारोह के अंतर्गत हर विधानसभा क्षेत्र में 100 बुजुर्गो को सम्मानित किया जाएगा। इस तरह राज्य में 11000 बुजुर्गों को सम्मानित करने के लक्ष्य के साथ लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करवाने का प्रयास है।इसी कड़ी में 21 अगस्त 2022 को होटल रौनक पिंजौर में सुबह 11 बजे इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए पंजीकरण करने हेतु 8607883067 पर संपर्क करके 14 अगस्त 2022 तक फार्म भरना अनिवार्य है।

दीपांशु ने बताया कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।हमारे वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के सम्मानीय अंग हैं। उनका सम्मान हमारी सामाजिक सभ्यता का परिचायक हैं जिसे देखते हुए अग्रवाल वैश्य समाज ने आगामी 21 अगस्त को वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।सम्मान के लिए आयु निर्धारण 70 वर्ष या उससे अधिक का रखा गया है। 70 वर्ष से कम या फिर मरणोपरांत वरिष्ठजनों को ये सम्मान नहीं दिया जाएगा। इसलिए सम्मान के केवल 70 वर्ष की आयु या उससे अधिक उम्र पार कर चुके वरिष्ठ नागरिकों को ही दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए, आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर व सम्पूर्ण पता अनिवार्य रखा गया है और ये सम्मान केवल वैश्य/अग्रवाल वैश्य जनों को ही दिया जायेगा।

हथिनी कुंड बैराज पर उफान पर यमुना

- हरियाणा और दिल्ली के कई क्षेत्रों में अलर्ट

अर्थ प्रकाश/राकेश भारतीय

यमुनानगर, 11 अगस्त। यमुनानगर के हथिनी कुंड बैराज पर बृहस्पतिवार को साल 2022 के बरसाती सीजन का सबसे ज्यादा पानी आंका गया है। सुबह करीब 6 बजे यहां जब पानी की मात्रा 76795 क्यूसेक थी जोकि उत्तर प्रदेश और हरियाणा को डाइवर्ट की जाने वाली नदियां बंद करके, बड़ी यमुना नदी में दिल्ली की तरफ पानी को डायवर्ट किया गया. जलस्तर सुबह 8 बजे जहां 182295 क्यूसेक आंका गया था तो वहीं 9 बजे तक यह बढ़कर 1,87,000 क्यूसेक तक पहुंच गया था. वहीं 12 बजे तक यमुना नदी में 191698 क्यूसेक पहुंच चुका है जिसके बाद लगातार यमुना नदी में जलस्तर बढ़ रहा है।

उत्तराखंड और हिमाचल की पहाड़ियों से निकलकर हथिनी कुंड बैराज पर मैदानी इलाकों में पहुंचने वाली यमुना नदी बृहस्पतिवार को सुबह से ही उफान पर है। यमुना नदी में सुबह 6 बजे 76795 क्यूसेक पानी क्रॉस कर गया था ,जिसके बाद वेस्टर्न यमुना कैनाल और इस्टर्न यमुना कैनाल को बंद कर बड़ी यमुना के गेट खोल दिए गए। इसके बाद लगातार जलस्तर बढ़ते हुए करीब 187000 क्यूसेक तक पहुंच गया। वहीं 12 बजे तक 191698 क्यूसेक पानी पहुंच चुका है।

बता दें कि जब यमुना नदी में 70,000 क्यूसेक से ऊपर पानी आ जाता है तो मिनी फ्लड घोषित कर दिया जाता है और उत्तर प्रदेश और हरियाणा की तरफ डायवर्ट होने वाली नदियां बंद कर दी जाती है और दिल्ली की तरफ जाने वाली यमुना नदी में पानी डायवर्ट कर दिया जाता है। वहीं 70,000 क्यूसेक पानी आने पर मिनी फ्लड घोषित कर दिया जाता है तो वहीं ढाई लाख क्यूसेक पानी आने पर हाई फ्लड घोषित कर दिया जाता है ,जिसके बाद मैदानी इलाकों व खेतों और कई गांव में बाढ़ का खतरा बन जाता है और अलर्ट घोषित कर दिया जाता है। हालांकि अभी तक फ्लड घोषित नहीं किया गया है लेकिन जिस तरह अधिकारियों ने बताया है कि पहाड़ी इलाकों में लगातार बरसात हो रही है और हो सकता है कि जल स्तर और बढ़ जाए फिलहाल देखने वाली बात यह होगी कि यमुना में उफान पर आई यमुना नदी इस बार कितना असर दिखाती है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि पानी दो लाख क्यूसेक को क्रॉस कर सकता है।

दूसरी और सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर सिंचाई विभाग आर एस मित्तल ने कहा कि बड़े पानी को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है।विभाग द्वारा पल पल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

खेल

पदक के साथ घर लौटना खास अनुभव: संगीता कुमारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली, 11 अगस्त। बर्मिंघम 2022 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी संगीता कुमारी ने अपने पहले राष्ट्रमंडल अनुभव के बारे में कहा कि एक पदक के साथ घर लौटना 'बेहद खास अनुभव था।'

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के कांस्य पदक मैच में पिछली बार की स्वर्ण पदक विजेता न्यूजीलैंड को हराकर राष्ट्रमंडल पदक के 16 साल के सूखे को समाप्त किया था।

20 वर्षीय संगीता ने इसके बारे में कहा, 'एक पदक के साथ घर लौटना बेहद ही खास एहसास है। घर में त्योहार जैसा माहौल है। हमारे गांव में सभी लोग बेहद खुश और उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि यह झारखंड के लिये गौरव का क्षण है। मेरा खयाल है कि पोडियम पर खड़े होने के अनुभव को भूलने में कुछ समय लगेगा।'

उन्होंने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने के बारे में कहा, 'मैं पहले-पहल काफी दबाव में थी, लेकिन टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने कहा कि इस तरह महसूस करना आम बात है, खासकर एक बड़े खेल आयोजन में।' मैं उनके समर्थन की आभारी हूं।'

भारतीय टीम ने बर्मिंघम 2022 खेलों में अपने अभियान की शुरुआत पूल-ए में घाना के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ की थी। इसके बाद उन्होंने वेल्स (3-1) पर जीत दर्ज की, लेकिन इंग्लैंड (1-3) से हार गये। इसके बाद टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये इंग्लैंड को करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी थी।

सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन देने के बावजूद टीम शूटआउट में 0-3 से हार गयी थी। सविता पूनिया की टीम ने इस निराशाजनक नतीजे से उबरते हुए कांस्य पदक मैच में न्यूजीलैंड को शूटआउट (2-1) में मात दी।

संगीता ने सेमीफाइनल की हार के बारे में कहा, 'हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन दुर्भाग्यवश नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा। आसान शब्दों में कहूं तो वह हमारा दिन नहीं था। बहरहाल, हमें ऑस्ट्रेलिया के प्रदर्शन को नहीं भूलना चाहिये जो शानदार था। हम इन नतीजों से निराश हैं लेकिन अपनी गलतियों से सीखकर भविष्य में बेहतर करना चाहते हैं।'

झारखंड की युवा खिलाड़ी ने अपने भविष्य के बारे में कहा, 'मैं इस युवा उम्र में यह अवसर पाकर बेहद खुश हूं। मैं जानती हूं कि मुझे अपने खेल पर काम करने की जरूरत है। मुख्य कोच और अपने टीम के साथियों की मदद से मैं अपने कौशल को सुधारते हुए टीम की नियमित सदस्य बनने पर काम कर रही हूं।'

रॉस टेलर ने न्यूजीलैंड क्रिकेट में नस्लवाद का आरोप लगाया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

वेलिंगटन, 11 अगस्त। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने अपनी आत्मकथा 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आरोप लगाया है कि उन्हें अपने करियर के दौरान नस्लवाद का सामना करना पड़ा था।

टेलर ने अपनी किताब में लिखा है कि "न्यूजीलैंड में क्रिकेट गोरे लोगों का खेल था", जिसका कुछ हिस्सा न्यूजीलैंड हेराल्ड ने गुरुवार को प्रकाशित किया।

न्यूजीलैंड हेराल्ड के अनुसार टेलर ने लिखा, 'अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में मैं एक अपवाद था। गोरे लोगों की टीम में एक सांवला चेहरा। इसके साथ चुनौतियां जुड़ी होती हैं, जिनमें से कई आपकी टीम के साथियों या क्रिकेट देखने वाली जनता को नहीं दिखतीं। क्योंकि क्रिकेट में पोलिनेशियन समुदाय का प्रतिनिधित्व बेहद कम है, मुझे आश्चर्य नहीं होता था जब लोग मुझे माओरी या भारतीय समझ लेते थे।'

इसी साल क्रिकेट से रिटायर हुए टेलर अपनी मां की तरफ से समोआ से संबंधित थे। उनका कहना है कि उनके साथ होने वाली नस्लवादी टिप्पणियों को ज्यादातर 'मज़ाक' ही समझा जाता था।

उन्होंने कहा, 'कई मायनों में, ड्रेसिंग रूम मजाक का मापदंड होता है। टीम का एक साथी मुझसे कहता था, 'रॉस, तुम आधे अच्छे आदमी हो, लेकिन कौन सा आधा हिस्सा अच्छा है? आप नहीं जानते कि मैं कौनसे हिस्से को अच्छा कह रहा हूं।' मुझे पूरा यकीन था कि मैं जानता था। अन्य खिलाड़ियों को भी अपनी जातीयता पर आधारित टिप्पणियां बर्दाश्त करनी होती थीं।'

टेलर ने कहा, 'जाहिर है, एक पाकेहा [न्यूजीलैंड का श्वेत व्यक्ति] इस तरह की टिप्पणियों को सुनकर सोचता होगा, 'ओह, यह ठीक है, यह सिर्फ एक मजाक है।' लेकिन वह इसे गोरे व्यक्ति के रूप में सुन रहा है और यह मजाक उसके जैसे लोगों के साथ नहीं हो रहा। इसलिए, इस पर कोई ऐतराज नहीं जताता था। कोई उन्हें समझाता नहीं था।'

2006 में अपने करियर की शुरुआत करने वाले टेलर ने आगे सवाल किया, 'आप सोचते हैं कि क्या ऐसे लोगों से बात करनी चाहिये, मगर फिर यह चिंता रहती है कि कहीं आप कोई बड़ी समस्या न खड़ी कर दें, या आप पर मजाक को नस्ल से जोड़ने का आरोप न आ जाये। इस सब बातों को नजरंदाज करना और इनका आदी हो जाना आसान है, लेकिन क्या यह करना ठीक है?' टेलर ने 16 साल के अपने करियर में न्यूजीलैंड के लिये 112 टेस्ट, 236 एकदिवसीय और 102 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

न्यूज़ ब्रीफ

बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

चंडीगढ़ (अप्रस)। यूटी पुलिस के साइबर सेल पुलिस ने बैंक में नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता मलोया के रहने वाले दिलबाग सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ रहता है। उसे 12 जुलाई को शिकायतकर्ता के मोबाइल नंबर पर अज्ञात की कॉल आई। जिसने शिकायतकर्ता को कहा कि वह सुपरवाइजर सेक्टर 40 के एक बैंक में नौकरी करना चाहता है तो शिकायतकर्ता को नौकरी की तलाश थी तो उसने तुरंत जॉब के लिए हां कर दी। शिकायतकर्ता को उसके डॉक्यूमेंटस उसके मोबाइल नंबर पर भेजने के लिए कहा। शिकायतकर्ता ने अपने डॉक्यूमेंट उसके मोबाइल नंबर के व्हाट्सएप पर भेज दिए। अज्ञात ने शिकायतकर्ता को झांसे में लेकर कहा कि 2 हज़ार रुपए प्रोसेसिंग फीस देनी होगी। शिकायतकर्ता ने गूगल पे के जरिए 2 हजार रुपए खाते में डाल दिए। उसके बाद अलग-अलग फीस देने के नाम पर शिकायतकर्ता ने कुल 48 हज़ार 270 रुपए अज्ञात के खाते में डाल दिए। जब कुछ दिन बीत जाने के बाद उससे संपर्क किया तो उन्होंने संपर्क करना बंद कर दिया। शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है। जिसकी शिकायत तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआरपीएफ कैंपस हल्लोमाजरा में मनाया रक्षाबंधन

चंडीगढ़ (अप्रस)। सीआरपीएफ कैंपस 51 बटालियन के कर्मियों ने रक्षा बंधन मनाया। बहनों ने सीआरपीएफ बल के कर्मियों बांधी राखी और उनके स्वस्थ और लंबे जीवन के लिए प्रार्थना की। प्रेम सिंह, कमांडेंट, अन्य अधिकारी और जवान भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

शीघ्र जमा करवाएं पी जी होटल्स व किरायेदारों के शिनाख्ती फार्म : कुलवंत

नयागांव मोहाली (मलिक संजीव)। नयागांव थाना प्रभारी सब इंसपैक्टर कुलवंत सिंह ने थाने में एक प्रैस कान्फ्रैंस की गई जिसमे नयागांव के लगभग सभी ज्वैलरस,शाराब के ठेकेदार, होटल्स के मालिकों, पी जी के मालिको तथा अन्य लोगो को अपील करते हुऐ थाना प्रभारी ने कहा कि हमने नशे पर नकेल डालने के बारे मे एस एस पी मोहाली विवेक शील सोनी द्वारा चलाये गये अभियान मे कहा कि अगर कोई भी किसी नशा विक्रेता के बारे मे सुचना देंगे तो उसका नाम गुप्त रखेंगे। नशा रोकने के लिये जनता हमे सहयोग दे। किसी प्रकार के किरायेदारों के बारे मे ऐक सप्ताह के भीतर पूंण सूचना दे वरना उसके बाद हम मकान मालिको पर कानूनी कार्यवाही करेंगे। अभी तो हम अपील ही कर रहे है। कोई भी व्यक्ति कानून की उल्घंना न करे जो भी ऐसा करेगा उसे बक्शा नही जायेगा। सभी ज्वैलरस से भी अनुरोध है कि वह अपनी दुकानो मे सी सी टी वी कैमरे जरूर लगवाये ताकी दुकानदारी के बारे निगरानी रखी जा सके। थाना प्रभारी सब इंसपैक्टर कुलवंत सिंह ने कहा कि समय का विशेष ध्यान रखते हुऐ कुछ गणमान्य लोगों को बुलाया गया था। यातायात नियमो कि अनदेखी भी बर्दाश्त नही होगी, थाना प्रभारी सब इंसपैक्टर कुलवंत सिंह ने कहा कि कानून का पालन करें उन्होने दुकानदारों तथा शराब के ठेकेदारों से समय पर ठेके को खोलने और बन्द करने के निदेश भी दिये।

अचानक लगी आग से दर्जन भर झुग्गी झोपड़ियों स्वाहा

डेराबस्सी। मुबारिकपुर के निकट घग्गर के कॉजवे से पहले बीती रात झुग्गी झोपड़ियों में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में करीब एक दर्जन झुग्गियां सामान सहित सड़ गई परंतु कोई हताहत नहीं हुआ। डेराबस्सी व जीरकपुर से फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों के समय पर पहुंचने से बाकी दर्जनों झुग्गियों को समय रहते आग से बचा लिया गया। आग का कारण पता नहीं चल सका है। जानकारी मुताबिक आग बीती रात करीब पौने बारह बजे लगी। सबसे पहले सुग्रीव की झुग्गी में लगी जो साथ लगती करतार, रोहित आदि एक दर्जन झुग्गियों तक फैल गई। इनमें परिवार तो बच्चों सहित समय रहते सुरक्षित बाहर आ गए परंतु उन्हें घरेलू सामान समेटने तक का समय नहीं मिला। इन परिवारों का कहना था कि आग में उनकी हजारों रुपए की नकदी, सेलफोन सहित घरेलू सामान जल गया। फायरकर्मी अनिल कुमार के अनुसार आग के दौरान झुग्गियों में मौजूद करीब तीन छोटे एलपीजी सिलेंडर भी धमाके साथ फट गए जिससे आग और फैल गई। फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने तीन ओर से झुग्गियों को घेर कर पानी की बौछारें की जिससे बाकी कि करीब चार दर्जन झुग्गियों में आग आगे नहीं फैल सकी। पूरी तरह आग बुझाने में करीब एक घंटा लगा। इस बीच घरेलू सामान सहित बेघर हुए परिवारों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

संपत नेहरा गैंग का गुर्गा लक्की काबू

- मोहाली पुलिस ने गाड़ी लूटने के मामले में 4 साथियों समेत दबोचा

अर्थ प्रकाश सागर पाहवा

सम्पत नेहरा फाईल फोटो

मोहाली, 11 अगस्त। पंजाब के मोहाली पुलिस ने लूटपाट करने वाले गैंग का पर्दाफ़ाश करते हुए 5 बदमाशों को काबू किया है। इनके कब्जे से 32 बोर पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस और लूट की गाड़ी बरामद की गई है।

गिरफ्तार बदमाशों में से एक संपत नेहरा गैंग का गुर्गा विकास उर्फ लक्की भी है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

मोहाली जिले के एसएसपी विवेक शील सोनी ने बताया कि पंजाब सरकार के दिशा निर्देशों पर आपराधिक तत्वों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया हुआ है।

इसी के तहत सीआईए स्टाफ, मोहाली ने खुफिया जानकारी के आधार पर गैंगस्टर संपत नेहरा के साथी खरड़ के गांव बडाली निवासी विकास उर्फ लक्की को गैरकानूनी हथियारों समेत दबोचा गया था।

पूछताछ में उसने कबूल किया कि जनवरी 2022 में उसने अपने साथी गांव बडाली रुपनगर जिले के गुरविंदर सिंह उर्फ बंटी उर्फ गुरी (22), रमनदीप सिंह उर्फ रमना (24) ने मोरिंडा-खरड़ रोड पर गन प्वाइंट पर ब्रेजा गाड़ी की लूट की थी। खरड़ थाना पुलिस ने 6 अगस्त को आर्म्स एक्ट के तहत यह केस दर्ज किया था।

इन्हें किया पुलिस ने गिरफ्तार

पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को दबोचा है। इनमें विकास उर्फ लक्की, गुरप्रीत, गुरविंदर, रमनदीप समेत जालंधर का रहने वाला जमीन अख्तर शामिल है। पुलिस ने मामले में 32 बोर की पिस्टल और 4 जिंदा कारतूस और लूटी गई हरियाणा नंबर की ब्रेजा गाड़ी बरामद की है। संबंधित वारदात को लेकर इनके खिलाफ 30 जनवरी को आईपीसी की धारा 323, 384, 379 बी तथा 34 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया था।

आप चंडीगढ़ ने की नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

- 'आप' पंजाब एवं चंडीगढ़ के प्रभारी विधायक जरनैल सिंह ने चंडीगढ़ के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की

चंडीगढ़, 11 अगस्त (अप्रस)। प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप साहिल मक्कड़, राजिंदर हिंदुस्तानी, कुलदीप कुक्की, ममता कैथं, ललित मोहन, बजरंग गर्ग एवं हरजिंदर बावा को जिम्मेदारी दी गई है। ओंकार ओलख को युवा मोर्चा का अध्यक्ष, सुखराज कौर संधू को महिला मोर्चा का अध्यक्ष, एवं अमनप्रीत कौशल को महिला मोर्चा का महासचिव साथ ही साथ श्री टीपीएस वालिया को लीगल सेल का अध्यक्ष एवं गगन आहलुवालिया को लीगल सेल का उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। प्रदेश अध्यक्ष सीए प्रेम गर्ग ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं बताया कि जल्द ही पुरे शहर भर में जमीनी स्तर तक एक मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा। उन्होंने यकीन जताया की नए पदाधिकारी चंडीगढ़ की जनता के हकों की आवाज ओर मजबूती से उठाएंगे एवं आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ को ओर मजबूती देंगे। आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल जी की विचारधारा से शहरवासियों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे साथ ही साथ अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार एवं भगवंत मान जी के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

तेज बारिश में पुलिस की ईस्ट डिविजन ने चलाया सर्च अभियान

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 11 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस को मद्देनजर रखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने अपनी पूरी तरह से कमर कस ली है। और पुलिस पूरी तरह से शहर में अलर्ट है। उसी को मध्य नजर रखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने शहर में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। कालोनियों और सेक्टरों में विशेष तौर पर सर्च किया जा रहा है।

इन तलाशी अभियानों और चेकिंग ड्राइव का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करना और पिछले कुछ दिनों के दौरान बाहरी लोगों का वेरिफिकेशन चंडीगढ़ ले जाना है। सी-फॉर्म उल्लंघनों की जांच के लिए होटल, गेस्ट हाउस में इंटेलिजेंस विंग के माध्यम से विशेष तलाशी भी की जाएगी। वीरवार अलसुबह करीब 4.00 बजे एसएसपी कुलदीप सिंह चहल के दिशा निर्देशों के चलते अल सुबह तेज बारिश में डीएसपी, थाना 26 प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह, थाना इंडस्ट्रीएल एरिया के प्रभारी इंस्पेक्टर रामरत्न शर्मा उनकी देखरेख में क्यूआरटी के साथ, इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच और इंटेलिजेंस की टीम भी शामिल थी। सेक्टर-26 बापूधाम कालोनी में सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 81 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। और तलाशी के दौरान 67 संदिग्ध व्यक्तियों को राउंडअप कर 14 को रोल्स किए गए। और पुलिस द्वारा बाद में वेरीफिकेशन के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।वहीं पुलिस को सर्च के दौरान कोई अपराधिक गतिविधियां सामने नजर नहीं आई।

कांग्रेस की आजादी की गौरव यात्रा का तीसरा चरण दरिया से शुरू

- जोश से भरे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया भाग
- चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड 9 से होकर गुजरी यात्रा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। चंडीगढ़ कांग्रेस ने अपनी 75 किलोमीटर लंबी आजादी की गौरव यात्रा की तीसरी कड़ी की पदयात्रा चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस. लक्की की अगुवाई में वीरवार को गांव दरिया में आयोजित की। भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए शुरू की गई जोश से भरे हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित यह यात्रा चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड 9 से होकर गुजरी।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वजों को लहराते हुए गांव दरिया की गलियों में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष जीत सिंह बहलाना और पार्टी के कॉलोनी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश राय द्वारा आयोजित कांग्रेस की आशा की पदयात्रा में स्थानीय निवासियों ने भी उत्साह से भाग लिया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष पवन कुमार बंसल ने 1925 में अपनी स्थापना के बाद से ही लगातार देश के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को विभाजित करने के कुत्सित एवं देशविरोधी प्रयासों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आलोचना कड़ी की. उन्होंने कहा कि आरएसएस, मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा ने न केवल भारत का स्वतंत्रता आंदोलन विरोध किया और अंग्रेजों का पक्ष लिया लेकिन इससे भी बढ़ कर एक ऐसा सांप्रदायिक माहौल पैदा कर दिया जिसके कारण बाद में दो राष्ट्र सिद्धांत के आधार पर एक नये देश पाकिस्तान का निर्माण हुआ. आरएसएस ने तिरंगे को हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में रखने के विचार का भी कड़ा विरोध किया और 2002 तक कभी भी तिरंगे का सम्मान नहीं किया और न ही नागपुर में अपने मुख्यालय में इसे फहराया।

बंसल ने आगे कहा कि संघ और भाजपा देश के स्वतंत्रता संग्राम का विरोध करने के लिए अपनी कभी न मिटने वाली शर्म को छिपाने के लिए अब भी झूठ और छल का सहारा लेकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

स्थानीय पार्टी प्रधान एच.एस. लक्की ने कांग्रेस जनों से देश को बांटने के आरएसएस और भाजपा के नापाक मंसूबों को हराने का आह्वान किया और उनसे हमारे लोकतंत्र, इसकी विविधता में एकता और बहुलवाद को बचाने के लिए, एक लंबे शांतिपूर्ण संघर्ष के लिए खुद को तैयार करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर बोलने वाले अन्य लोगों में जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष जीत सिंह बहलाना, चंडीगढ़ कांग्रेस के कॉलोनी सेल के अध्यक्ष मुकेश राय, भारतीय युवा कांग्रेस के सचिव आशीष गजनवी के अलावा स्थानीय नेता हरिंदर कुमार, डोरेथी रिंगा शामिल थे।

रक्षाबंधन पर महिला कैदियों के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 11 अगस्त। रक्षा बंधन के शुभ दिन पर विशेष रूप से महिला जेल कैदियों के लिए मॉडल जेल विभाग द्वारा योग और आयुर्वेद कल्याण शास्त्रों पर आधारित तीन दिवसीय विशेष स्वास्थ्य रक्षा (सुरक्षात्मक और प्रचार स्वास्थ्य जागरूकता) कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह 3 दिवसीय कार्यक्रम वीरवार से शुरू होकर 13 अगस्त को पूरा होगा। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ योग एजुकेशन एंड हेल्थ, चंडीगढ़ के विभिन्न महिला योग संकायों द्वारा योग ज्ञान सत्र लिया जाएगा। और सभी आयुर्वेद सत्रों को राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत लोकायुर्वेद वेलनेस कॉन्सेप्ट के प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा लिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनीता पाल, शिक्षाविद् आईजी जेल दीपक पुरोहित, डॉ. पालिका अरोड़ा, जेआईजी-जेल और डॉ सपना नंदा, प्रिंसिपल, जीसीवाईईएच की सम्मानित उपस्थिति में किया गया। यह भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) आधारित योग और आयुर्वेद - कॉम्बो वेलनेस अवेयरनेस इनिशिएटिव अपने प्रकारों में से एक है। और किसी भी जेल विभाग द्वारा पहली बार लिया जाता है। जो महिला जेल कैदियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ाएगा। जेल महानिरीक्षक, यूटी चंडीगढ़ द्वारा उन सभी कैदियों को राखी बांधने की विशेष अनुमति दी गई। जिनकी बहनें राखी बांधने आई थीं। प्रजापति भरम कुमारियों भी बंदियों को राखी बांधती हैं और उन्हें अपराध का रास्ता छोड़ने का संदेश भी देती हैं। जेल महानिरीक्षक, यूटी चंडीगढ़ द्वारा महिला कैदियों को उनके परिवार के सदस्यों के साथ वीडियो कॉल करने की भी अनुमति दी गई थी। वही कार्यक्रम का समापन समारोह 13 अगस्त को चंडीगढ़ प्रशासक के सलाहकार धर्मपाल की उपस्थिति में होगा।

12.55 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी तस्कर काबू

चंडीगढ़, 11 अगस्त (रंजीत शम्मी)। 15 अगस्त को मद्देनजर शहर में पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस के आलाअधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस अपने अपने एरिया में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। वहीं बुधवार देर शाम को सेक्टर 17 आईएसबीटी पुलिस चौकी ने पेट्रोलिंग के दौरान हेरोइन की सप्लाई करने वाले एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहाली के नया गांव के रहने वाले 28 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने वीरवार को जिला अदालत में पेश किया अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि बुधवार देर शाम करीब 7.30 बजे सेक्टर 17 आईएसबीटी पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर गुरविंदर सिंह अपनी टीम के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस अर्बन पार्क गेट सेक्टर 17 के पास पहुंची तो सामने से आ रहा शख्स पुलिस पार्टी को देख कर एकदम से पीछे की तरफ मुड़ गया। जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो उसे रोककर पूछताछ के दौरान तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी के कब्जे से 12.55 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

क्राइम

शहर में शातिर चोरों का आतंक

तीन जगह चोरी की वारदात, लाखों की नकदी व ज्वैलरी लेकर फरार

- पुलिस के अभी तक हाथ खाली

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 11 अगस्त। शहर में शातिर चोरों ने फिर से आतंक मचाना शुरू कर दिया है। चोरों ने बेखौफ होकर पुलिस को चुनौती देते हुए अलग-अलग तीन मामलों में दो घरों और एक कार्यालय को अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की नगदी और ज्वैलरी का समान लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अलग-अलग तीनों मामलों में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बंद पड़े घर से लाखों की नगदी व ज्वैलरी लेकर फरार

जानकारी के मुताबिक सेक्टर 8 के रहने वाले शिकायतकर्ता जगदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। उनकी बेटी की 7 अगस्त को सेक्टर 8 के गुरुद्वारा साहिब में शादी थी। परिवार वाले में खुशी का माहौल था। उसके बाद अगले दिन सेक्टर 10 स्थित होटल माउंटव्यू में पार्टी का प्रोग्राम रखा गया था। पार्टी के प्रोग्राम के बाद परिवार के सदस्य 8 अगस्त को शिमला घूमने के लिए चले गए। जब वह 10 अगस्त को दोपहर करीब 1.30 बजे वापिस अपने घर आए तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर मे बने कापबोर्ड/ अलमीरा का लॉक टूटा हुआ था। अलमीरा खुली हुई थी। जिसमें रखे साढ़े 3 लाख रुपए की नगदी, गोल्ड कॉइन, गोल्ड लॉकेट और अन्य सोने का सामान गायब था। जिसके चलते घर में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है।

बाथरूम का दरवाजा तोड़कर घर से ज्वैलरी चोरी

स्माल फ्लैट धनास के रहने वाले शिकायतकर्ता 49 वर्षीय प्यारेलाल ने पुलिस को बताया कि वह उपरोक्त पते पर अपने परिवार सहित रहता है। और सेक्टर 47 में रेरका मिल्क बूथ चलाने का काम करता है। और पार्ट टाइम सेक्टर 17 में प्राइवेट काम भी करता है। 14 जुलाई को वह अपने परिवार सहित घर को ताला लगाकर चले गए थे। शिकायतकर्ता सेक्टर 17 अपने काम पर चला गया। जबकि उसकी पत्नी व बेटा सेक्टर 47 मिल्क बूथ पर चले गए। उसके बाद बच्चे सेक्टर 49 उनके दूसरे घर चले गए। जबकि शिकायतकर्ता सेक्टर 17 में अपने काम पर रुक गया। अगले दिन 15 जुलाई को जब शिकायतकर्ता धनास स्थित अपने घर आया तो जैसे ही उसने दरवाजा खोला तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। बाथरूम का दरवाजा खुला हुआ है। और सामान चेक किया तो जिसमें एक सोने की चेन, 4 सिल्वर ब्रेसलेट, 2 सिल्वर कमरबंद, दो गोल्ड कानों के टॉप्स, तीन गोल्ड रिंग, 10 सिल्वर बिछुए, 5 पियर सिल्वर पायल, एक पियर गोल्ड झुमके,एक गोल्ड नोज पिन,एक गोल्ड टिक्का, कोई अज्ञात घर के बाहर की तरफ बने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय से लाखों की नकदी, डीवीआर, आईपैड चोरी

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 28 के रहने वाले राजेश गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। और दड़वा स्थित पलको हाउस नजदीक एक होटल के पास बिजनेस चलाता है। बीते शनिवार 6 अगस्त शाम को करीब 7.00 बजे अपना ऑफिस को बंद कर अपने घर गया था। जब सोमवार को सुबह आकर अपने ऑफिस खोला तो देखा कि ऑफिस के शीशे टूटे हुए हैं। और सारा सामान बिखरा पड़ा है। दराज के अंदर रखी 3 लाख की नगदी के अलावा कैमरा का डीवीआर,वोटर कार्ड और सैमसंग का आईपैड गायब था। जब अंदर जाकर देखा तो बाथरूम का एग्जॉस्ट फैन भी टूटा पाया। जो कि उसी रास्ते से किसी अज्ञात ने शिकायतकर्ता के ऑफिस में घुसकर लाखों रुपए की नगदी कैमरा का डीवीआर और आईपैड चोरी कर ले गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

सम्पादकीय

जैविक ईंधन में भी हरियाणा आगे

यह हरियाणा और देश के लिए बहुउपयोगी घटना है कि पानीपत रिफाइनरी में बने 2जी इथेनॉल संयंत्र की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका वर्चुअल उद्घाटन किया है। वास्तव में पेट्रोल का विकल्प आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पेट्रोल और डीजल जैसे अत्यंत आवश्यक पदार्थों की किल्लत भविष्य में और ज्यादा होने से कोई रोक नहीं पाएगा, वहीं इसकी कीमतों में भारी इजाफे से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल के उपयोग से देश में जिस प्रकार पर्यावरण असंतुलन बढ़ रहा है, उसका समाधान भी किए जाने की आवश्यकता है। धान की फसल के अवशेष हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के इलाकों में जलाए जाने से दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के जैसे भयंकर हालात बनते हैं, उनकी रोकथाम भी जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बताया है कि देश जैविक ईंधन के निर्माण में अमेरिका और ब्राजील जैसे देशों की श्रेणी में आ गया है, भारत ने भी समय से पहले एथेनाल निर्मित करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। अब पानीपत रिफायनरी में लगा प्लांट एशिया का सबसे बड़ा प्लांट होगा।

हरियाणा ने बीते कुछ वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन्होंने इस खेती आधारित प्रदेश को देश के बाकी राज्यों से आगे ला खड़ा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं हरियाणा में मनोहर लाल सरकार की ओर से लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाओं की तारीफ की है। हरियाणा से ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की मुहिम शुरू हुई थी। अब इसी प्रदेश ने खेलों में वह जादू दिखाया है, जिससे हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि हरियाणा ने यह सब कैसे कर दिखाया। ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद अब कॉमनवेल्थ खेलों में भी हरियाणा के खिलाडि?ों ने अपनी धाक जमाई है। इन खेलों में भारत 61 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा है और इन पदकों में से 17 सिर्फ हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। इन 17 पदकों में से 9 स्वर्ण हैं। वास्तव में यह जीत सिर्फ हरियाणा की नहीं है, यह देश की जीत है। लेकिन हरियाणा वह प्रदेश है, जिसने अपने आप को बदला है, एक समय इसे महज खेती करने वाला ऐसा प्रदेश समझा जाता था कि जिसके शैक्षिक स्तर पर भी सवाल खड़े किए जाते थे। लेकिन आज वही प्रदेश न केवल खेल और शिक्षा अपितु स्वास्थ्य, रोजगार और सर्वाधिक शांति वाला प्रदेश भी बन चुका है। यहां अपराध घट भी रहे हैं तो उनके आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजने में देरी नहीं हो रही है।

> **देश जैविक ईंधन के निर्माण में अमेरिका और ब्राजील जैसे देशों की श्रेणी में आ गया है, भारत ने भी समय से पहले एथेनाल निर्मित करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। अब पानीपत रिफायनरी में लगा प्लांट एशिया का सबसे बड़ा प्लांट होगा।**

अब जब बात पर्यावरण संरक्षण की आ रही है, तो उसमें भी हरियाणा अपना योगदान देने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा भी कि राष्ट्रमंडल खेलों में प्रदेश ने जो ऊर्जा दिखाई है, अब वही ऊर्जा यहां के खेतों के माध्यम से दिखाई देती है। पानीपत रिफायनरी में प्रत्येक वर्ष तीन लाख मीट्रिक टन जीएसजी उत्सर्जन की बचत होगी। यह देश की सडड़ों से सालाना 61 हजार कारों को बदलने के बराबर है। केंद्र सरकार ने तय किया है कि देश में अब अलग-अलग स्थानों पर एथेनॉल प्लांट लगाए जाएंगे। इसका फायदा किसानों को जहां पराली बेचने से आर्थिकी मजबूत होने का मिलेगा वहीं इससे युवाओं को भी रोजगार का नया साधन मिलेगा। मोदी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किए हैं, लेकिन अब एथेनॉल निर्मित किए जाने से यह आय और बढ़ने की संभावना है। पराली का उपयोग अभी तक पशुओं के चारे के लिए ही किया जाता रहा है, या फिर किसान इसे खेतों में ही जला देते हैं। लेकिन अब इसका उपयोग जैविक ईंधन बनाने में हो रहा है। जैविक ईंधन भविष्य की जरूरत है। यह भी सार्थक प्रयास है कि मोदी सरकार ने इस संदर्भ में प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए अब जैविक ईंधन यानी एथेनॉल का निर्माण शुरू करा दिया है।

यह भी सामने आया है कि अगले वर्ष अप्रैल से देश के कुछ चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर 20 प्रतिशत इथेनॉल युक्त पेट्रोल की आपूर्ति की जाएगी। इसके बाद वर्ष 2025 तक हर पांचवें पेट्रोल पंप को इसकी आपूर्ति होने लगेगी। इसका फायदा यह होगा कि इससे तेल के लिए आयात पर निर्भरता कम होगी और पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान होगा। इस समय 10 प्रतिशत एथेनॉल युक्त पेट्रोल की है सप्लाई हो रही है। जब यह मात्रा 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने की होगी तो इससे सालाना करीब चार अरब डॉलर की बचत होगी। गौरतलब है कि इस समय देश में पेट्रोल, डीजल के रेट अपनी सर्वोच्च दरों पर हैं, वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान पेट्रोल-डीजल के जो रेट स्थिर रहे, वे अगले ही वर्ष एकाएक इतने बढ़ गए कि उनकी वजह से महंगाई भी अपने चरम पर पहुंच गई। अब हालात ऐसे हैं रिजर्व बैंक आफ इंडिया को इस साल की शुरुआत से अब तक दो बार रेपो रेट में बढ़ोतरी करनी पड़ी है। इससे होम लोन समेत तमाम लोन की दरें बढ़ गई हैं। भारत के लिए पेट्रोलियम पदार्थों की निर्भरता उसकी आर्थिकी पर भारी पड़ रही है। ऐसे में स्वावलंबन का मंत्र अपनाते हुए देश अगर जैविक ईंधन के निर्माण में लगातार आगे बढ़ रहा है तो इसका फायदा आज नहीं तो कल जरूर मिलेगा। पानीपत रिफायनरी में एथेनॉल बनाने की एक दिन की क्षमता 100 किलो लीटर की है। यह भी सच्चाई है कि आठ वर्ष पहले देश में जहां 1.4 प्रतिशत इथेनॉल का उत्पादन किया जाता था, वहीं अब यह मात्रा 10.16 प्रतिशत की हो गई है।

एक रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि देश में त्योहारों के सीजन में महंगाई से राहत मिल सकती है, वहीं कमाई बढने़ की भी संभावना है। यह रिपोर्ट इस लिहाज से अहम है कि जब वैश्विक मंदी की आशंका जताई जा रही है। जाहिर है, भारत को स्वावलंबन की अपनी राह पर और तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश की तरक्की का मतलब होगा प्रत्येक जन की तरक्की।

ताइवान पर चीन का ढोंग

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

दैनिक अर्थ प्रकाश

अमेरिकी कांग्रेस (निम्न सदन) की अध्यक्षा नैन्सी पेलोसी की ताइवान-यात्रा पर सारी दुनिया का ध्यान केंद्रित हो गया था। न तो ताइवान कोई महाशक्ति है और न ही पेलोसी अमेरिका की राष्ट्रपति है। फिर भी उनकी यात्रा को लेकर इतना शोर-शराबा क्यों मच गया? इसीलिए कि दुनिया को यह डर लग रहा था कि ताइवान कहीं दूसरा यूक्रेन न बन जाए। वहां तो झगड़ा रूस और यूक्रेन के बीच हुआ है लेकिन यहाँ तो एक तरफ चीन है और दूसरी तरफ अमेरिका! यदि ताइवान को लेकर ये दोनों महाशक्तियाँ भिड़ जातीं तो तीसरे विश्व-युद्ध का खतरा पैदा हो सकता था लेकिन संतोष का विषय है कि पेलोसी ने शांतिपूर्वक अपनी ताइवान-यात्रा संपन्न कर ली है। चीन मानता है कि ताइवान कोई अलग राष्ट्र नहीं है बल्कि वह चीन का अभिन्न अंग है। यदि अमेरिका चीन की अनुमति के बिना ताइवान में अपने किसी बड़े नेता को भेजता है तो यह चीनी संप्रभुता का उल्लंघन है। अमेरिकी नेता नैन्सी पेलोसी की हैसियत राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के बाद तीसरे स्थान पर मानी जाती है। यों तो कई अमेरिकी सीनेटर और कांग्रेसमेन ताइवान जाते रहे हैं लेकिन पेलोसी के वहां जाने का अर्थ कुछ दूसरा ही है। चीन मानता है कि यह चीन को अमेरिकी की खुली चुनौती है। चीनियों ने दो-टूक शब्दों में धमकी दी थी कि यदि नैन्सी की ताइवान यात्रा हुई तो चीन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किए बिना नहीं रहेगा। चीन ने ताइवान के चारों तरफ कई लड़ाकू जहाज और जलपोत डटा दिए थे और अमेरिका ने भी अपने हमलावर जहाज, प्रक्षेपास्त्र और जलपोत आदि भी तैनात कर दिए थे। डर यह लग रहा था कि यदि गल्ती से एक भी हथियार का इस्तेमाल किसी तरफ से हो गया तो भयंकर विनाश-लीला छिड़ सकती है। चीन इस यात्रा के कारण इतना क्रोधित हो गया था कि उसने ताइवान जानेवाली हर चीड़ पर प्रतिबंध लगा दिया था। ताइवान भी इतना डर गया था कि उसने अपने सवा दो करोड़ लोगों को बमबारी से बचाने के लिए सुरक्षा का इंतजाम कर लिया था। पेलोसी 24 घंटे ताइवान में बिताकर अब दक्षिण कोरिया रवाना हो गई हैं। वे ताइवानी नेताओं से खुलकर मिली हैं और अमेरिका चीन के खिलाफ बराबर खम ठोक रहा है। जो बाइडन की सरकार के लिए पेलोसी की ताइवान-यात्रा और अल-ड़ायदा के सरगना अल-जवाहिरी का उन्मूलन विशेष उपलब्धि बन गई है।

> **चीनियों ने दो-टूक शब्दों में धमकी दी थी कि यदि नैन्सी की ताइवान यात्रा हुई तो चीन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किए बिना नहीं रहेगा।**

चीन ने जवाहिरी की हत्या पर भी अमेरिका की आलोचना की है। चीन और अमेरिका के बीच बड़ते हुए तनाव के कारण चीन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बने चार देशों के चौगुटे की भी खुलकर निंदा की थी। पेलोसी की इस ताइवान-यात्रा ने सिद्ध कर दिया है कि चीन कोरी गीदड़भभकियाँ देने का उस्ताद है। इस मामले के कारण चीन का बड़बोलापन बदनाम हुए बिना नहीं रहेगा। पेलोसी की इस यात्रा ने अमेरिका की छवि चमका दी है और चीन की छवि को धूमिल कर दिया है।

सुशांत सरीन

कोई व्यक्ति आखिर चुटकी बजाते ही 'सेक्युलर' कैसे बन जाता है? ऐसे शख्स की यात्रा बड़ी कमाल की कही जाएगी, जो समाजवाद के पड़ाव से शुरूआत करते हुए बाद में कम्युनल बन जाए और फिर सेक्यलर और उसके बाद कम्युल और अंततः फिर से सेक्युलर।

हर्ष वर्धन त्रिपाठी

बिहार में भाजपा के नेताओं में अभी भी विरोधी वाली आक्रामकता नहीं है। उनके बयानों को सुनकर यह महसूस किया जा सकता है। नीतीश कुमार को यही हमेशा लाभ देता है। भाजपा को बिहार में अब प्रासंगिक बने रहना है तो इससे बाहर आना होगा। विपक्ष वाली आक्रामकता ही भाजपा को बढ़ा सकती है।

वर्तमान समय में राखी के पवित्र बंधन का ईश्वरीय महत्व

दैनिक अर्थ प्रकाश

विश्व की सभी संस्कृतियों में से भारतीय संस्कृति का स्थान सबसे अधिक महत्वपूर्ण व सर्वोत्तम है । इस वसुंधरा पर भारत ही एक ऐसा देश है जहां पूरे वर्ष के हर दिन कोई न कोई त्योहारए उत्सवए व्रतए उपवास व जयन्ती आदि होते हैं । हमारे देश की विविध परम्पराएं सांस्कृतिक धरोहर व ऐतिहासिक घटनाएं इन त्योहारों के माध्यम से मनुष्य के मन को एक नई चेतना देते हैं जो उन्हें अपने कर्त्तव्य पालन व मर्यादाओं की स्मृति की ओर प्रेरित करती रहती हैं । परंतु आज यह देखा जाता है कि समय की बदलती धाराओं के साथ साथ हमारे त्योहारों का महत्व कम होता जा रहा है । इसका कारण है कि दिनों दिन पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव ब?ता जा रहा है । लोगों का आकर्षण धर्म से हटकर दिशाहीन पाश्चात्य संस्कृति की ओर केंद्रित होता जा रहा है ।

प्राचीन काल से बहनें भाईयों की कलाई पर श्रावण मास की पूर्णिमा को राखी बांधती आ रही हैं । इस पवित्र नाते की महत्ता को कायम रखते हुए संकट के समय हिंदू नारियों ने मुगल शासकों को भी यह रक्षा सूत्र बांध कर अपने सतीत्वए स्वमान व राज्य की रक्षा की थी ।

रक्षा .बंधन के पर्व का असल महत्व जानना जरूरी है क्योंकि रक्षा .बंधन कोई सूत के कच्चे धागों से बंधने वाला बंधन नहीं है । यह धागा जीवन की मान.मर्यादा व बहन.भाई के निःस्वार्थ प्यार का प्रतीक है । बहन की सुरक्षा के लिए प्राणों का बलिदान करना प? तो भी पीछे नहीं हटने का यह प्रण है। आम तौर पर सभी लोग इस पर्व को लौकिकता व स्थूल बंधन के रूप में मनाते हैं ।

इस राखी में कुछ आध्यात्मिक रहस्य छुपे हुए हैं । इस दिन हर एक बहन अपने भाई के ललाट पर तिलक लगाती है । आध्यात्मिकता में तिलक आत्म.स्मृति का द्योतक है क्योंकि आत्मा के रहने का स्थान भी भृकटी के बीच में ही है । आत्मा तो अजरए अमरए अविनाशी हैए देह विनाशी है । तिलक लगाते समय बहन.भाई को स्मृति दिलाती है कि हम आत्मा रूप में भाई. भाई हैं और शरीर के सम्बंध से बहन.भाई । हमारा पिता अविनाशी है इसलिए भैया तुम अपने जीवन को दैवी गुणों से श्रृंगार कर सदैव इस संसार में अमर रहो । दूसरा तिलक लगाने के बाद बहन भाई का मुख मीठा कराती है अर्थात कुछ न कुछ मिठाई खिलाती है जिसका भाव है कि तुम्हारे मुख से सदैव मीठे बोल निकलें और तुम सदैव दूसरों को मीठे बोल की मिठाई बांटते रहो । तीसरा बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है जिसका आध्यात्मिक रहस्य है कि अपनी आत्मा के अंदर विकार वश जो भी बुराईयां हैं उन्हें परमात्मा की याद व शक्तियों द्वारा भस्म कर पवित्र रहने और दूसरों को पवित्र बनाने का संदेश देने की प्रतिज्ञा करो ।

वर्तमान समय इस कलियुगी आसुरी वृति वाले लोगों ने बहनों की लाज को फिल्मों के पोस्टर द्वारा स?क पर ला ख?ा किया हैए नारी भी अपने स्वरूप को भूल गई है । क्या मंदिरों में पूजनीय दुर्गाए लक्ष्मीए सरस्वतीए अम्बा में नारी का स्वरूप नही है घ् क्या पद्मनीए रानी झांसीए मीरांबाई ये नारीयां नहीं थी घ् फिर स्वरूप ऐसा विकृत क्यों हुआ घ् बहुत गहराई से सोचने की बात है । आज एक नहीं हजारों द्रोपदियों के वस्त्र हरण हो रहे हैं । अनेक बहनें पवित्रता की सुरक्षा के लिए अन्याय भोग रही हैं । अपहरणए बलातकारए खूनए अत्याचार का चारों ओर डंका बज रहा है । तो आईयेए इस रक्षा बंधन के मूल आध्यात्मिक रहस्यों को समझकर विश्व रक्षकए पतित.पावनए ज्ञान सागर व कल्याणकारी परमपिता परमात्मा शिव द्वारा दिये हुए ज्ञान रत्नों को जीवन में धारण कर आत्मिक वृति को अपनायें । परमपिता शिव द्वारा दिया हुआ पवित्रता का मंत्र हरेक मनुष्य को सुरक्षा की गारंटी देता है जिससे एक नहीं बल्कि जन्म.जन्मांतर तक आत्मा सुरक्षा प्राप्त करती है । जब मनुष्य स्वयंए विश्व रक्षक परमपिता परमात्मा व सृष्टि चक्र को पहचानेगा तब उसका जीवन सफल होगा । क्योंकि मनुष्य जीवन का हर क्षण अमूल्य है इसलिए इसे व्यर्थ न गंवाए । आप इस क्षण को अपने ही कमल हस्तों द्वारा स्वर्ण अक्षरों में लिख सकते हैं । रक्षा.बंधन के त्योहार को आज हर धर्म व सभी जातियों में समान रीति से इसमें छिपी हुई पवित्रता की भावना से प्रेरित होकर सभी की रक्षा करेंगे और दूसरों की भी करायेंगे तब भारत की धरती पर सुख.शांति की हरियाली नजर आयेगी ।

राखी के इस पवित्र अवसर पर हम शारारिक घरों जाति कुल देश धर्म की सीमाओं को पार करके सभी मनुष्यात्माओं को आत्मिक स्मृति से श्परमपिता शिव परमात्मा निराकार ज्यार्तिबिंदुश् के रक्षा के सूत्र में बांधने का संकल्प करें तो विश्व में शांतिए स्नेहए सद्भावनाए भाईचारा स्थापित होगा । राखी के त्योहार के महत्व को जानकर इन धारणाओं को अपनायें तो हमारी ये भारत भूमि फिर से रामराज्य अर्थात स्वर्ग बन सकता है । तो आईये हम सब मिलकर आज सच्ची सच्ची राखी के पावन पर्व को समझ कर इस त्योहार को मनायें।

अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले का दिन

काम के अधिकार बारे विधेयक इसी अधिवेशन में

नई दिल्ली। काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल किए जाने बारे विधेयक संसद के वर्तमान अधिवेश में में ही लाया जाएगा। इस आशय का फैसला आज यहां राजनीतिक मामलों बारे मंत्री मण्डलीय बैठक में किया गया है।

आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने इस आशय की जानकारी देते हुए कहा है कि देश में उपलब्ध साधनों तथा इस वर्ष जनवरी में श्रम मन्त्रालय द्वारा इस सम्बन्ध में तैयार की गई रिपोर्ट के आधार पर ही इस पर फैसला किया जाएगा। परंतु इससे पूर्व प्रधानमंत्री इस विषय पर अपने सहयोगी राजनैतिक दलों के प्रति निधियों से भी बातचीत करेंगे।

काम के अधिकार को मौलिक अधिकारों में शामिल करवाने का मुद्दा राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के चुनाव घोषणा पत्र में अहम मुद्दा था।

मान ने लोकसभा से भी इस्तीफा दिया

चंडीगढ़। सिमरनजीत सिंह मान जिन्होंने कल अकाली दल (मान) के प्रधान पद से इस्तीफा दिया था, ने आज लोकसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

यह इस्तीफा लोकसभा के अध्यक्ष के नाम पर लिया गया था जिसे उन्होंने पार्टी वरिष्ठ उप-प्रधान तरलोक सिंह को आज थमाया। सिमरनजीत सिंह मान का इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ।

विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

इस शख्स को है अजीब सा शौक, जानकर रह जाएंगे दंग

आपको दुनिया में तरह-तरह के शौकीन लोग मिल जाएंगे, जिनके अजीब से शौक होते हैं। किसी को कारों की शौक है तो किसी को शेर पालने का शौक। लेकिन जिस व्यक्ति के बारे में बताने जा रहे हैं। उसके शौक जानकर आप हैरान हो जाएंगे। इस व्यक्ति के शौक ने उसे अब बाबा बना दिया है। दरअसल, इस व्यक्ति ने 40 सालों से अपने बाल नहीं कटवाए हैं, जिससे लोग उन्हें जटावाले बाबा नाम से जानने लगे हैं।

यह व्यक्ति बिहार के मुंगेर जिले के टंगड़ा गांव के रहने वाले हैं, जिनका नाम सकल देव टुद्दू है। ये इन दिनों अपने लंबे बालों के कारण चर्चा में बने हुए हैं। टुद्दू ने दावा किया है कि उन्होंने करीब 40 सालों से अपने बाल नहीं कटवाए हैं और ना ही बालों को धोया है। टुद्दू के बाल उनके कद से भी लंबे हैं। इस कारण उन्हें चलने में काफी परेशानी होती है और इसलिए वह अपनी जटाओं को बांधकर रखते हैं।

टुद्दू ने बताया कि उनके बाल बढ़ाने के शौक के कारण लोग उन्हें महात्मा समझने लगे हैं। भगवान में विश्वास रखने वाले टुद्दू अपने लंबे बालों को प्रभु का देन मानते हैं। टुद्दू को बचपन से ही लंबे बाल रखने का शौक रहा है। टुद्दू का यह भी कहना है कि चालीस साल पहले उनके सपने में एक दिन भगवान आए और कहा कि तुम कभी बाल मत कटवाना और ना ही इन्हें धोना।

टुद्दू ने बताया कि इसके बाद से ही भगवान से मिला आशीर्वाद समझकर अपने बालों को सहेज रखा है। टुद्दू 31 साल तक वन विभाग में संविदा के तौर पर काम भी कर चुके हैं। बड़ी जटाओं के कारण लोग अब टुद्दू को जटावाले बाबा का नाम से बुलाते हैं। यह जटा टुद्दू की पहचान बन चुकी है।

टुद्दू की जैसे ही मध्य प्रदेश के बड़वानी में एक व्यक्ति ने गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए पिछले कई सालों से अपने बाल नहीं कटवाए हैं। 2015 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, बड़वानी के पलसूद के वेदपुरी में रहने वाले 45 वर्षीय सखाराम ने गिनीज़ बुक में नाम दर्ज करवाने के लिए पिछले 30 सालों से अपने बाल नहीं कटवाए हैं।

इतिहास के झरोखे में आज का दिन

1765 : इलाहाबाद संधि के तहत भारत में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की शुरुआत।
1831 : नीदरलैंड और बेल्जियम ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1833 : अमेरिका में शिकागो शहर की स्थापना।
1908 : हेनरी फोर्ड की कार कंपनी ने पहला कार मॉडल बनाया।
1914 : प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने ऑस्ट्रिया-हंगरी पर हमले का ऐलान किया।
1919 : भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक वैज्ञानिक विक्रम साराभाई का जन्म।
1920 : पोलैंड और रूस के बीच वारसॉ की लड़ाई शुरू हुई।
1953 : यूनान के लोनियन द्वीप में भूकंप से 435 लोगों की जानें गई।
1960 : नासा ने अपना पहला सफल संचार उपग्रह ईको-ए प्रक्षेपित किया।
1964 : दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों से प्रतिबंधित कर दिया गया।
1971 : सीरिया ने जॉर्डन से राजनयिक संबंध तोड़ा।
1981 : आईबीएम ने अपना पहला पर्सनल कंप्यूटर पेश किया। इसकी कीमत 16 हजार डॉलर रखी गई थी।
1994 : कांगो गणराज्य की राजधानी ब्राजविल्ले में एक चर्च में भगदड़ मची, 142 लोग मारे गये।
2004 : फ्रांस के मशहूर स्ट्राइकर जिनेदिन जिदान ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से संन्यास लिया।
2006 : यूरोपीय प्रक्षेपण यान एरियन-5 ने जापान के संचार उपग्रह और फ्रांस के एक सैन्य उपकरण को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया।
2008 : आमिर ख़ान को उनकी फ़िल्म 'तारे ज़मीं पर' के लिए गोलापुड़ी श्रीनिवास मेमोरियल अवार्ड प्रदान किया गया।

जो सच्चे पिता होते हैं, वो अपने बेटे को अच्छी चीज ही देते हैं

जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ स्वामी के समय में हस्तिनापुर में महापद्म नामक चक्रवर्ती का राज्य था तथा उनकी रानी लक्ष्मी मति थी। उसके दो पुत्र विष्णुकुमार और पद्म थे।

जब राजा महापद्म को संसार भोगो के प्रति वैराग्य हुआ, तब उन्होंने दीक्षा लेने का विचार किया। फिर राजा ने अपना राज्य अपने बड़े पुत्र को देने का निश्चय किया, तो विष्णु कुमारजी ने राज्य लेने से मना कर दिया।

विष्णु कुमारजी ने अपने पिताजी पूछा कि आप यह चक्रवर्ती का पद, छह खंड का साम्राज्य, पूरा भरत क्षेत्र क्यों छोड़ रहे हो? तब राजा महापद्म ने कहा कि अब मैं जान गया हूं कि इस संसार में सार नहीं है। तब फिर विष्णु कुमारजी ने पूंछा कि जब इस संसार में कोई सार नहीं है और आप स्वयं भी जब इस संसार को छोड़ रहे है, तो क्या आपको इस तरह की असार वस्तु को अपने बेटे को भेंट करना चाहिए?

जो सच्चे पिता होते हैं, वो अपने बेटे को अच्छी चीज़ ही देते हैं। हे पिता जी, मैं भी समझ रहा हूं कि इस संसार में कोई सार नहीं है। मुझे भी अब वैराग्य आ गया है। अतः मुझे भी दीक्षा लेने की अनुमति प्रदान करें। तब राजा महापद्म ने अपने छोटे पुत्र पद्म को पूरा राज्य दे दिया। फिर राजा महापद्म तथा उनके सुपुत्र विष्णु कुमार ने जाकर सागरचन्द्र आचार्य से दीक्षा ले ली।

शीघ्र ही महापद्म मुनिराज ने घातिया कर्मो को नष्ट कर केवलज्ञान को प्राप्त कर लिया और फिर मोक्ष में चले गये। लेकिन मुनि विष्णु कुमारजी घनघोर तपस्या में लीन रहे। तपस्या करते-करते उन्हें बहुत सी ऋद्धिया प्राप्त हो गयी।

इसी बीच उस समय के भारतवर्ष में एक और घटना घटती है, जो इस प्रकार से है- अवन्ती देश की उज्जयिनी नगरी में राजा श्री वर्मा राज्य करते थे। उसके यहां चार मंत्री थे- बलि, ब्रहस्पति, प्रह्लाद और शुक्र। इन चारो की धार्मिक मान्यताये राजा से अलग प्रकार की थी। एक बार परमयोगी दिगम्बर जैन मुनि अकंपनाचार्य अपने सात सौ मुनि शिष्यों के साथ ससंघ उज्जयिनी पधारे। तब उज्जयिनी के राजा और सारी प्रजा अष्ट द्रव्य का थाल सजा कर अत्यंत उत्साहपूर्वक मुनिराजो के दर्शन के लिए निकलती है। उसी समय मुनिश्री अकंपनाचार्य को अपने अवधिज्ञान से पता चला जाता है कि इस राज्य के सभी मंत्री दूसरे धर्म को मानने वाले हैं, इसलिए इस राज्य में किसी भी तरह का किसी से भी वार्तालाप, चर्चा या संपर्क मुनिसंघ के हित में नहीं है। इसलिए उन्होंने सारे संघ को उन्होंने आदेश दे दिया कि सब मौन धारण करेंगे।

जब राजा और प्रजा ने वहां पर जाकर वंदना करने के पश्चात मुनिराजों से निवेदन किया कि हे ज्ञानवान गुरुवर, हमें धर्म का उपदेश दीजिये, जिससे हम अपने सम्पूर्ण जीवन को सफल बना सके, लेकिन किसी भी मुनिराज ने कोई भी जवाब नहीं दिया, क्योकि सब साधु मौन थे, प्रयास करने पर भी किसी भी मुनिराजों ने अपना मौन नहीं खोला,तब इन चारों मंत्रियों ने राजा को बोला कि अरे ये मुनिराज तो निरे अंगूठे-छाप हैं इनको कुछ आता नहीं है।

अगर इन मुनिराजो को कुछ आता होता, तो ये ऐसे मौन नहीं रहते। बस जैन साधु बनने पर इनको सम्मान, भोजन आदि मिल जाता है। यही कारण इनकी जैनेश्वरी दीक्षा लेने का है इसके सिवा कोई और कारण नहीं है, आप इनसे धर्म का स्वरुप पूछ रहे हैं लेकिन ये सब मुनि जानते हैं कि इनको कुछ नहीं आता है। हे राजन, जब आपके साथ हमारे सरीखे इतने विद्वान् मंत्री हैं, तो ये कैसे कुछ बोले?

अतः ये चुप ही रह रहे हैं और कुछ नहीं बोल रहे हैं। इसके बाद राजा के साथ वे सब नगर की और लौटने लगे। तब रास्ते में इसी संघ के एक श्रुतसागर नामक मुनिराज को आता देख, इन चारो मंत्रियों में से एक मंत्री बोला-

अरे देखो, कैसा जवान बैल चला आ रहा है इन मुनिराज को पता नहीं था कि आचार्य श्री ने सबको मौन रहने आदेश किया है,अतः इन मुनिराज ने मौन व्रत नहीं लिया था इसलिए इन्होंने 'स्यात' शब्द बोला, तो राजा को लगा ये साधु तो मौन नहीं है, तब राजा ने पूछा कि इसका अर्थ क्या है, तब मुनिराज बोलते हैं कि इस संसार में भ्रमण करने वाला जीव कभी बैल योनी में भी उत्पन्न हो जाता है बैल में जवानी की दशा भी बनती है, तो उस भूतपूर्व अवस्था से आपके मंत्रियों ने सही कहा है। तो एक मंत्री बोलता है कि क्या आप मानते है पुनर्जन्म?

किसने देखा है पुनर्जन्म?: जो आंखों से नहीं देखा सा सकता, वो सत्य कैसे हो सकता है? तब मुनिराज तत्काल उत्तर देते हैं कि तुम्हारे माता, पिता की विवाह विधि हुई थी। क्या वो तुमने देखी थी? वो मंत्री कहता है कि हाँ हुई थी, तब मुनि बोलते हैं कि तुम कैसे कह सकते हो कि विवाह विधि हुई थी। तो मंत्री बोलता है कि हुई तो थी, लेकिन तुम तो बोल रहे हो कि जो आँखों से दिखता है, वही सच होता है। तो मंत्री बोलता है कि मैंने सुना है तो फिर मुनि बोले कि फिर तुम्हारी पहली बात झूठी सिद्ध हो रही है ये सुनते ही उस मंत्री को कुछ जवाब समझ में नहीं आया, तो फिर मुनिराज बोले कि जो हम आत्मा, परमात्मा की धारणा को लेकर चल रहे हैं, वो भी हमने सुनी है, हमने हमारे सदगुरु से, उन्होंने गणधर परमेष्ठी से गणधर परमेष्ठी ने उनके गुरु तीर्थंकर भगवान-सर्वज्ञ से ये बात सुनी है। इस तरह अनादिकाल से आजतक यह मान्यता चली आ रही है। इसलिए हम भी उस पर अविश्वास नहीं करते हैं। इस प्रकार इन मंत्री के पास अब कोई जवाब नहीं था, अतः ये चारो मंत्री उन मुनिराज से परास्त हो गए, बात तो सच ही है। जो ज्ञानी महात्मा हैं, जिनको चारो अनुयोगो का ज्ञान है, उन आत्मज्ञानी महापुरुष को कोई जीत नहीं सकता है। वाद-विवाद में उनको कोई पराजित नहीं कर सकता है।

जो लोग थोड़ा बहुत पढ़ कर तर्क-वितर्क करने लग जाते हैं, वो अपनी ही बात से खुद ही पराजित हो जाते हैं। इस तरह स्यादवाद के धारक मुनिराज ने

सबको पराजित कर दिया और वो सब मंत्री गण परास्त होकर म्लान मुख हो चले जाते हैं। इसके बाद मुनि श्रुतसागर जी आचार्य अकम्पनाचार्य जी के पास जाते है तथा उनको सब मंत्रियों से हुए समस्त वार्तालाप को बता देते हैं कि रास्ते ये घटना हुई तो मुझे थोड़ा सा शास्त्रार्थ करना पड़ा और वो परास्त हो गये तब वे आचार्य बोलते हैं कि तुमने मुनि संघ के ऊपर संकट ला दिया है, अब इस संकट से बचने का एक मात्र उपाए यही हो सकता है कि तुम पुनः उसी स्थान पर चले जाओ और कायोत्सर्ग मुद्रा में मौन होकर खड़े हो जाओ इससे संकट भी टल जायेगा और कायोत्सर्ग करने से तुमसे गुरु की आज्ञा की अनजाने में जो भूल हो गयी है, उसका भी प्रायश्चित हो जायेगा। तब वे मुनि श्रुतसागर आचार्यश्री को नमस्कार कर चले गए और उसी स्थान पर जाकर कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़े हो गये। उधर उन चारो मंत्रियो ने बैठक में विचार किया कि इन साधुओं के कारण हमारी ऐसी बदनामी हुई है, अतः हम अब इन सब मुनियों को मार डालेंगे, तो दूसरा बोला कि सब मुनियों की हत्या करना व्यर्थ है।

अंत में निर्णय यह निकलता है कि जिस मुनि के कारण हमको इतनी बदनामी हुई है, उसी मुनि की हत्या करनी चाहिए अतः अब हम रातो-रात उस मुनि को मार डालेंगे। फिर चारो मंत्रीगण रात को उसी मार्ग से निकलते हैं रास्ते में चांदनी रात में श्रुतसागर मुनिराज को कायोत्सर्ग मुद्रा में देख कर पहचान लेते हैं और सोचते हैं कि चलो अच्छा हुआ, हमारा दुश्मन तो यही खड़ा है चारो मंत्रियों ने तलवार उठा ली और जैसे ही वो मारने को होते हैं, तब उस जगह का वन देवता उनके हाथो को कीलित कर देता है, जिससे उनके शरीर जकड़ जाते हैं और वे रात भर इसी मुद्रा में खड़े रह जाते हैं।

सुबह जब जनता मुनिराजो को वंदना के लिए निकलती है, तब रास्ते में इन दुष्टों को मुनिराज को मारने के लिए तलवार उठाये कीलित मुद्रा में देख कर अत्यंत क्रोधित होकर राजा को बताती है तब राजा बहुत कुपित होता है कि इन दुष्टों ने इतना नीचा कार्य करने की कोशिश की फिर राजा उन चारो मंत्रियो को अपमान पूर्वक देश निकाले का दंड देकर अवन्ती देश से निष्काषित कर देते हैं।

इसी बीच हस्तिनापुर के राजा पद्म पर सिंहबल नामक राजा चढ़ाई करता है, तब ये चारो मंत्री अपने छल-बल से सिंहबल राजा को बंदी बनाकर राजा पद्म के सामने ले आते हैं तब राजा पद्म बहुत प्रसन्न होता है, और बोलता है कि तुम सभी को मैं मंत्री बनाता हूँ और साथ में तुमको अगर कोई वरदान मांगना हो, तो मांग लो।

बलि मंत्री बोला, जब वक़्त होगा तब मागेंगे और इस तरह वो सभी हस्तिनापुर राज्य के मंत्री बन जाते हैं एक बार इस राज्य में भी अकम्पनाचार्य आदि सात सौ मुनिराजो का संघ चौमासा के लिए आता है। अब जैसे ही इन मंत्रियों को इस बात का पता चलता है, वे सभी राजा पद्म के पास जाते हैं और राजा से वरदान में सात दिन का राज्य मानते हैं। अब ये चारो मंत्री राजा बनते ही मुनिसंघ के चारो ओर एक बाड़ी लगा देते है फिर उसमे अग्नि जलाकर यज्ञ प्रारंभ करते हैं और लकड़ी आदि जलाने लगते हैं तब चारो ओर बहुत सारा धुवाँ फैल जाता है। यह धुवां मुनिराजों के गले, नासिका में चले जाने से मुनिराजो को अत्यंत कष्ट हो जाता है लेकिन फिर भी वो सभी मुनिराज समता धारण कर वही पर अपने आत्म चिन्तन में लीन हो जाते हैं और आहार-जल का त्याग कर देते हैं। इधर इस यज्ञ का धुवाँ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा था और मुनिराजों का दर्द भी बढ़ता जा रहा था। छठी रात को इस अत्यंत पीड़ादायक घटना से श्रवण नक्षत्र भी कम्पायमान हो उठता है।

इस स्थल से बहुत दूर विराजमान अवधिज्ञान के धारी आचार्य सागरचन्द्रजी ने इस कम्पित नक्षत्र को देखकर जाना कि ये बहुत अमंगलकारी अशुभ संकेत है और फिर वे मुनिराज अपने अवधिज्ञान से जान गए कि अकम्पनाचार्य आदि सात सौ मुनिराजों पर प्राण संकट आया हुआ है तब एकदम से उनके मुख से 'आहज !' ये शब्द निकलते हैं।

तब उन्होंने संघ में एक क्षुल्लकजी जिनके पास आकाशगामिनी विद्या थे, उनको आधी रात को ही बुलाया और बोला कि तुम तत्काल जाकर धरणीभूषण पर्वत पर विराजमान विष्णु कुमार मुनि को जाकर बता देना कि वे विक्रिया ऋद्धिधारी मुनि हैं और इन 700 मुनिराजों पर आये इस भीषण संकट का निवारण सिर्फ वे ही कर सकते हैं। तब वे क्षुल्लक जी आकाश मार्ग से चले जाते है और विष्णु कुमार मुनि को सब बताते हैं. तब इन मुनिराज को याद आता है कि हस्तिनापुर का राज्य तो मेरे पूर्व भाई का राज्य है. फिर उनके राज्य में 700 मुनिराजों पर यह विकट संकट कैसे आया? साथ ही उनको खुद की कठोर तपस्या में लीन रहने से यह पता ही नहीं चला था कि उनको विक्रिया ऋद्धि प्राप्त हो गयी है अतः वे मुनिराज इस ऋद्धि को जांचने के लिए अपना हाथ आगे बढाते हैं, तो वो उनका हाथ पर्वतो को पार करता हुआ, समुद्रो को पार करता हुआ, मनुष्य लोक की अंतिम सीमा तक चला गया और फिर उन्होंने अपने हाथ को वापस कर लिया और समझ गए कि मुझे ये ऋद्धि तो प्राप्त हो गयी है फिर वे विष्णुकुमार मुनि तत्काल वहां से आकाश मार्ग से हस्तिनापुर आ जाते हैं और अपने पूर्व के छोटे भाई राजा पद्म से पूंछते हैं कि तुम्हारे राजा होते हुए इन 700 मुनिराजों पर इतना बड़ा संकट क्यों आया?राजा पद्म बताता है कि अगर मैं राजा होता तो कभी ये नहीं होने देता लेकिन अभी मेरा राज्य सात दिनों के लिए उन मंत्रियो के पास है. अतः मैं कुछ भी नहीं कर सकता हूं। कृपया आप कुछ उपाय करे क्योकि इस वीभत्स कार्य से हम सब अत्यंत दुखी और परेशान हैं तब विष्णुकुमार मुनि विक्रिया ऋद्धि से अपना रूप बदल कर वामन का रूप धारण करते हैं। फिर वे वहां जाकर बड़ी सुन्दर आवाज में वीणा को लेकर वेदपाठ प्रारम्भ करते हैं तब बलि राजा बहुत अच्छे से उस वामन का स्वागत करते है और पूछते हैं कि हे विप्र आप क्या चाहते हो?

आपका सुन्दर वेदपाठ सुनकर हम प्रसन्न हो गए

आपका इतना सुन्दर वेदपाठ सुनकर हम प्रसन्न हो गये हैं आज किमिचिक दान का दिन है आपको जो भी माँगना है, वो मांग लो तब वह वामन ऋषि कहते हैं कि हमें संपत्ति तो नहीं चाहिए, लेकिन तीन डग जमीन चाहिए तब राजा बलि उसे तीन डग जमीन देने का वादा करते हैं तब विष्णु कुमार मुनि बोलते है 'लो बलि राजा, मैं तीन डग जमीन नापता हूं'

ऐसा बोलते ही उनके शरीर का आकर बढ़ना प्रारंभ हो जाता है,और इतना विशाल हो जाता है कि ज्योतिष पटल (तारा मंडल) से उनका सर टकराता है, फिर वो एक पैर तो जम्बूदीप की वेदी पर रखते है, दूसरा सुमेरु पर्वत पर रखते हैं यानी दो पैर में उन्होंने सुमेरु पर्वत से मानुषोत्तर पर्वत तक सम्पूर्ण मनुष्य लोक को नाप लिया, अब तीसरा पैर के लिए उनके लिए कोई स्थान बचा ही नहीं था अतः उनका पैर हवा पर लहरा रहा था तब देव लोक में हलचल मच गयी, मध्य लोक के देवता लोग भी घबरा गये, उन सबने विचार किया कि अगर अभी इन मुनिराज को शांत नहीं किया, तो उनकी नज़र मात्र से तीनो लोक कंपित हो सकते हैं और असमय में प्रलय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है तब देवता गण उनको शांत करने के लिए चार वीणा मंगवाते है, और फिर वीणा से इतना सुन्दर संगीत बजाते हुए क्षमा के गीत गाते हैं तब मुनिराज शांत होकर फिर से सामान्य रूप में दिगंबर मुद्रा में खड़े हो जाते हैं तब राजा बलि आश्चर्य में पड़ जाता है कि जैन साधु में इतनी क्षमता कि दो डग में पूरा मनुष्य लोक नाप लिया और मैं बड़ा दान वीर बना फिरता था।

सभी देवताओ ने फिर बलि आदि मंत्रियों को बाँध दिया और इन मुनिराजो के चरणों में डाल दिया तब ये सभी मंत्री समस्त 700 मुनिराजों से माफ़ी मांगते हैं, तब मुनिराज उसको क्षमा कर देते हैं। साथ ही उन मुनिराजो का उपसर्ग भी देवता लोग मिटा देते हैं और वातावरण को भी सुमुधर तथा सुगंधित बना देते हैं लेकिन जो धुवां उन मुनिराजो के अन्दर चला गया था, उससे उनको बहुत तकलीफ हो रही थी फिर सुबह जब पूर्णिमा का यह रक्षाबंधन का दिन उदित होता है, तब सभी 700 मुनिराजजी आहार के लिए जाते हैं, तो पूरी हस्तिनापुर नगरी के श्रावक लोग ऐसा सुमुधर आहार निर्माण करते हैं जिससे इन सभी 700 मुनिराजों की कंठ की पीड़ा ठीक हो जाए फिर इन सभी 700 मुनिराजों को खीर में घी डालकर उसका आहार देते हैं. इस आहार से मुनि महाराजो के गले में शांति होती है और वे सभी लोगो को उनके कल्याण का उपदेश देते हैं।

इस दिन पूरे राज्य और देश में एक अद्भुत वात्सल्य का, एक दूसरे के प्रति सम्मान और आदर का भावुक वातावरण बन गया फिर सभी लोगो ने एक दूसरे के हाथो में पतला सा धागा सूत्र बांधा और संकल्प लिया, कसम खायी कि कभी भी देव-शास्त्र-गुरु पर संकट आयेगा, तो हम सब मिलकर उनका सामना करेगे। इसके बाद वे विष्णुकुमार मुनि अपने गुरु के पास जाते हैं और अपने इस रूप बदलने का प्रायश्चित लेते हैं और अंत में वे विष्णुकुमार मुनिराज भी उसी जन्म में सभी धातिया और अधातिया कर्मो का नाश कर उसी भव से मोक्ष चले जाते हैं।

इस तरह चैतन्यदेव की सर्वोच्च शक्ति को दर्शाने वाले आत्म धर्म के शास्त्रों में परमपूज्य मोक्षगामी विष्णुकुमार मुनिराज की यह अद्भुत कथा जैन शास्त्रों में रक्षाबंधन पर्व के रूप में मनायी जाती है।

'ऐसा क्यों?'

चातुर्मास क्यों किया जाता है?

आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

वर्षायोग नाम से ही बरसात के मौसम का अहसास होता है। चार माह तक बारिश के कारण सम्मूर्च्छन सूक्ष्म जीवोत्पत्ति की मात्रा ब्ढ़ जाती है। चारों तरफ हरी भरी भूमि हो जाती है। अहिंसा महाव्रत का पालन करने के लिए दिगम्बर जैन संत आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी से लेकर कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी अथवा अष्टान्हिका महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी के दिन वर्षायोग का निष्पादन करते हैं।

वर्षायोग में जैन संत वर्ष में लगे दोषों का प्रायश्चित करने के लिए व्रत-उपवास भी किया करते हैं।

ध्यान रखना- होली, दीपावली, दशहरा एक-दो दिन खुशी देकर चले जाते है लेकिन चातुर्मास का त्यौगार, गुरु पूर्णिमा, वीरशासन जयंती, रक्षाबंधन, दसलक्षण, महापर्व, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली के साथ संत सान्निध्य में चार मोह तक त्यौहार की तरह आनंद सम्पन्न होता है।

चातुर्मास में किसान पानी द्वारा भूमि को उपजाऊ बनाता है और भव्य श्रावक चार माह तक संत की वाणी सुनकर व्रत, नियम, संयम, धारणा करके आत्म-कल्याण की भूमिका बनाता है। हिन्दू मान्यतानुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी से देवों का प्रबोधेत्सव सपन्न किया जाता है। इन चार माह जैन हिन्दू परंपरा में विवाहादि, सामाजिक सभी कार्य वर्जित हुआ करते हैं। स्वास्थ्य लाभ के लिए सम्प्रदाय में बैगन, बीजयुक्त फल, आलू, प्याज, लहसुन आदि जमीकंद बेर, ऑवला, मसूर, इमली इत्यादि पदार्थों का भी निषेध किया जाता है।

जीव रक्षार्थ और अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए वर्षायोग में सर्व सम्प्रदाय के लिए वरदान है। इसलिए चातुर्मास के चार मास में संयम को अपनाकर वर्षभर में लगे दोषों को साफ करें।

सूरज चढ़ा हुआ है मगर सो रहे हैं लोग

यह इन्सान के अपने हाथ में है कि यह शैतान बने या देवता बने, मनमुख बने या गुरमुख बने। इस अवसर को इन्सान ने संभालना है वर्ना-

पौड़ी छुटकी हाथ न आवे,
मनमुख अहला जन्म गंवाया।

यह समय फिर हाथ आने वाला नहीं है। इस जीवन का और मौत का कितना फासला है? पता भी नहीं चलता, जीवन लीला समाप्त हो जाती है। इसीलिए कहते हैं कि जितना समय तेरे हाथ में है इसे व्यर्थ मत गंवा, इसकी कदर डाल। लेकिन इन्सान अन्य सभी कार्यो के प्रति तो जागृत है; लेकिन सत्य के प्रति, मानवता के प्रति, सद्गुणों को ग्रहण करने के प्रति यह सोया हुआ है। इसके लिए इसे जागृत करने की आवश्यकता पड़ती है। जैसे कहा भी गया है कि-

पुरनूर जिन्दगी की सहर खो रहे हैं लोग।
सूरज चढ़ा हुआ है मगर सो रहे हैं लोग।

सूरज की किरणों ने चारों ओर उजाला किया हुआ है लेकिन इन्सान अपने ऊपर कम्बल तान कर सोया हुआ है। इसने अपनी आंखें बंद कर रखी है जिस कारण यह अन्धेरे में ही भटक रहा है। यह जीवन इसका अन्धकार में ही बीत जाता है। यदि इस जीवन में ही सवेरा नही हुआ तो आगे सवेरे की माना कैसे की जा सकती है? अगर इस जीवन काल में ही इसकी आँखे खुल गई तभी आगे भी सवेरा हो सकता है। इसीलिए महापुरुष समझाते हैं कि-

कबीरा सूता क्या करे बैठा रह और जाग।
जाके संग ते बिछुरा ताही के संग लाग।

इन्सान, तू जिस प्रभु से बिछुड़ा हुआ है, इससे नाता जोड़ ले। यह कुछ वर्षो का जो जीवन मिला है, इसमें हमने सत्य के प्रति सजग होना है।

सदगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज | निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

पंचांग

शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022, सूर्योदयः 05:47 ए एम, सूर्यास्तः 07:08 पी एम, चन्द्रोदयः 07:46 पी एम, चन्द्रास्तः चन्द्रास्त नहीं, शक सम्वतः 1944 शुभकृत, विक्रम सम्वतः 2079 राक्षस, गुजराती सम्वतः 2078 प्रमादी, अमान्त महीनाः श्रावण, पूर्णिमान्त महीनाः श्रावण, वारः शुक्रवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः पूर्णिमा - 07:05 ए एम तक, क्षय तिथिः प्रतिपदा - 03:46 ए एम, अगस्त 13 तक, नक्षत्रः धनिष्ठा - 01:36 ए एम, अगस्त 13 तक, योगः सौभाग्य - 11:34 ए एम तक, करणः बव - 07:05 ए एम तक, द्वितीय करणः बालव - 05:23 पी एम तक, क्षय करणः कौलव - 03:46 ए एम, अगस्त 13 तक, सूर्य राशिः कर्क, चन्द्र राशिः मकर - 02:49 पी एम तक, राहुकालः 10:48 ए एम से 12:28 पी एम, गुलिक कालः 07:27 ए एम से 09:07 ए एम, यमगण्डः 03:48 पी एम से 05:28 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:01 पी एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:27 ए एम से 09:21 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:54 पी एम से 01:48 पी एम, अमृत कालः 04:17 पी एम से 05:43 पी एम, वर्ज्यः 07:42 ए एम से 09:08 ए एम

भविष्य फल

मेषः आज का दिन ज्यादा अनुकूल नहीं है, इसलिए सेहत का ध्यान रखें क्योंकि आपका स्वास्थ्य परेशान कर सकता है।

वृषः व्यापार में कई गुना अधिक वृद्धि होने के योग बन रहे है। संगीत के क्षेत्र में रूचि रखने वालों को आज कोई अच्छा गुरु मिल जायेगा।

मिथुनः दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा। अचानक कोई खास काम आपको करना पड़ सकता है। आज ऐसे ही काम शुरू करें जो जल्दी पूरे हो जाएं।

कर्कः आज दोस्तों और रिश्तेदारों से आपके संबंध खास हो सकते हैं। परिवार के लोग भी मददगार हो सकते हैं।

सिंहः आज आलस को त्याग कर आगे बढ़ने का समय है। अपने रुके हुए कामों पर ध्यान दें। इससे आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

कन्याः आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आपका ध्यान अध्यात्म और धार्मिक गतिविधियों में ज्यादा रहेगा।

तुलाः हर मौके का फायदा उठाने की कोशिश करें। आपके सारे काम आसानी से और समय पर निपट सकते हैं।

वृश्चिकः आज महालक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप के ऊपर बनी रहेगी। नौकरी पेशा लोगों को आय व पदोन्नति में बढ़ोतरी मिल सकती है।

धनुः आज आपकी मेहनत सफल होगी और अपने काम में आप का प्रदर्शन जबरदस्त रहेगा, जिससे बेहतर नतीजे प्राप्त होंगे।

मकरः बिजनेस मे बढ़ोत्तरी के लिये आपके दिमाग में जो भी उपाय आयेगा वो कारगर साबित होगा। किये हुये काम का पूरा परिणाम मिलने वाला है।

कुंभः कोई खुशखबरी मिल सकती है। अधूरे और रुके हुए काम निपटाने के लिए दिन ठीक है। रोजमर्रा के कामकाज से फायदा हो सकता है।

मीनः मेहनत का उचित फल मिलेगा। अब बदलाव आपकी पूरी कार्यप्रणाली को बदल देगा जिससे आप समृद्धि और विकास की ओर अग्रसर होंगे।

पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला

सतरंगी पर्दा

आमिर खान ने 'लाल सिंह चड्ढा' की कामयाबी के लिए स्वर्ण मंदिर में टेका माथा

धृति गोयनका का 'चन्ना मेरेया'

पंजाब में मोहाली की 23 साल की युवा अदाकारा धृति गोयनका 'चन्ना मेरेया' सीरियल में गुरलीन का अहम किरदार निभा रही हैं। इस सीरियल में वे करन वाही की बहन के रोल में हैं। धृति ने इस सीरियल में सलेक्शन के लिए पहले एक ऑडिशन दिया, फिर लुक टेस्ट हुआ। डायरेक्टर और कास्ट के साथ स्क्रिप्ट रीडिंग भी हुई। इसके बाद शूट शुरू हो गया। इससे पहले वे राधा कृष्णा शो कर चुकी हैं।

धृति इससे पहले एक पंजाबी फिल्म 'सीतो मरजानी' में लीड रोल कर चुकी हैं। कई एड और शॉर्ट फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इस तरह हर बार कुछ न कुछ अलग रोल करते हुए इंडस्ट्री में वे एक अलग पहचान बनाकर आगे बढ़ते रहने की कोशिश में हैं। धृति के मुताबिक इस इंडस्ट्री में नाम और शौहरत आसानी से नहीं मिलती है, बल्कि इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। कभी सफलता मिलती है तो कभी असफलता, लेकिन जो घबराए बिना आगे बढ़ गया, उसे कामयाबी हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता।

आमिर की स्वर्ण मंदिर में अरदास

फिल्म अभिनेता आमिर खान ने आज सुबह साढ़े पांच बजे अमृतसर पहुंच कर स्वर्ण मंदिर में माथा टेका और अपनी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की कामयाबी के लिए अरदास की। यह फिल्म वीरवार को रिलीज़ हो रही है। बड़े बड़े अभिनेताओं की लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों को देखते हुए आमिर भी अपनी फिल्म की कामयाबी को लेकर चिंतित हैं। आमिर की फिल्में आम तौर पर बॉक्स ऑफिस पर तगड़ा बिजनेस करती रही हैं, इसलिए निर्माता-निर्देशक उन पर भरोसा करते हैं। लेकिन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के हालत आजकल बहुत बदले हुए हैं।

आमिर ने अपने स्वर्ण मंदिर के दौरे को बेहद गुप्त रखा था। इस दौरान उनके साथ छोटे पर्दे की अदाकारा मोना सिंह भी थीं। यह फिल्म आमिर के उस बयान के बाद रिलीज़ हो रही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में असहिष्णुता बढ़ रही है। ऐसे में लोग फिल्म के बहिष्कार की भी मांग कर रहे हैं। देखना है कि आमिर खान की नई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' लोगों को लुभा पाने में कितनी कामयाब होती है।

गजब है सपना का नया गाना

डांसिंग क्वीन कही जाने वाली हरियाणवी छोरी सपना चौधरी अपने ठुमकों से अक्सर सभी का दिल जीत लेती हैं। उनके डांस की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है और उनके फैंस अक्सर नया डांस देखने और उनके प्रोग्राम में जाने के लिए घंटों तक लाइनों में खड़े रहकर इंतजार करते हैं। इतना ही नहीं, देसी क्वीन सपना अपने फैंस के लिए आए दिन नए-नए गाने भी रिलीज करती रहती हैं, जिनमें उनका अलग-अलग अंदाज दर्शकों को देखने मिलता है। इसी कड़ी में सपना ने आज अपना नया गाना 'बंदूक का रिवाज' रिलीज किया है। यह गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है।

हरियाणा की शान माने जाने वाली सपना चौधरी का हर गाना लोगों के दिलों में उतर जाता है। उनकी आवाज से लेकर उनके डांस तक दर्शक सपना की हर चीज की तारीफ करते नहीं थकते हैं। जहां पिछले दिनों सपना ने अपने गाने 'कामिनी' से फैंस का दिल जीता था, वहीं आज उन्होंने अपना एक नया गाना 'बंदूक का रिवाज' रिलीज किया है। हमेशा की तरह इस गाने में भी सपना का देसी अंदाज दर्शकों के दिलों को छू रहा है। इसमें उनके डांस के साथ-साथ बैकग्राउंड में बंदूकों की आवाज भी गूंज रही है।

गाने के बोल के जरिए हरियाणा की शादियों में बंदूक के रिवाज को समझाया गया है। हमेशा की तरह इस गाने में भी सपना लहंगा पहने ठुमके लगाती नजर आ रही हैं और उनके साथ अभय बैसला बंदूक उठाकर डांस करते दिख रहे हैं। सपना का यह गाना सोनोटेक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना भी उनके पिछले गानों 'दामन', 'छोरी मेरी जान' और 'कामिनी' की तरह ही यूट्यूब पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है।

अक्षय कुमार की 'रक्षा बंधन'

पंजाबी पुत्त अभिनेता अक्षय कुमार इस समय अपनी आगामी फिल्म 'रक्षा बंधन' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वह इस फिल्म का जमकर प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं और अलग-अलग शहरों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं। जिसे देखने के बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि जब से 'भूल-भूलैया 2' सफल हुई है, तब से बॉलीवुड सितारों ने अपने प्रचार का तरीका बदला है। सभी स्टार्स कार्तिक आर्यन की तरह अलग-अलग शहरों में फैंस के बीच जाकर फिल्मों का प्रमोशन कर रहे है। इसी क्रम में अभिनेता अक्षय कुमार भी अपनी ऑनस्क्रीन बहनों शॉपिंग तक करवाते नजर आ रहे हैं।

अक्षय कुमार की 'रक्षा बंधन' सिनेमाघरों में 11 अगस्त को रिलीज हो रही है। यह फिल्म एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। इससे पहले दोनों फिल्म 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' में नजर आए थे, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा अक्षय की चार बहनें इस फिल्म में नजर आएंगी, जिनका नाम सादिया खतीब, स्मृति श्रीकांत, शाहजमीन कौर, दीपिका खन्ना हैं।

जैसा कि इसके नाम से ही पता चल रहा है कि यह फिल्म भाई बहन के रिश्ते पर आधारित है, जिसमें प्यार, दोस्ती, कॉमेडी इमोशन, सब कुछ देखने को मिलेगा. अक्षय एक ऐसे भाई की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी बहनों का घर बसता देखना चाहता है। इस फिल्म में मिडिल क्लास इंसान की जीवन की परेशानियों के साथ दहेज प्रथा के बारे में भी दिखाया गया है।

मानुषी छिल्लर दिखेंगी 'तेहरान' में

कुछ समय पहले अभिनेता अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' से दिखाई दी हरियाणवी छोरी मानुषी छिल्लर अब अपनी अगली फिल्म 'तेहरान' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में एक्ट्रेस को जॉन अब्राहम के साथ लीड रोल में देखा जाने वाला है। इस फिल्म के लिए मानुषी के फैंस भी काफी उत्साहित हैं।

मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम कर चुकीं एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में अपने उभरते करियर के कारण काफी चर्चा में हैं। इसी के साथ उन्होंने अपनी अदाओं से भी सभी को दीवाना बनाया हुआ है। फैंस ने उन्हें हर अवतार में खूब प्यार दिया है। ऐसे में एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों के साथ जुड़े रहने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देतीं। अब मानुषी ने फिर फैंस के साथ अपना नया लुक शेयर किया है।

मानुषी इंस्टाग्राम पर लगभग हर दिन अपना एक नया लुक शेयर कर देती हैं। अब उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक फैंस को दिखाई है। इन फोटोज में एक्ट्रेस को व्हाइट कलर की रिवीलिंग टी-शर्ट पहने देखा जा रहा है।

भूमि पेंडणेकर की अदा

हरियाणा की भांजी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर हिंदी सिनेमा में अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस बॉलीवुड के साथ-साथ फैशन वर्ल्ड का जाना माना नाम है। भूमि अपने कमाल के फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। अक्सर इंटरनेट पर भूमि स्टाइलिश और स्टनिंग अंदाज वायरल रहता हैं। भूमि बॉलीवुड की उन एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हैं जो अपने ड्रेसिंग सेंस के साथ किसी भी तरह का एक्सपेरिमेंट करने से नहीं डरती हैं। एक्ट्रेस अक्सर डिफरेंट टाइप के आउटफिट्स को बेहद ग्रेसफुल अंदाज के साथ कैरी करती हैं। एक बार फिर भूमि ने अपने स्टाइलिश अंदाज से इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है।

भूमि पेडनेकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनका इंस्टाग्राम उनकी सिजलिंग और बोल्ड फोटो और वीडियो से भरा हुआ है। एक्ट्रेस के इस लेटेस्ट लुक की बात करें तो लाइट कलर के आउटफिट में भूमि बेहद सिजलिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस के ड्रेस की बात करें तो उन्होंने ऑफ शोल्डर टॉप को पैंट के साथ पेयर किया है। भूमि अपने कमाल के ड्रेसिंग सेंस के साथ-साथ मेकअप स्टाइल के लिए भी जानी जाती हैं. एक्ट्रेस को अपने आउटफिट और हेयरस्टाइल के अनुसार मेकअप करना बहुत अच्छे से आता है।

भूमि पेडनेकर कई हिट फिल्मों में नजर आ चुकी हैं. वहीं लेटेस्ट फिल्म की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'रक्षाबंधन' में नजर आने वाली हैं. फिल्म 'रक्षाबंधन' 11 अगस्त को रिलीज होगी। इस फिल्म में भूमि अक्षय के साथ ऑन स्क्रीन रोमांस करते हुए नजर आएंगी।

प्रस्तुतिः सुमित्रा

न्यूज ब्रीफ

विश्वास फाउंडेशन ने लगाया पौधों का लंगर

चंडीगढ़/मनीमाजरा (अप्रस)। विश्वास फाउंडेशन द्वारा रक्षा बंधन के उपलक्ष्य पर मनीमाजरा में बाबा गार्मेंट्स के सामने निशुल्क पौधा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधा वितरण के कार्यक्रम में बाबा गार्मेंट्स से हेम चंद अग्रवाल, खेम चंद अग्रवाल व नेम चंद अग्रवाल का सहयोग अति सराहनीय रहा। विश्वास फाउंडेशन द्वारा आज लगभग 1500 पौधे दुकानदारों व आने जाने वाले लोगों को वितरित किए गए। विश्वास फाउंडेशन की महासचिव साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार है, ये न केवल हमें छाया और फल फूल देते हैं बल्कि जीवनापयोगी आविसजन देते हैं। हमारे आसपास जीतने ज्यादा पेड़ होंगे, वातावरण उतना ही शुद्ध होगा। हरेक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल भी स्वयं करनी चाहिए। साथ ही अन्य लोगों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विश्वास फाउंडेशन चाहता है कि बरसात के मौसम में पहले ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं जो आगे चलकर बड़े और घने वृक्ष बनें। इनमें 8 तरह की किसम के पौधे बांटे गए जिसमें की जामुन, अमरूद, इमली, कड़ी पत्ता, सहजन, आंवला, बेर, शीशम व नीम थे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा मिल सके। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से ऋषि सरल विश्वास, ऋषि मोहित विश्वास, श्याम सुंदर साहनी, सविता साहनी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

एनएचपीसी ने वितरित किये तिरंगे

चंडीगढ़ (अप्रस)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कर्मचारियों ने वीरवार को चंडीगढ़ में विभिन्न जगहों पर जरूरतमंद लोगों को तिरंगा वितरित किया और हर घर तिरंगा अभियान के बारे में लोगों को जागरूक किया।

पार्षद प्रेमलता ने पुलिस कर्मियों संग मनाया राखी का त्योहार

चंडीगढ़ (अप्रस)। वीरवार को शहर में राखी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी और उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं बीट 35 में तैनात एएसआई और कॉन्स्टेबल ने वार्ड नंबर 23 की पार्षद प्रेमलता से राखी बधवाई। और लंबी आयु की कामना की। उन्होंने कहा कि भाई-बहन के इस रिश्ते को कायम रखने के लिए वह देश में भाईचारे का संदेश दे रही है।

शिष्टमंडल ने पुलिस महानिदेशक को भेंट किया तिरंगा

चंडीगढ़ (अप्रस)। अनिल वोहरा चेयरमैन, कमलजीत सिंह पंछी अध्यक्ष और सुनील वर्मा जनरल सेक्रेटरी नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया (चंडीगढ़ और पंजाब) ने वीरवार को चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक प्रवीर रंजन को 75वें आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर तिरंगा भेंट करके बधाई दी।

कार-बाइक भिड़ंत में बाइक सवार जख्मी

चंडीगढ़ (अप्रस)। थाना 34 पुलिस ने कार और मोटरसाइकिल की हुई भिड़ंत के चलते आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता जगतपुरा मोहाली के रहने वाले 31 वर्षीय बच्चन बाबू ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। वह बुधवार को अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने किसी काम से आकर अपने घर की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह सेक्टर 46 सीडी टर्न के पास पहुंचा तो एक आरोपी कार चालक ने मोटरसाइकिल चालक को अपनी चपेट में ले लिया। और वह सड़क पर गिर गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी हुए मोटरसाइकिल चालक को इलाज के लिए सेक्टर 32 के अस्पताल में भर्ती करवाया। यहा उसका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोर गिरोह गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

■ प्वाइंट 32 बोर की एक पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस और एक ब्रीजा वाहन कार बरामद

अर्थ प्रकाश/सागर पाहवा

मोहाली 11 अगस्त। मोहाली पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के पांच लोगों गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों से एक ब्रीजा कार, प्वाइंट 32 बोर का एक पिस्तौल के अलावा 5 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। उपरोक्त मामले में मोहाली के एसएसपी विवेक शील सोनी ने आयोजित प्रैसवार्ता के दौरान बताया कि मोहाली पुलिस ने पंजाब सरकार की गाइडलाइंस के तहत बदमाशों के खिलाफ छापेमारी शुरू कर दी है।

अमनदीप सिंह बराड़, एसपी (जांच) मोहाली और गुरशेर सिंह, पुलिस डीएसपी (जांच) के साथ-साथ अन्य पुलिस टीम के साथ गुप्त सूचना के आधार पर गैंगस्टर संपत नेहरा के गिरोह के सदस्य विकास उर्फ लक्की पुत्र जंग बहादुर निवासी गांव बादली थाना सदर खरड़ जिला सदर खरड़ थाना क्षेत्र से गत दिवस को शिव कुमार प्रभारी सीआईए स्टाफ मोहाली टीम सदर खरड़ थाना क्षेत्र से अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में विकास उर्फ लक्की ने बताया कि उसका साथी जिनमें गुरविंदर सिंह उर्फ बंटी उर्फ गुरी पुत्र बलविंदर सिंह निवासी ग्राम बहिदली थाना सिंह भंगवंतपुरा जिला रूपनगर उम्र करीब 22 वर्ष, रमनदीप सिंह उर्फ रमना पुत्र जसवीर सिंह निवासी ग्राम बहिदली थाना सिंह भंगवंतपुरा जिला रूपनगर उम्र करीब 24 वर्ष ने मोरिंडा खरड़ रोड पर बंदूक की नोंक पर एक ब्रीजा वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिनको पुलिस ने गिरफ्तार कर चुकी है।

आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न आइपीसी की धारा के तहत मामला दर्ज करके जशीन अख्तर निवासी नकोदर, जिला जालंधर, गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी निवासी चथमली, जिला रूपनगर, गुरविंदर सिंह उर्फ बंटी उर्फ गुरी पुत्र बलविंदर सिंह निवासी ग्राम बहिदली थाना सिंह भंगवंतपुरा जिला रूपनगर के अलावा पावंचे साथी रमनदीप सिंह उर्फ रमना पुत्र जसवीर सिंह निवासी ग्राम बहिदली थाना सिंह भंगवंतपुरा जिला रूपनगर को भी गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरोह से पुलिस को एक पिस्टल 32 बोर सहित 5 राउंड कारतूस,एक ब्रीजा कार को भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश करके उनका पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा और गिरोह के अन्य सदस्यों के बारें में भी पता लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच गंभीरता से चल रही है।

बहनों की रक्षा के साथ ही पौधों का ध्यान रखने की भी कसम खाई

निगम के अधिकारियों ने किया पौधारोपण

अर्थ प्रकाश/मनीष

चंडीगढ़, 11 अगस्त। वीरवार को रक्षाबंधन के पावन त्योहार पर भाई बहनों से तो रखड़ी बंदवाते ही है। इसी ते तहत कुछ अलग देखने को मिला। रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर आज निगम के कर्मचारियों ने मनीमाजरा सिविल अस्पताल के सामने खाली पड़ी जमीन पर करीब 30 पौधे लगाए।

इस मौके पर नगर निगम के इंस्पेक्टर दविंदर रोहिल्ला ने बताया कि रक्षाबंधन के त्यौहार पर भाई बहनों से तो रखड़ी बदवाते ही हैं। और के साथ हमने रक्षाबंधन के त्यौहार पर पौधारोपण किया। ताकि हमारा शहर प्रदूषण मुक्त और शहर को पेड़ों के साथ और हरा भरा कर सकें।

महिला पतंजलि योग समिति ने पंडवाला में लगाए औषधीय पौधे

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी 11 अगस्त। महिला पतंजलि योग समिति, डेराबस्सी द्वारा श्री बालकृष्ण के जन्मदिवस को 'जड़ी-बूटी दिवस' के तौर पर मनाते हुए 'जड़ी-बूटी वितरण' कार्यक्रम के अंतर्गत गांव पंडवाला की बहनों के साथ औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए। नियमित महिला पतंजलि योग कक्षा में नियमित योगाभ्यास के बाद सभी योग साधक बहनों को औषधिय गुणों वाले पौधों (तुलसी, गिलोए, अर्जुन, बेहड़ा, आंवला, जामुन आदि) का वितरण किया गया और गांव के पंचायती खेल मैदान में वृक्षारोपण भी किया गया। यह समारोह दीपिका शर्मा, जिला प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति, बहन स्नेह लता, तहसील प्रभारी, डेराबस्सी की अध्यक्षता में हुआ। आज के समारोह में राजेश शर्मा, जिला प्रभारी, पतंजलि योग समिति, डेराबस्सी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

गुरुद्वारा अंब साहिब में नए मोदी खाने व लेखा कार्यालय का उद्घाटन

■ आम की उन्नत किस्मों के 200 पौधे लगाने का कार्य बीबी लांडरां और परविंदर सोहाना ने करवाया आरम्भ

अर्थ प्रकाश/सागर पाहवा

मोहाली 11 अगस्त। शिरोमणि समिति सदस्य परमजीत कौर लांडरां और निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी शिरोमणि अकाली दल मोहाली, परविंदर सिंह सोहाना ने साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) के फेज 8 स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा अम्ब साहिब में नवनिर्मित मोदी खाने (स्टोर) और कोषाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन किया। यह मोदी खाना और कोषाध्यक्ष कार्यालय यहाँ कार सेवकों द्वारा बनाया गया है। इसके साथ ही शिरोमणि समिति के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के अनुसार जहां पूर्व में आम के 300 पेड़ लगाए गए थे, आज बीबी लांडरां और परविंदर सिंह सोहाना द्वारा 200 और नए और बेहतर आम के पेड़ लगाए गए।

इस मौके पर मोहाली से शिरोमणि कमेटी की सदस्य बीबी परमजीत कौर लांडरां ने कहा कि गुरुद्वारा अंब साहिब को श्री गुरु हर राय साहिब की चरणछोह प्राप्त है और यहां दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि मोदीखाना, जो पहले लंगर हॉल के साथ था, बहुत छोटा था। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु यहां बहुत सारी सामग्री दान करते हैं और इसे रखने के लिए एक बड़े मोदीखाने की जरूरत होती है। इस वजह से अब यहां एक बड़ा मोदी खाना बन गया है, जिसका नाम श्री गुरु हर राय साहिब मोदी खाना रखा गया है। बीबी लांडरां ने कहा कि इसी तरह लेखाकार कार्यालय की कमी थी, जिसे लेखाकार के लिए अलग कार्यालय द्वारा पूरा किया गया है। बीबी परमजीत कौर लांडरां ने आज यहां आम की नई और उन्नत किस्मों के रोपण के कार्य का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिरोमणि समिति समय-समय पर पर्यावरण की रक्षा के लिए अभियान चलाती है और इसके तहत इस वर्ष गुरुद्वारा साहिब में 500 नए आम के पेड़ लगाए जाने है। पहले यहां 300 पौधे लगाए गए थे जबकि अगले दो से तीन दिनों में 200 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक रस्म अदायगी नहीं है बल्कि इन पेड़ों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी स्वयं श्रद्धालुओं द्वारा ली जाती है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि हम यहां के 80 फीसदी पौधों को बचाने में कामयाब रहे है। इस अवसर पर रजिंदर सिंह टोहड़ा प्रबंधक गुरुद्वारा अम्ब साहिब, बीबी हरबंस कौर, हरविंदर सिंह सूरी, बलजिंदर सिंह जेई, सुरजीत सिंह लेखाकार जतिंदर सिंह धर्म प्रचार समिति और गुरुद्वारा अंब साहिब के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

ब्रह्माकुमारीज़ मोहाली का 12 दिवसीय राखी कार्यक्रम सम्पन्न

■ मोहाली में अनेक गणमान्य व्यक्तियों को भी ब्रह्माकुमारीज ने बांधी राखी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली, 12 अगस्त। भाई -बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन का पावन पर्व ब्रह्माकुमारीज़ की संस्था द्वारा मोहाली-रोपड़ क्षेत्र में बहुत स्नेह, श्रद्धा व उमंग से मनाया गया। इस सबंध में इस क्षेत्र में पिछले 12 दिन से चल रहे कार्यक्रमों के अंतिम दिन आज अनेक उच्च अधिकारियों, राजनीतिज्ञों, शिक्षकों, उद्योगपतियों, न्यायाधीशों, डाक्टरों, समाज सेवकों, सुरक्षा बल के जवानों आदि को रक्षा-बंधन पर्व के आध्यात्मिक रहस्यों को स्पष्ट करते राखी बांधी गई तथा मुख मीठा करवाया गया। ब्रह्माकुमारीज बहनों ने सभी से इस पर्व पर स्थूल धन व चीजों का उपहार लेने की बजाय अनोखे उपहार मांगे वह थे 5 खोटे सिक्के अर्थात काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार में से कम से कम एक खोटा सिक्का अर्थात एक बुराई तथा कम से कम एक दैवी गुण स्वयं में धारण करने की शुभ कामना।

मोहाली रोपड़ क्षेत्र के राजयोग केंद्रों की संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रेमलता बहन जी ने राखी पर लोगों से अपील की कि वे विश्व में बढ़ती हिंसा, अशांति, आतंक, अपहरण, अलगाववाद, बदले की भावना को त्याग कर शांति, प्रेम, पवित्रता, सहनशीलता, सदभावना, शुभ भावना व विश्व भाईचारे को अपनाने का संकल्प लें ताकि सभी लोग सुख से जीवन जी सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परमपिता परमात्मा शिव अब कलियुग अंत में सृष्टि परिवर्तन हेतु सारी मानवता को प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा पवित्र और योगी बनने का आदेश देते हैं जिसकी यादगार ही बहनों द्वारा भाइयों को या यजमानों को राखी बांधने की प्रथा बाद में प्रचलित होती है। मोहाली के जिन संस्थानों में सामूहिक रूप में ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी के रहस्यों को स्पष्ट करके ग्रुप्स में राखी बांधी उनमें मुख्यतः निम्न लिखित संस्थाएं शामिल थी।

फूड सेक्टर के प्रतिनिधियों ने खाद्य उत्पादों पर एफओपीएल चेतावनी पर दिया बल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। हैल्थी फूड के प्रति उपभोक्ताओं में जागरुकता फैलाने की दिशा में कोलकाता में सम्पन्न हुई स्ट्रेटिजिक प्लानिंग मीट में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे सिटिजंस अवेरनेस ग्रुप (सीएजी) और स्थानीय उद्योग के प्रतिनिधियों का मत था कि भारत में भी ग्लोबल स्टैंडर्ड के अनुरुप 'फ्रंट आफ पैक लैबलिंग' (एफओपीएल) का अनुसरण होना आवश्यक है। सीएजी के चैयरमैन सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस मीट में देश भर से फूड सेक्टर के स्टेकहोल्डर्स जुटे और इस दिशा में उठाये जाने वाले प्रयासों को कैसे प्रभावी बनाया जाये, उन सभी पहलूओं पर चिंतन मंथन किया। मीट के दौरान फूड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ इस दिशा में प्रयासरत संगठन और एफएसएसएआई के प्रतिनिधियों की भी व्यापक भागीदारी देखने को मिली।

मीट के आयोजक व कंज्यूमर वायस के सीईओ आशीम सन्याल ने बताया कि देश में अल्ट्रा प्रोसेस्ड पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट्स की खपत में अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ने के साथ भारत, एफओपीएल को अपनाने को प्राथमिकता दे रहा। भारत ने अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड एंड बैवरेजिस की सेल और खपत में उच्चतम दर दर्ज की है। यह प्रोडक्ट्स चीनी, नमक औ एडिटिव्स में बहुत युक्त होते हैं। 2006-2019 के यूरोमीटर सेल्स डाटा के आंकड़ों के अनुसार, भारत में पैकेज्ड जंक फूड और बैवरेजिस सेक्टर मात्र 13 सालों में ही 42 गुणा बढ़ गया है जिसकी अनदेखी खपत चिंता का कारण है। इसके विपरित सरकार फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का रोजगार सृजन के लिये एक प्रमुख क्षेत्र के रुप में देखती है, वर्तमान में यह मार्केट 200 बिलियन डालर्स का है और भविष्य में यह 500 बिलियन डालर्स तक बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस तेजी से पनप रहे सेक्टर के लिये एफओपीएल जैसे प्रभावित नए जल्द लागू किये जाने चाहिये जिससे की उद्योग भी प्रभावित न हो और खपतकार लोगों के उनकी हैल्थ के प्रति भी सजग रखा जा सके।

न्यूज ब्रीफ

सशस्त्र बलों में करियर पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

सोलन (अप्रस)। आज़ादी का अमृत महोत्सव–75 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह' मनाने की तैयारी के रूप में, लॉरेंस स्कूल सनावर ने 'सशस्त्र बलों में करियर' पर एक शानदार इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया, जिसमें कक्षा आठ से बारह तक के 150 से अधिक छात्र भाग लिया इस सत्र के मुख्या प्रवक्ता भारतीय सेना के अधिकारी और स्कूल के पुराने छात्र कर्नल भास्कर तोमर थे अपने उद्घाटन भाषण और स्वागत भाषण में, प्रधानाध्यापक, हिम्मत सिंह ढिल्लों ने कहा, फ्रसनावर का सशस्त्र बलों के साथ बहुत मजबूत संबंध है और हमारे पास परम वीर चक्र से सम्मानित शहीद अरुण खेत्रपाल सहित प्रसिद्ध अधिकारियों की एक लंबी सूची है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। सनावर स्कूल को अपनी छात्रा कैप्टन अभिलाषा बराक पर भी बेहद गर्व है, जिन्होंने भारतीय सेना में पहली महिला लड़ाकू विमान वाहक होने का गौरव हासिल किया। एक घंटे की बातचीत में 3 पैरा के कमांडेंट कर्नल तोमर ने छात्रों को उन गुणों के बारे में बताया जो एक अच्छा अधिकारी बनने के लिए आवश्यक हैं। एनडीए परीक्षा की तैयारी के बारे में बहुत उपयोगी जानकारी देने के अलावा, उन्होंने चरित्र के महत्व पर जोर दिया– 'चरित्र' जो एक सज्जन को परिभाषित करता है। भारतीय सेना में अब तक के अपने व्यक्तिगत सफर को साझा करते हुए अधिकारी ने कहा कि यह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल होने के लायक है क्योंकि यह समग्र विकास के लिए सर्वोत्तम अवसरों में से एक प्रदान करता है। सत्र के दौरान, छात्रों ने एनडीए में जीवन को दर्शाने वाला एक विस्मयकारी वीडियो भी देखा।

मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को दी बधाई

शिमला (अप्रस)। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने उपराष्ट्रपति की शपथ लेने पर जगदीप धनखड़ को बधाई दी है। उपराष्ट्रपति को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जगदीप धनखड़ के लंबे अनुभव का देश को बहुत लाभ होगा और संसद के उच्च सदन के सभापति के रूप में उनकी भूमिका नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

श्लोकोच्चारण में ज्योति, निबंध में मीनाक्षी रहीं अव्वल

ज्वालाजी (अप्रस)। भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से ज्वालामुखी के श्री मां संस्कृत महाविद्यालय में दो दिवसीय राज्य स्तरीय संस्कृत दिवस का बुधवार को विधिवत शुभारंभ हुआ, पहले दिन श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में ज्योति बाला, सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी ऊना प्रथम स्थान पर, हिमांशु शर्मा, कुसुम शर्मा राजकीय तारिणी संस्कृत महाविद्यालय सोलन द्वितीय स्थान पर तथा सुनिधि शर्मा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार बिलासपुर, व सक्षम राजकीय संस्कृत महाविद्यालय फागली शिमला संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में मीनाक्षी सिंग्टा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन प्रथम स्थान पर, दीक्षा सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्याल डोहगी ऊना दूसरे स्थान पर, रोहित शर्मा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन व साहिल शर्मा श्री शक्ति महाविद्यालय नैना देवी बिलासपुर संयुक्त रूप् से तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नम्रता उप्पल राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदर नगर मंडी प्रथम स्थान पर व हर्ष शर्मा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन दूसरे स्थान पर व आर्यन शर्मा लाल देवी अन्नपूर्णा संस्कृत महाविद्यालय कुल्लू तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ डॉ मुरारी लाल शर्मा व्याकरण आचार्य श्री शक्ति संस्कृत कॉलेज नैना देवी एवं सहायक निदेशक भाषा संस्कृति विभाग, अलका कैंथला जी ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से संस्कृत महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं की प्रश्नोत्तरी, निबन्ध व श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 18 संस्कृत महाविद्यालयों के लगभग 120 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इससे पहले सहायक निदेशक कुसुम संघांईक ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत भाषा को सरकार ने द्वितीय राजभाषा घोषित किया है। भाषा संस्कृति विभाग संस्कृत विभाग के उत्थान व प्रचार के लिए प्रयासरत है। इसी के चलते श्री माँ संस्कृत महाविद्यालय सभागार में दो दिवसीय संस्कृत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। निर्णायक के रूप में डॉ विवेक शर्मा एवं डॉ रणजीत कुमार केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला व डॉ मनोज शैल संस्कृत अध्यापक उच्च विद्यालय तथा अमनदीप संस्कृत अध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय कस्बा कोटला उपस्थित रहे।

भारी बरसात के कारण कई भवन व स्कूल खतरे की जद में आये

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गोहर 11 अगस्त। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण क्षेत्र में हो रही भारी लैंड स्लाइडिंग के कारण क्षेत्र में कई भवन व स्कूल खतरे की जद में आ गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व मुहाल बाहल्ड़ी के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरौर के खेल मैदान का एक कोने से लहासा गिरने से स्कूल भवन के साथ बने शौचालय के गिरने का खतरा बन गया है। वहीं पर ग्राम पंचायत कोटला खनुला के रठैनी गांव में लहासा गिरने से एक मकान पूरी तरह खतरे की जद में आ गया है। शिल्हणु पंचायत में भी लहासा गिरने से एक मकान पर खतरा मंडरा रहा है।

एसडीएम गोहर रमन शर्मा ने बताया जहां जहां से भी किसी प्रकार की नुकसान की रिपोर्ट आ रही है तुरंत प्रभाव से वहां पर अधिकारी कर्मचारियों की टीमें भेजी जा रही हैं और जरूरत के अनुसार वहां पर तरपल व अन्य सामान दिया जा रहा है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है ताकि प्रभावितों को समय आने पर उचित मुआवजा दिया जा सके।

लोक निर्माण को भारी वर्षा के चलते एक दिन में 20 लाख की चपत

बरसात के चलते 9 प्रमुख सड़क मार्ग बंद, 7 हुए बहाल

गोहर 11 अगस्त (अप्रस)। लोक निर्माण मंडल गोहर के 9 प्रमुख सड़क मार्ग भारी वर्षा के चलते बंद हो गए। लोक निर्माण विभाग के प्रयासों के बाद दोपहर बाद 7 प्रमुख सड़क मार्गो को खुलवा दिया गया है जिसमें दो प्रमुख सड़क मार्ग बग्गी,धनोटू अभी बंद है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण मंडल कार्यालय गोहर चमन लाल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आज भारी बरसात के चलते लोक निर्माण विभाग को 1 दिन में 20 लाख का नुकसान उठाना पड़ा है। जगह-जगह लहासे गिरने से 9 प्रमुख सड़क मार्ग सड़क मार्ग बंद हो गए। जिसमें 7 सड़क मार्ग को खुलवा दिया गया है 2 मार्ग बंद है जिन्हें शाम 5.00 बजे तक खुलने की संभावना है। भारी वर्षा के चलते अधिकतर संपर्क मार्ग अभी भी बंद है जिसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है में भारी वर्षा के चलते। गोहर के समीप गोहर पंडोह, न्योरी, गोहर चैल चौक, गोहर कांडा बस्सी सड़क मार्ग पर जगह-जगह से गिरने के समाचार प्राप्त हुए हैं। बारिश लगातार हो रही है लोग बेवजह घरों से न निकलें। खास कर रात को बाहर निकलने का गुरेज करें।

राजकीय महाविद्यालय सोलन के छात्र-छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत निकाली प्रभातफेरी

सोलन, 11 अगस्त (अप्रस)। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय सोलन के एनएसएस, एनसीसी, रोवर एवं रेंजर इकाइयों ने गत दिवस सोलन महाविद्यालय से सूर्य विहार होते हुए ओढ़ना तक प्रभात फेरी निकाली। कालेज के छात्रों ने रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी भी दी। उन्होंने शहर के नागरिकों से अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने का संदेश भी दिया। प्रभात फेरी में कालेज के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने देश प्रेम के गीत गाकर और भारत माता के नारे लगा कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सुनीता बिष्ट ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। इस अवसर डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. रूपेश ठाकुर, सोहन सिंह नेगी और डॉ. भारती गुप्ता, , प्रियंका मुल्तानी और प्रो. शुभम चैधरी उपस्थित थे।

हर घर तिरंगा मुहिम सुस्त, अभी तक नहीं हो पाया तिरंगे का प्रसार

गोहर, 11 अगस्त (अप्रस)। मुख्यमंत्री के गृह जिला मंडी में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा फहराए जाने की मुहिम अभी तक काफी सुस्त नजर आ रही है। विकासखंड गोहर में अभी तक विभिन्न पंचायतों में तिरंगा का आवंटन ही नहीं हो पाया। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है 13 तारीख से 15 तारीख तक हर घर तिरंगा फहराना सरकार द्वारा एक मुहिम बनाई गई है मगर अभी तक पंचायतों में तरंगों का आवंटन नहीं हो पाया। प्रधानों का कहना है कब हमें तिरंगे मिलेंगे कब हम घर घर जाकर तिरंगा आर्वटित करेंगे। वहीं पर खंड विकास अधिकारी गोहर बशीर खान का कहना है खंड विकास कार्यालय गोहर में तिरंगे पहुंच चुके हैं और कई पंचायतों में तरंगे भिजवा दिए गए हैं बाकी आज और कल हर पंचायत में तिरंगा प्रति घर के हिसाब से भिजवा दिया जाएगा और यह तिरंगा हर घर में आजादी के अमृत महोत्सव 75 वर्ष आजादी के पूरे होने पर हर घर में फहराया जाएगा ।

सिल्ब में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

सोलन, 11 अगस्त। शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईएलबी) ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन किया।

आजादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार द्वारा की गई पहल का एक हिस्सा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना कर किया गया। उसके बाद संस्थान की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को स्वतंत्रता के महत्व के बारे में बताया और उन्हें पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्थान के सभी विभागों के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें नाटक, नृत्य, भांगड़ा और देशभक्ति के गीत शामिल थे. छात्र इतने उत्साहित थे कि पूरा हॉल 'भारत माता की जय' और 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। अंत में संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती सरोज खोसला ने सभी छात्रों की सराहना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए धन्यवाद दिया. वह देशभक्ति के प्रदर्शन से इतनी प्रभावित हुई कि 'साबरमती के संत' गीत के लिए मंच पर छात्रों के साथ शामिल होने से खुद को रोक नहीं पाई। उन्होंने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी के बाद हमें आजादी मिली है, इसे बर्बाद नहीं करना चाहिए. आइए हम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए स्वतंत्रता का आनंद लें। इस अवसर पर सभी छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के बीच खुशी और खुशी का माहौल था।

सीएम का कंडाघाट दौरा समस्याओं के समाधान में मायूसी दे गया

■ पानी ज्यों का त्यों कुनबा डूबा क्यों

अर्थ प्रकाश/प्रेम कुमार

कंडाघाट, 11 अगस्त। कंडाघाट उपमंडल राजधानी शिमला के बिलकुल साथ लगता है। विगत दिनों वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर संस्थागत कार्यक्रम के अतिरिक्त प्रगतिशील हिमाचल स्थापना के 75 साल पर पहली बार पौने पांच सालों में आवाम की जनसभा में आए। यहां के लोगों की बहुत सी प्रमुख समस्याओं है जिसके समाधान की उन्हे उम्मीद थी। कार्यक्रम में इन समस्याओं का न जिक्र हुआ न समाधान ऐसे में इस दौरे से लोगों को मायूसी ही नसीब हुई ।

कार्यक्रम से पहले लोगों को उम्मीद थी कि राजनीति के चलते कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय में पिछली सरकार के समय उपकरणों सहित 25 करोड़ निर्माणाधीन 50 बिस्तर अस्पताल कार्य वर्तमान सरकार के समय से बंद कर दिया। करीब 5 करोड़ लगने के बाद वर्तमान सरकार ने इस भवन में अपने समय एक ईट भी नहीं लगाई। विधायक प्राथमिकता और नाबार्ड की प्रस्तावित करीब नौ करोड़ की क्यारी-खिन्ना सड़क इसी मकड़जाल में उलझी हुई है ।

मिडल स्कूल शिलाई सहित कई स्कूल जिसे पिछली सरकार ने अपग्रेड किए थे उसे या मौके पर चालू नहीं किया या उसके भवन नहीं बनाए।

किसानों और बागवानों की सुविधा को स्थापित कई प्रसार कार्यालयों में स्टाफ बिना 10 एईओ और एचईओ कार्यालय ठप्प है। उपमंडल के ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थानों में 23 में से 11 हेल्थ वेलनेस सेंटर स्टाफ नहीं है।

इस साल किसानों बागवानों को विभाग में सरकारी अनुदान के साथ बीज, कृषि उपकरण व दवाइयां न मिलने से गरीब किसान संकट में है। चायल की आठ ठेठ ग्रामीण पंचायतों में टीसीपी लगाया गया है। बार बार इसे हटाने की मांग अनसुनी होती रही है।

चायल अस्पताल जिसके जिम्मे 10 पंचायतों की अस्पताल स्तर की स्वास्थ्य सुविधा है वंहा एक भी स्थाई डॉक्टर नहीं अन्य स्टाफ भी बहुत कम है।

ऐसी कई समस्याओं के समाधान की उम्मीद लोगों ने लगाई थी पर इन समस्याओं से न पार्टी के नेताओं ने सरोकार रखा न ही मुख्यमंत्री ने इनका समाधान किया।

मौके पर सोलन के भाजपा नेता राजेश कश्यप ने सोलन शहरी क्षेत्र को अलग तहसील खोलने, सोलन में ट्रेफिक थाना खोलने, सायरी ममलीग में डिग्री कॉलेज खोलने, सोलन अस्पताल को एमआरआई मशीन स्वीकृत करने की मांग रखी। इनमें मुख्यमंत्री ने केवल एक मांग सायरी ममलीग में कॉलेज खोलने के लिए सर्वे करने यदि नोरम में हुआ तो कॉलेज खोलने पर विचार के आश्वासन के अतिरिक्त अपने संबोधन में कोई अन्य मांग का जिक्र तक नहीं किया। ऐसे में कंडाघाट उपमंडल के लोगों की समस्याओं के समाधान की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। दौरे में राजनीतिक बाते और चुनावी प्रचार ही हुआ बाकी आवाम अपने हाल पर है।

कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत, दो घायल

बद्दी, 11 अगस्त (राजेन्द्र चौधरी)। बद्दी दावत चौक बाई पास पर सब्जी मंडी के समीप एक कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि दो लोग घायल हो गए है। पुलिस ने ट्रक को सीज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए नालागढ़ भेज दिया है। बद्दी-दावत चौक से बाई पास होते हुए एक कैंटर ट्रक यूनियन की ओर जा रहा था। दोपहर बाद ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए आगे चल रहे एक बाइक को टक्कर मार दी और बाईक को घसीटता हुआ सौ मीटर तक चला गया। बाइक पर यूपी जिला बरेली के गांव पिपरिया के अवदेश (20) पुत्र दरिया दास, इसी जिले के गौरी शंकर गांव के रवि और विक्की तीन लोग सवार थे। विक्की बाइक चला रहा था। किसी ने भी हैलमेट नहीं लगाया हुआ था। टक्कर लगने से सबसे पीछे बैठे अवदेश के सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बीच में बैठे रवि को चोटें आई। बाइक चला रहे विक्की को ट्रक चालक घसीटता हुआ सौ मीटर तक ले गए। लेकिन उसके हल्की चोटें आई। दोनों को घायल अवस्था में बद्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बद्दी पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने कैंटर को सीज करने के बाद चालक संजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरमौर जिले के सराहां में मनाया जाएगा राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सिरमौर, 11 अगस्त। 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह 15 अगस्त 2022 को सिरमौर जिले के सराहां में आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर करेंगे। इस अवसर पर बहुद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री सुख राम चौधरी भी मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि जिला कांगड़ा का जिला स्तरीय समारोह धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार जल शक्ति, राजस्व, बागवानी एवं सैनिक कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर मंडी जिला के भंगरोटू में, शहरी विकास, आवास, सहकारिता, विधि और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश भारद्वाज शिमला में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सरवीण चौधरी किन्नौर जिले के रिकांगपिओ, तकनीकी शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं जनजातीय विकास मंत्री डॉ. राम लाल मारकंडा लाहौल-स्पिति जिले के केलंग में, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, कृषि, पशु एवं मत्स्य पालन मंत्री वीरेंद्र कंवर ऊना में, उद्योग, परिवहन, श्रम एवं रोजगार मंत्री विक्रम सिंह हमीरपुर में, शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर कुल्लू, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. राजीव

सैजल सोलन में, वन, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री राकेश पठानिया चंबा जिले के बनीखेत में और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेंद्र गर्ग बिलासपुर में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. हंसराज और मुख्य सचेतक विक्रम सिंह जरियाल जिला चंबा के बनीखेत में आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय समारोह में उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार उप मुख्य सचेतक कमलेश कुमारी हमीरपुर में जिला स्तरीय समारोह में मौजूद रहेंगी। जबकि, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष रमेश धवाला धर्मशाला में आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित रहेंगे।

मंथन

शूलिनी विश्वविद्यालय में हुई शासी निकाय की बैठक

नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन व नवीनतम ऑनलाइन शिक्षण तकनीकों पर हुई चर्चा

■ प्रो पी के खोसला ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

सोलन, 11 अगस्त। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के कार्यान्वयन और नवीनतम ऑनलाइन शिक्षण तकनीकों पर बुधवार को शूलिनी विश्वविद्यालय के शासी निकाय की बैठक में चर्चा की गई।

शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति और समिति के अध्यक्ष प्रो पी के खोसला ने सदस्यों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सदस्यों को बताया कि शूलिनी विश्वविद्यालय अनुसंधान संचालित पथ का अनुसरण कर रहा है और इसके परिणामस्वरूप इसने (टाइम्स हायर एजुकेशन) विश्व रैंकिंग 2022 के अनुसार 200 इम्पैक्ट फैक्टर रैंकिंग (2022) विश्वविद्यालयों में एक स्थान अर्जित किया है, जबकि क्यूएस

रैंकिंग में इसे भारत में 21वीं रैंक के साथ 801-1000 समूह में।रखा गया है ।

सरकार के नामित डॉ. राजेश कश्यप ने विश्वविद्यालय में शुरू की जा रही ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने विश्वविद्यालय की समग्र उपलब्धियों की सराहना की और प्रोफेसर पी.के.खोसला विश्वविद्यालय को योगदान के लिए उन्हें पद्मा भूषण दिलाने की बात कही।

सरकार के एक अन्य नामित मोहिंदर नाथ सोफत ने भी विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और वैश्विक रैंकिंग में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय को अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

प्रो चांसलर विशाल आनंद ने कहा कि विश्वविद्यालय नए सत्र से एनईपी को अपनाने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है, जहां डिग्री कार्यक्रम का चौथा वर्ष केवल शोध के लिए समर्पित होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय का वार्षिक बजट भी प्रस्तुत किया जिसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

आशु खोसला, उपाध्यक्ष, नवाचार और विपणन और विश्वविद्यालय के मुख्य शिक्षा अधिकारी ने ऑनलाइन शिक्षा पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि शूलिनी राज्य का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है जिसने ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के लिए अनुमति प्राप्त की है, क्योंकि यह लगातार दो वर्षों के लिए शीर्ष 100 एनआईआरएफ रैंकिंग वाले विश्वविद्यालय में है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ दिनेश सिंह ने कहा कि फाउंडेशन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को अंग्रेजी साहित्य से अवगत कराया जाना चाहिए और विश्वविद्यालय की ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली की भी सराहना की।

डॉ ए.के. मुखोपाध्याय, पूर्व सलाहकार जैव प्रौद्योगिकी, भारत सरकार ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय को उद्योग से जुड़ने की आवश्यकता है ताकि छात्र नए विचारों को प्राप्त करने में सक्षम हों।

डॉ आरएस परोदा, पूर्व सचिव डेयर और महानिदेशक आईसीएआर ने विश्वविद्यालय को अपने शोधकर्ताओं द्वारा दायर पेटेंट का व्यवसायीकरण करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी इच्छा व्यक्त की कि हिमालयी जैव-विविधता के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के प्रयास भी किए जाने चाहि। वर्षा पाटिल, निदेशक, रैंकिंग और प्रत्यायन ने शूलिनी उपलब्धियां रैंकिंग और प्रत्यायन पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी।

इन्होंने लिया बैठक में भाग

प्रो. पी.के. खोसला, चांसलर, अध्यक्ष, विशाल आनंद प्रो चांसलर सदस्य, सतीश आनंद प्रायोजक निकाय के नामित सदस्य, आशू खोसला, प्रायोजक निकाय के सदस्य, डॉ राजेश कश्यप, सरकारी सदस्य के नामित सदस्य , एम.एन. सोफत, सरकार के नामित सदस्य, अशोक आनंद, विशेष आमंत्रित सदस्य, डॉ. आर.सी. सोबती, पूर्व वीसी, विशेष आमंत्रित, वर्षा पाटिल, निदेशक, रैंकिंग और, मान्यता, शूलिनी विश्वविद्यालय, विशेष आमंत्रित, डॉ सुनील पुरी, रजिस्ट्रार सदस्य सचिव, डॉ आरएस परोदा, बाहरी विशेषज्ञ सदस्य, डॉ दिनेश सिंह, पूर्व कुलपति, डीयू और विशेष आमंत्रित डॉ ए.एम. मुखोपाध्याय ने वर्चुअल मोड के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

न्यूज़ ब्रीफ

संगरूर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

संगरूर (कुमारदीप अश्क)। आज जिला पुलिस द्वारा पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ मिलकर रक्षा बंधन के दिन तथा 15 अगस्त को आजादी के जश्न के अवसर शहर में एक फ्लैग मार्च निकाला गया जिससे लोगों में प्यार तथा भाईचारा को और बढ़ावा मिल सके तथा महान शहीदों को याद किया जा सके ,पुलिस द्वारा निकाले गए इस मार्च की अगुआई जिले के एस एस पी मनदीप सिंह सिद्धू ने की,शहर की जनता द्वारा इस मार्च का स्वागत करते हुए इस प्रयास की भरपूर सराहना की जा रही है।

भाजपा प्रभारी जगदीश जगा ने गौशालाओं का किया दौरा

राजपुरा, (कुनाल)। गौधन में तेजी से फैल रही बिमारी से हो रही गोधन की मौत को लेकर भाजपा के राजपुरा से इलाका प्रभारी जगदीश जगा ने बनूड़ की राधा कृष्णा गौशाला सहित अन्य गौशाला का दौरा किया और गौशाला प्रबंधकों से गोमाता की हो रही देख रख व बिमारी से हो रही गोमाता की मौत व बिमारी के बारे हाल जाना। इस अवसर पर उन्होने मडक्षद में पहुंच गौमाता की बिमारी से मुक्त हो अच्छी सेहत होने की प्राथना की। पत्रकारों से बात करते हुये जगा ने बताया कि बहुत ही दुख की बात है कि बात है कि एक गौशाला में 30 से ज्यादा गौधन की मौत हो चुकी है। यह सब प्रशासन की नालायकी है। उन्होने बताया कि इस जंगली तौर पर फैल रहे वायरस के कारण पंजाब में सैकड़ों गौधन अपनी जान गंवा चुकी है और अब तक गहरी नींद सो रही है। उन्होने बताया कि रिपोर्ट के मुताबिक पटियाला जिले में 4 लाख से ज्यादा पशु है और सरकार ने अभी तक 3300 सौ टीकाकरण की डोज भेज कर मज़ाक करने का कार्य किया है। जगा ने बताया कि सरकार ने गौमाता की जान बचाने के लिये अगर जल्द ही अच्छी वैक्सीन आदि व माहिर डाक्टरों की टीम ना भेजी तो हमें मजबूर हो कर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करना पड़ेगा।

लम्पी स्किन बीमारी से बचाव के लिए 1.16 लाख पशुओं का टीकाकरण

चंडीगढ़, (अप्स)। मुख्यमंत्री स. भगवंत मान की हिदायतों के बाद राज्य में पशुओं में फैली लम्पी स्किन की बीमारी की रोकथाम के लिए पशु पालन विभाग द्वारा टीकाकरण मुहिम और तेज कर दी गई है और अब तक करीब 1.16 लाख पशुओं को गोट पॉक्स वैक्सीन लगाई जा चुकी है। राज्य में चलाई जा रही टीकाकरण मुहिम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पशु पालन विभाग के प्रमुख सचिव श्री विकास प्रताप ने बताया कि विभाग को पशुओं में लम्पी स्किन बीमारी के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित वैक्सीन की लगभग 2.34 लाख डोज़ प्राप्त हुए हैं, जो पहले ही पंजाब भर के सभी जिलों को भेजे जा चुके हैं। इसके अलावा विभाग ने टीकाकरण मुहिम के लिए ईलाज और अन्य सामान की खरीद के लिए विभिन्न जिलों को 76 लाख रुपए जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि वैटरनरी बायोलॉजीकल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद से ख़रीदी गई वैक्सीन के साथ विभाग द्वारा अब तक 1,15,985 से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि फील्ड से मिली प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार बीमारी स्थिर हो गई लगती है, हालाँकि अगले कुछ दिनों में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि लम्पी स्किन बीमारी पशुओं और भैंसों की एक वायरल बीमारी है, जो मक्खियों और मच्छरों के साथ-साथ कृषि मज़दूरों और प्रभावित पशुओं के द्वारा मकैनिकल ट्रांसमिशन के ज़रिए फैलती है। बीमारी की पहचान 2-3 दिनों के लिए हल्के बुख़ार और चमड़ी पर सूजन होने से होती है। प्रभावित जानवर आम तौर पर 2-3 हफ़्तों के अंदर ठीक हो जाते हैं। विकास प्रताप ने बताया कि विभाग द्वारा टीकाकरण मुहिम और राहत कार्यों के लिए वैटरनरी अफ़सरों और वैटरनरी इंस्पेक्टरों की कुल 673 टीमें गठित की गई हैं, जो राज्य में बीमारी के ईलाज और रोकथाम के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की बाकायदा पालना कर रही हैं, जिसमें प्रभावित जानवरों को अलग रखना, पशुओं और कृषि मज़दूरों की आवाजाही को नियंत्रित करना, पशु शैडों को कीटाणु-मुक्त करना शामिल है, जिससे इस बीमारी को आगे फैलने से रोका जा सके। गौरतलब है कि है लम्पी स्किन की बीमारी अफ्रीका महाद्वीप से शुरू हुई थी और इस साल के शुरू में इस बीमारी ने गुजरात और राजस्थान राज्यों को बुरी तरह से प्रभावित किया है।

पंजाब कैबिनेट का अहम फैसला

वाजिब दरों पर निर्माण सामग्री मुहैया करने के लिए रेत व बजरी की माइनिंग नीति में संशोधन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। उपभोक्ताओं को वाजिब दरों पर निर्माण सामग्री मिलना सुनिश्चित बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व अधीन पंजाब कैबिनेट ने गुरूवार को रेत और बजरी की माइनिंग नीति, 2021 में संशोधन को मंज़ूर कर लिया। इस सम्बन्धी फ़ैसला आज यहां पंजाब सिविल सचिवालय-1 में मुख्यमंत्री के नेतृत्व अधीन हुई मंत्री समूह की बैठक में लिया गया।

यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस पहल से रेत और बजरी नीति तर्कसंगत बनेगी। इसके साथ जहाँ एक ओर उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर राज्य का राजस्व भी बढ़ेगा। इस नीति के अनुसार 2.40 रुपए प्रति घन फुट की रॉयल्टी को पहले जितना ही रखा जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी और वज़न ब्रिज हैड के अधीन राजस्व, जो 10 पैसे प्रति घन फुट है, भी राज्य के खजाने में जमा होगा, जबकि मौजूदा समय में यह ठेकेदार के पास ही रहता था।

विभाग, वज़न ब्रिज पर ठेकेदार द्वारा उठाए गए बिलों की अदायगी समझौते की शर्तों के मुताबिक करेगा। इससे विभाग को वज़न ब्रिज के समूचे कामों को कम्प्यूटराइज़ करने में सुविधा मिलेगी और इससे ग़ैर-कानूनी माइनिंग का दायरा और घटेगा। उपभोक्ताओं पर बड़ा बोझ ढुलाई का पड़ने के कारण विभाग ट्रांसपोर्टरों और उपभोक्ताओं को आपस में जोड़ने के लिए मोबाइल ऐप तैयार करेगा और ढुलाई की दरें विभाग द्वारा तय की जाएंगी।

मौजूदा समय में लागू के-2 परमिट की जगह बिल्डिंग प्लान को मंज़ूरी देने वाली अथॉरिटी द्वारा जिन स्थानों पर बेसमैंट का निर्माण प्रस्तावित है, के लिए पाँच रुपए प्रति वर्ग फुट का सरचार्ज वसूला जाएगा। यह पैसा स्थानीय संस्थाओं/टाउन प्लानिंग अथॉरिटी द्वारा एकत्रित किया जाएगा और इसको विभाग के सम्बन्धित हैड में जमा करवाया जाएगा। यह सरचार्ज किसी भी आकार के रिहायशी घरों या किसी अन्य पाँच सौ वर्ग गज़ तक के प्लॉट के आकार पर प्रस्तावित इमारत के लिए लागू नहीं होगा।

इसके अलावा ईंट भट्ठों को छोड़कर व्यापारिक ढांचे के प्रोजैक्टों के निर्माण के लिए प्रयोग के लिए साधारण मिट्टी की रॉयल्टी दर 10 रुपए प्रति टन रखी गई है।

क्रशर नीति को तर्कसंगत बनाने की सहमति

मील का पत्थर साबित होने वाले एक अन्य फ़ैसले में कैबिनेट ने उपभोक्ताओं को राहत देने और राज्य के ख़ज़ाने के लिए अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए क्रशर नीति को तर्कसंगत बनाने की सहमति दी। नई नीति के मुताबिक ग़ैर-कानूनी माइनिंग रोकने के लिए क्रशरों को पाँच हैक्टेयर या पाँच हैक्टेयर के गुणांक से माइनिंग साइट अलॉट की जाएगी, परन्तु हरेक क्रशर के लिए यह अनिवार्य नहीं किया गया कि वह ज़रूरी तौर पर इन साइटों को लें, राज्य के ख़ज़ाने में तकरीबन 225 करोड़ रुपए का राजस्व बढ़ाने के लिए क्रशर से निकलने वाले माल पर एक रुपए प्रति घन फुट की दर से पर्यावरण फंड लगाया गया है। ग़ैर-कानूनी माइनिंग पर रोक लगाने के लिए माइनिंग साइट के साथ-साथ क्रशरों पर सी.सी.टी.वी. कैमरों के अलावा वज़न ब्रिज लगाना अनिवार्य किया गया है।

क्रशर से माल की बिक्री की समूची प्रक्रिया की निगरानी ऑनलाइन पोर्टल के ज़रिये की जाएगी। क्रशर रजिस्ट्रेशन फीस वर्तमान में 10 हज़ार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए की गई है। इसके अलावा क्रशर यूनिटों की सिक्युरिटी भी तीन लाख से बढ़ाकर पाँच लाख रुपए की जाएगी। क्रशिंग यूनिटों को पाँच हैक्टेयर तक की माइनिंग साइटें अलॉट की जाएंगी, जिससे उनको माल के लिए जायज़ स्रोत मुहैया हो। इन माइनिंग साइटों की अलॉटमैंट ई-नीलामी के द्वारा और पी.एम.एम.आर. 2013 के मुताबिक की जाएगी। यह कॉन्ट्रैक्ट तीन सालों के लिए होगा, जिसको चार साल तक बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते कि साइट पर सामग्री उपलब्ध हो।

क्रशर मालिकों द्वारा निकासी की सामग्री की मासिक रिटर्न भरनी ज़रूरी होगी। क्रशर मालिकों को उनके द्वारा प्रमाणित स्रोतों से प्राप्त की गई सामग्री से अधिक आई सामग्री पर जुर्माने का भुगतान करना पड़ेगा। भुगतान में अधिक देरी होने की सूरत में यह जुर्माना और बढ़ाया जाएगा। इस नीति में यह भी प्रस्ताव है कि कोई उल्लंघन होने पर रजिस्ट्रेशन को रद्द या निरस्त किया जाएगा।

परिवहन विभाग ने ऐमनेस्टी स्कीम के तहत टैक्स डिफॉल्टरों से 38 करोड़ की रिकवरी: लालजीत सिंह

बकाए की अदायगी न करने वालों के विरुद्ध होगी सख़्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा पंजाब के टैक्स डिफ़ॉल्टरों से रिकवरी के लिए चलाई गई ऐमनेस्टी स्कीम के तहत 38 करोड़ रुपए से अधिक की रिकवरी की गई है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर ने बताया कि सरकार द्वारा तीन महीने की समय-सीमा वाली ऐमनेस्टी स्कीम 6 मई, 2022 को आरंभ की गई थी, जिसके अंतर्गत अब तक 38.93 करोड़ रुपए की रिकवरी की गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब के टैक्स डिफ़ॉल्टरों की तरफ सरकार के 64.84 करोड़ रुपए बकाया थे, जिसके चलते उनको राहत देने के लिए यह स्कीम चलाई गई थी।

परिवहन मंत्री ने कहा कि जिन डिफ़ॉल्टरों ने अब तक बकाए की अदायगी नहीं की, उनके विरुद्ध सख़्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

कैबिनेट मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को हिदायत की कि तय तारीख़ तय किया गया टैक्स न जमा करवाने वाले ऑपरेटरों की बसें ज़ब्त की जाएँ और बसों को टाइम टेबल से हटाया जाए।

मीडिया से और अधिक संबंध बढ़ाएं अधिकारी: अमन अरोड़ा

फ्लैगशिप स्कीमों की अधिक से अधिक कवरेज को किया जाए सुनिश्चित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ बताते हुए सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री अमन अरोड़ा ने आज विभाग के अधिकारियों को मीडिया के साथ संबंध को और अधिक बढ़ाने और नागरिक केंद्रित फ्लैगशिप स्कीमों की राज्य के दूर-दराज़ के इलाकों तक अधिक से अधिक कवरेज को सुनिश्चित बनाने के लिए सकारात्मक रवैये के साथ आगे बढ़ने के निर्देश दिए।

यहां पंजाब भवन में मुख्य दफ़्तर, चंडीगढ़ में तैनात पी.आर.ओज और ए.पी.आर.ओज के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमन अरोड़ा ने अधिकारियों को कहा कि वह मुख्यमंत्री स. भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा लागू की जा रही लोक कल्याण स्कीमों और अहम फ़ैसलों का अधिक से अधिक प्रचार सुनिश्चित बनाएं।

उन्होंने कहा कि लोक संपर्क विभाग जनता और सरकार के दरमियान एक कड़ी का काम करता है, इसलिए, हमारा उद्देश्य अलग-अलग मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों के द्वारा ज़मीनी स्तर पर अधिक से अधिक लोगों के साथ जुड़ना होना चाहिए।

सूचना के प्रसार के लिए सोशल मीडिया की अथाह संभावनाओं को बरतने के लिए कहते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि लोक संपर्क विभाग के पास सभी लोक कल्याण और फ्लैगशिप स्कीमों की जानकारी होनी चाहिए, जिससे लोगों को राज्य सरकार द्वारा की जा रही नई पहलों और प्रयासों संबंधी जागरूक किया जा सके।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के सचिव श्री गुरकिरत किरपाल सिंह ने कैबिनेट मंत्री को विभाग की प्रगति से अवगत करवाते हुए आश्वासन दिया कि सरकार के ऐलानों, आदेशों और कल्याण योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में डायरैक्टर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग श्रीमति सोनाली गिरि, मुख्यमंत्री के संयुक्त प्रमुख सचिव और अतिरिक्त डायरैक्टर सन्दीप सिंह गढ़हा, डिप्टी डायरैक्टर श्री इशविन्दर सिंह गरेवाल और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

विजीलैंस ने सहायक सब-इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनाई गई ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को मुख्य रखते हुए पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा चलाई गई मुहिम के दौरान गुरुवार को थाना शहना ज़िला बरनाला में तैनात पुलिस सहायक सब-इंस्पेक्टर (ए.एस.आई) जोगिन्दर सिंह को 4000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। आज यहां यह जानकारी देते हुए पंजाब विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि मुलज़िम ए.एस.आई. जोगिन्दर सिंह को जुगराज सिंह निवासी शहना की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। अधिक विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास शिकायत की थी कि कुछ व्यक्तियों ने उसकी मारपीट की है, जिस कारण उस पार्टी के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उक्त मुलज़िम रिश्वत की माँग कर रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि वह इस काम के बदले उक्त ए.एस.आई. को 2500 रुपए पहले ही दे चुका है और अब कार्यवाही करने के लिए 4000 रुपए और माँग रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि शिकायत में दर्ज तथ्यों और प्राप्त सबूतों की पड़ताल करने के उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की रेंज पटियाला की एक टीम ने मुलज़िम ए.एस.आई. को दो सरकारी गवाहों की हाज़िरी में 4,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। इस सम्बन्धी उक्त मुलज़िम के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार निवारक अधिनियम के तहत विजीलैंस ब्यूरो के थाना पटियाला में मुकदमा दर्ज किया गया है और अगली जांच जारी है।

डॉ. राज बहादुर की बलि देकर मान ने अपने मंत्री को बचाया: अश्वनी शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़ 11 अगस्त। भगवंत मान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री चेतन सिंह जोड़ामाजरा द्वारा वाइस चांसलर डॉ. राज बहादुर के साथ किए अभद्र व्यवहार से नाराज वाइस चांसलर डॉ. राज बहादुर द्वारा दिए इस्तीफे को मंज़ूर किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की कार्यवाही पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भगवंत मान सरकार ने अपने मंत्री को बचाने के लिए एक बहुत होनहार डॉक्टर की बलि दे दी है।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार नौसिखियों की सरकार है। इन लोगों को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ना तो बात करने का सलीका है और ना ही पता है कि ऐसे सीनियर अधिकारियों से कैसे व्यवहार किया जाना चाहिए।

ज्ञात रहे कि पहले मान सरकार की एक मंत्री ने अपनी धौंस दिखाते हुए एक प्रशासनिक अधिकारी की कुर्सी पर बैठ गई, इसके बाद इनके मंत्रियों द्वारा पहले जालंधर में तथा फिर लुधियाना में अधिकारियों के साथ हाथापाई तथा गाली-गलौच किया गया। इनके अपने नेता ट्रक यूनियनों पर तथा ज़मीनों पर कब्जे करते फिरते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री भगवंत मान या केजरीवाल के मुंह से अपने मंत्रियों के विरुद्ध आज तक एक शब्द भी नहीं निकला। उन्होंने कहा कि भगवंत मान तथा केजरीवाल और अब राघव चड्ढा तीनों मिलकर पंजाब का बेड़ा गर्क करने पर तुले हुए हैं।

अश्वनी शर्मा ने कहा कि अगर मान सरकार के नेताओं का यही हाल रहा तो बहुत जल्द पंजाब के सभी विभाग बिना प्रशासनिक अधिकारियों के चलने पड़ेंगे और ऐसी स्थिति में पंजाब का क्या हाल होगा यह सोच कर भी डर लगता है।

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की डिग्रियां रोकने वाली शैक्षिक संस्थाओं के ख़िलाफ़ कार्यवाही के आदेश

पोस्ट मैट्रिक वज़ीफ़ा स्कीम के फंडों के साथ विद्यार्थियों का कोई लेना-देना नहीं, सरकार व संस्थाओं का मसला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज अनुसूचित जाति (एस.सी.) से सम्बन्धित विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए पोस्ट मैट्रिक वज़ीफ़ा स्कीम की आड़ में अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों की डिग्रियाँ रोकने वाले शैक्षिक संस्थाओं के ख़िलाफ़ सख़्त से सख़्त कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं।

आज यहाँ सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, ''अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का भविष्य ख़राब करने के लिए ज़िम्मेदार शैक्षिक संस्थाओं के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित बनाया जाए कि किसी भी शैक्षिक संस्था द्वारा एक भी विद्यार्थी की डिग्री न रोकी जाए।''

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस स्कीम के अंतर्गत फंडों की अदायगी का मामला राज्य सरकार और शैक्षिक संस्थाओं का आपसी मसला है और समाज के पिछड़े और कमज़ोर वर्ग के विद्यार्थियों का इससे कोई लेना-देना नहीं है, जिस कारण उनको किसी भी कीमत पर परेशान नहीं किया जाना चाहिए। भगवंत मान ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं को विद्यार्थियों की डिग्रियाँ रोककर उनका भविष्य तबाह करने का कोई हक नहीं है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि शैक्षिक संस्थाओं द्वारा शर्मनाक ढंग से ऐसा काम करना बहुत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह कुछ शैक्षिक संस्थाओं की संकुचित मानसिकता को भी दिखाता है जो अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के रास्ते में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। भगवंत मान ने कहा कि ऐसी भद्दी चालों का सहारा लेने वाले शैक्षिक संस्थाओं के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं को अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के साथ धक्केशाही वाला व्यवहार अपनाने और उनकी तरक्की में रुकावट डालने से गुरेज़ करना चाहिए। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चुप करके नहीं बैठेगी और न ही अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को शैक्षिक संस्थाओं के हाथों तंग-परेशान होने देगी।

राज्य का 388 किलोमीटर का सड़क नैटवर्क अपग्रेड व मजबूत होगा: हरभजन सिंह

6 प्रोजैक्ट 2023-24 के दौरान 1851 करोड़ से होंगे मुकम्मल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। राज्य के सड़क नैटवर्क को बेहतर बनाने के लिए पंजाब में 26 प्रोजैक्ट प्रक्रिया अधीन हैं और इनको 2023-24 में मुकम्मल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 1851 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाले इन प्रोजैक्टों में 8 बड़े और छोटे पुल, 388 किलोमीटर राष्ट्रीय मार्गों की अपग्रेडेशन के काम प्रगति अधीन हैं, जोकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मुकम्मल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि नंगल में 58.77 करोड़ रुपए और 123.8 करोड़ रुपए की लागत वाले दो रेलवे ओवर ब्रिज, मोगा-कोट ईसे खान-मक्खू-हरीके-खालड़ा मार्ग को 293.64 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ा और अपग्रेड करना, मक्खू-हरीके मार्ग को 192.48 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ा और अपग्रेड करने के साथ-साथ एक साझे पुल और दो रेलवे अंडर ब्रिजों का निर्माण करना, टोहाना (पंजाब,हरियाणा सरहद) से मूनक-जाखल - बुढलाडा-भीखी मार्ग को 293.1 करोड़ रुपए की लागत के साथ चौड़ा करने और अपग्रेड करना और गाँव जंडू सिंघा से गाँव मदारा (राष्ट्रीय मार्ग 03) को 15.04 करोड़ रुपए की लागत से चार-मार्गीय किया जा रहा है।

स. ई.टी.ओ. ने बताया कि राष्ट्रीय मार्ग 703-ए में 6.06 करोड़ रुपए की लागत वाले तीन छोटे पुलों का निर्माण करना, सलाबतपुरा-फूल मार्ग की 84.09 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ा और अपग्रेड करना, जालंधर-कपूरथला-सुल्तानपुर लोधी-मक्खू मार्ग की 39.68 करोड़ रुपए की लागत से अपग्रेड करना और चार मार्गीकरण करना, 22.71 करोड़ रुपए की लागत से घग्गर नदी पर पुल का निर्माण, पठानकोट-बनीखेत मार्ग का 32.14 करोड़ रुपए की लागत के साथ मज़बूतीकरण करना और 67.19 करोड़ रुपए की लागत के साथ जालंधर- नकोदर-मोगा मार्ग को चौड़ा और चार मार्गीय किया जा रहा है।

लोक निर्माण मंत्री ने बताया 2.22 करोड़ रुपए की लागत से जालंधर-कपूरथला-मक्खू मार्ग पर छोटे पुल का निर्माण, 29.75 करोड़ रुपए की लागत से फ़िरोज़पुर से भारत-पाक सरहद तक व्हीकल अंडर पास का निर्माण करना, 15.77 करोड़ रुपए की लागत से शुतराना बस स्टैंड में व्हीकल अंडर पास का निर्माण करना, 10.35 करोड़ रुपए की लागत से टैक्स बैरियर ज़ीरकपुर-अम्बाला मार्ग में व्हीकल अंडर पास का निर्माण करना और 80 करोड़ रुपए की लागत से फगवाड़ा-बंगा-नवांशहर-रोपड़ मार्ग पर स्टील पुल का निर्माण किया जा रहा है।

दहशत नयागांव में स्ट्रे-डाग्स की भरमार, लोगों में दहशत

नसबंदी का प्रस्ताव पास, फिर भी नहीं मिल रही निजात

अर्थ प्रकाश/जेके बता

नयागांव, 11 अगस्त। नयागांव में आवारा पशुओं की लगाता हो रही बढ़ोतरी के कारण गांव वासी पहले से ही परेशान है क्योंकि इनके कारण लगातार कोई न कोई हादसे होते रहते है। अब स्ट्रे-डाग्स के कारण ज्यादा दहशत फैल रही है। जबकि स्ट्रे-डागस के लिये नगर कार्उसिल नयागांव द्वारा प्रस्ताव भी पास कर लिया गया था लेकि उसको बंद बस्ते मे रख लिया गया ही उसे लागू नही किया गया है। जिससे स्ट्रे-डाग्स किसी न किसी को काट ही लेते है। इसके लिये नगर कार्उसिल ने 31 जनवरी 2019 को अपनी हाउस मिटींग मे पास किया था कि आवार कुत्तो की बढती संख्या की समस्या को देखते हुऐ नगर कार्उसिल द्वारा नया कदम उठाते हुऐ ,आवारा कुत्तो की नसबंदी की जायेगी जिसके लिये प्रति कुत्ते पर 2500 रूपये खर्च किये जायेगे। जिसमे उसे तीन दिन तक नगर कार्उसिल की देख-रेख मे खाना व दवाईयां दी जायेगी ,जिसे ऐनीमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम के लिये कम्पनी को नगर कार्उसिल जगह भी प्रदान करेगी। लेकिन अभी तक कुछ भी प्रोग्राम शुरू नही किया गया जबकि अब लगातार स्ट्रे-डाग्स मे बढोतरी हो रही है।

नगर कार्उसिल के पास कोई भी डाग्स कैचर नही है, उसके अलावा आवारा पशुओ को पकडने के लिये नगर कार्उसिल के पास कैटल कैचर भी उपलब्ध नही है। समाज सेवक देसराज बंसल पूर्व प्रधान मार्केट वैलफेयर ऐसोसिएशन, गणेश बर्थवाल, समाज सेवक गुरध्यान सिंह, रिषभ कुमार, सुरेन्द्र नन्दराजोग, विरेन्द्र यादव, शिव कुमार, शेर सिंह धालीवाल आदि का कहना है कि हमारे बच्चे तो पहले ही इन आवारा स्ट्रे-डाग्स से डरते है कुछ समय पहले हमारे पडोसी के बच्चे को स्ट्रे-डाग ने काट लिया था तो वह डर के मारे रोता हुआ बेहोश हो गया था जिसे हम सैक्टर-19 की डिस्पैंसरी मे ले कर गये परन्तु वहां रेबिज का इंजेक्शन उपलब्ध नही था ड्डु उन्होने बाजार से लाने को बोला हमे बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी प्रकार देसराज बंसल पूर्व प्रधान मार्केट वैलफेयर ऐसोसिऐशन तथा प्रदीप गर्ग नाडा रोड मार्केट कमेटी प्रधान का कहना है कि नयागांव मे आवारा कुत्तो की भरमार को देखते हु लोगो को बच्चे अकेले बाजार मे भेजने से भी डर लगता है, क्योंकि आवारा कुत्तों की संख्या मे लगातार बढोतरी हो रही है जो कि छोटे बच्चो के लिये खतरा है। अगर आवारा कुत्ता काट लेगा तो नजदीक कोइ डिस्पैंसरी या अस्पताल भी नही है फिर उसको ले कर सैक्टर-22 की डिस्पैंसरी मे जाना पडेगा। हमारी प्रशासन से अपील है कि जल्द ही इन आवार कुत्तो के आतंक से निजात दिलाई जाये। इसलिये प्रशासन से अपील है कि जल्द ही इसका समाधान करवाया जाये। अब लोगों का कहना है कि नगर कार्उसिल आवारा पशुओ तथा स्ट्रे-डाग्स पर कैसे कंट्रोल करेगी।

क्या कहते है अधिकारी

सुधीर शर्मा कार्यकारी अधिकारी नयागांव नगर कार्उसिल के पाषर्दो ने हाउस बैठक मे आवारा पशुओ तथा स्ट्रे-डाग्स पर कंट्रोल करने तथा उनको पकडने के लिये तथा इनके बर्थ कंट्रोल के लिये जो प्रस्ताव पास किया था उसको पास करवाने के लिये हमने अपने हैड आफिस मे उच्च अधिकारियो के पास भेजा हुआ है जैसे ही पास हो कर आयेगा हम उसको लिये डाग्स कैचर तथा कैटल कैचर खरीद का अभियान शुरू कर देगें।

थोक सब्ज़ी मंडी में फडी वालों को रोष प्रदर्शन पिछले एक सप्ताह से जारी

अर्थ प्रकाश/कुनाल

राजपुरा,11 अगस्त। थोक सब्जी में फडो पर बैठ कर पिछले लगभग दो दशकों से काम कर रहे फडी वालों को वहां से उठ कर साथ लगती नई जगह पर बैठने से नाराज फडी वालों को प्रशासन के खिलाफ रोष धरना पिछले एक सप्ताह से लगातार जारी है। इस मौके पर बब्बला ने बताया कि थोक सब्जी मंडी में पिछले 20/25 वर्षो से लगातार फडी लगा कर काम कर अपने परिवार का पेट पाल रहे गरीब लोगों को उजाड़ने में कुछ नेता व अधिकारी लगे हुये है, यह हम कभी नहीं होने देगें। बब्बला ने बताया कि मार्किट कमेटी के अधिकारियों ने जो फडी वालों के लिये जगह देने की पेशकश की है उस जगह पर कोई शैड आदि नहीं है और न ही वहां पर बिजली, पानी व सफाई आदि का कोई प्रबंध है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिये की पहले वहां पर फडी वालों के लिये जरूरी सुविधायें उपलब्ध करवाये और उसके बाद उन्हें शिफट किया जाये तो हमें कोई एतराज नहीं होगा। बब्बला ने बताया कि आज के दिन तपती धूप में बैठ कर काम करना बहुत मुश्किल है वहीं लाईट व पीने के पानी आदि का कोई प्रबंध नहीं है। जब तक उस जगह पर फडी वालों को जरूरी सुविधायें नहीं दी जाती तब तक फडी वालों को थोक सब्जी मंडी के फडों पर पहले वाली जगह पर बैठने की इजाजत दी जाये। अगर प्रशासन ने ऐसा नहीं किया तो हमें संघर्ष और तेज करने के लिये मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर मार्किट कमेटी के सैक्ट्री अशवनी महता ने बताया कि थोक सब्जी मंडी में रिटेल का कार्य नहीं किया जा सकता, इसके इलावा कुछ शिकायतें भी उच्चअधिकारियों के पास पहुंची हैं। जिसके बाद थोक सब्जी मंडी में खाली पडी जगह पर फडी वालों को जगह दे कर बसाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब खेल मेले का पोर्टल किया लॉन्च

11 से 25 अगस्त के बीच रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे इच्छुक खिलाड़ी

■ 29 अगस्त को शुरू होने वाले दो महीने के खेल मेले में 5 लाख के करीब खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। खेल विभाग द्वारा राज्य में खिलाड़ियों के कौशल की पहचान, खेल समर्थकीय माहौल सृजन करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, आपसी सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने एवं सेहतमंद पंजाब सृजन करने के मंतव्य के अंतर्गत 'खेड़ां वतन पंजाब दियां' विषय के अंतर्गत करवाए जा रहे पंजाब खेल मेले का पोर्टल आज मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लॉन्च किया।

मुख्यमंत्री द्वारा पंजाब की खेलों में खोई हुई शान को फिर से बहाल करने की प्रतिबद्धता के अंतर्गत 'खेड़ां वतन पंजाब दियां' के विषय पर खेल विभाग द्वारा आयोजित खेल मेले में हिस्सा लेने के इच्छुक खिलाड़ी पोर्टल www.punjabkhedmela2022.in पर जाकर आज (11 से 25 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। पहली बार पंजाब में अपनी किस्म के करवाए जा रहे इस खेल मेले के ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के साथ खिलाड़ियों का उम्र वर्ग और खेल के अनुसार डेटाबेस तैयार होगा।

मुख्यमंत्री द्वारा खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर की हाज़िरी में जारी इस पोर्टल पर खेल मेले सम्बन्धी सारी जानकारी उपलब्ध होगी। इस मौके पर खेल विभाग के प्रमुख सचिव राज कमल चौधरी और डायरैक्टर राजेश धीमान भी उपस्थित थे। ब्लॉक से राज्य स्तर तक करवाया जाने वाला पंजाब खेल मेला मेजर ध्यान चंद के जन्म-दिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं 1 से 7 सितम्बर, ज़िला स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 से 22 सितम्बर और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 21 अक्तूबर तक होंगी। अंडर 14 से 50 साल से अधिक उम्र के छह रूपों में 28 खेल की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी, जिनमें पंजाब के 5 लाख के करीब खिलाड़ियों की हिस्सेदारी होगी। मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी जहाँ अपने-अपने खेल में ग्रेडिंग करवा सकेंगे। उम्र वर्ग अंडर 14, अंडर 17, अंडर 21, 21-40 साल, 40-50 साल और 50 साल से अधिक होगा। खेल मेले में पैरा स्पोर्ट्स वाले खिलाड़ियों के लिए भी प्रतियोगिताएं होंगी। राज्य स्तर के स्वर्ण, रजत और कॉस्य पदक विजेताओं को 10 हज़ार रुपए, 7 हज़ार रुपए और 5 हज़ार रुपए और सर्टिफिकेट मिलेंगे। कुल 6 करोड़ रुपए की ईनामी राशि बाँटी जाएगी। सभी विजेता खिलाड़ी राज्य की ग्रेडेशन नीति में कवर होंगे। खेल मेले के दौरान विजेताओं के अलावा अन्य खिलाड़ियों के डोप टैस्ट किए जाएंगे।

इंडियन बैंक ने नई शाखा परिसर का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मोहाली, 11 अगस्त। वीरवार को अश्विनी कुमार, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक द्वारा बैंक की फेज़ 5, मोहाली में बैंक की शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया गया। कार्यपालक निदेशक का स्वागत करते हुए, अशोक पटनायक, क्षेत्र महाप्रबंधक, चंडीगढ़ ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इंडियन बैंक स्थायी और समावेशी विकास के माध्यम से अपने सीएएसए और आरएएम क्रेडिट पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि बैंक के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ग्राहकों का पूर्ण समर्थन अपेक्षित है। अश्विनी कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए आभार व्यक्त किया। इंडियन बैंक अपने ग्राहकों के संरक्षण और समर्थन से एक मजबूत बैंक के रूप में उभरा है।

उन्होंने सुरुचिपूर्ण ढंग से सुसज्जित शाखा परिसर की सराहना की और कहा कि नये परिसर में ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने सेक्टर 8, चंडीगढ़ में स्थित बैंक की बृहत ऋण शाखा का भी दौरा किया और शाखा के कॉरपोरेट क्रेडिट पोर्टफोलियो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट ग्राहक तुरन्त निपटान और बेहतर सुविधाओं की अपेक्षा रखते हैं तथा बैंक ऐसे ग्राहकों को अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने के लिए वचनबद्ध है।

अश्विनी कुमार ने बैंक द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित कॉरपोरेट ग्राहक बैठक अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इस तरह की बैठकों का उद्देश्य ग्राहकों से ज़मीनी स्तर पर जुड़कर बैंक के प्रति उनके विश्वास को सुदृढ़ बनाना है। मौजूदा और संभावित कॉरपोरेट ग्राहकों के साथ बातचीत करते हुए, अश्विनी कुमार ने कहा कि बैंक अब परियोजना वित्त, दीर्घकालिक ऋण और अन्य विशिष्ट क्षेत्रीय वित्तपोषण के द्वारा अपने ऋणपोर्टफोलियो को विस्तृत करने की बेहतर स्थिति में है। उप महाप्रबंधक राकेश कुमार जोशी द्वारा ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए ग्राहक बैठक का समापन किया गया।

एलिम्को आज गांव पिपली खेड़ा में स्थापित करेगा आसरा सेवा केंद्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गन्नौर (सोनीपत), 11 अगस्त। दिव्यांगजन की सशक्तिकरण एवं स्वावलंबी जीवन यापन के लिए तथा उनको दिए गए सहायक उपकरणों के सुधार हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा 12 अगस्त को गन्नौर तहसील के गांव पिपली खेड़ा में सहायक उपकरण सेवा केंद्र आसरा का शुभारंभ किया जाएगा, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव गौरव करेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव ने बताया कि आसरा सेवा केंद्र के माध्यम से दिव्यांग भाई बहनों एवं वरिष्ठजनों को पूर्व में वितरण किए गए सहायक उपकरणों के सुधार व मरम्मत करने हेतु स्थापित किया जा रहा है। आसरा सेवा केंद्र से ना केवल क्षेत्र के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों की मरम्मत की सुविधा का अवसर प्राप्त होने के साथ-साथ आसरा सेवा केंद्र के संचालकों के लिए स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

पेट्रोल व डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली, 11 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीते कुछ दिनों से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहने बावजूद देश में गुरुवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में स्थिरता होने से आम आदमी के लिए राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.10 प्रतिशत गिरकर 97.30 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 91.80 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं।

केजरीवाल ने भारत में नई राजनीति की शुरुआत की, 'आप' की बढ़ती लोकप्रियता से घबराए पीएम मोदी

'परिवारवाद' व दोस्तवाद की नहीं, 'भारतवाद' की राजनीति करती है आप: कंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 11 अगस्त। आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मुफ्त रेवड़ी' वाले बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी की तरह कुछ कॉरपोरेट परिवारों को फायदा पहुंचाने के बजाय आम आदमी का जीवन स्तर ऊपर उठाने वाली नई राजनीति की शुरुआत की है। भारत में 'आप' और अरविंद केजरीवाल की बढ़ती लोकप्रियता से नरेंद्र मोदी घबरा गए है।

चंडीगढ़ पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि देश आज आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है और प्रधानमंत्री मोदी मुफ्त शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बजाय लोक कल्याणकारी योजनाओं को मुफ्त रेवड़ी बोलकर इसके खिलाफ माहौल बना रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मलविंदर सिंह कंग के साथ पार्टी प्रवक्ता एडवोकेट रविंदर सिंह भी मौजूद थे।

कंग ने कहा कि दरअसल अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की ईमानदार और जनहितैषी राजनीति से भाजपा घबरा गई है। उन्होंने भाजपा के दोहरे मापदंड को भी उजागर किया और कहा कि यूपी चुनाव से पहले भाजपा ने अपना घोषणा पत्र 'लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022' लॉन्च किया था और मोदी सरकार ने हर घर में मुफ्त अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, 300 यूनिट बिजली देने और युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। क्या यह 'मुफ्त रेवड़ी' नहीं है?

उन्होंने आगे कहा कि कनाडा और अमेरिका समेत करीब 9 विकसित देश अपने बच्चों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा मुहैया कराते है, तो भारत के बच्चे इससे क्यों वंचित रहे? उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आम लोगों के कल्याण के लिए काम करती है, जबकि बीजेपी कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए काम करती है।

आप प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस 'परिवारवाद' की और भाजपा 'दोस्तवाद' की राजनीति करती है, वहीं आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल 'भारतवाद' की राजनीति करते हैं। आम आदमी पार्टी देश के 137 करोड़ लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित पार्टी है।

सेंसेक्स चार माह बाद हुआ 59 हजारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मुंबई 11 अगस्त। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्त, आईटी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी और टेक समेत तेरह समूहों में हुई लिवाली से सेंसेक्स आज करीब एक प्रतिशत चढ़कर चार माह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 515.31 अंक की छलांग लगाकर चार महीने बाद 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 59332.60 अंक पर रहा। इससे पहले यह 08 अप्रैल को 59447.18 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 124.25 अंक की बढ़त लेकर 17659 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली हुई। मिडकैप 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,727.38 और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत चढ़कर 27,798.02 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3537 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1843 में तेजी जबकि 1548 में गिरावट रही वहीं 146 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 29 कंपनियां हरे जबकि शेष 21 लाल निशान पर रही।

बीएसई में तेरह समूहों में लिवाली जबकि पांच में बिकवाली का दबाव रहा वहीं तेल एवं गैस समूह में स्थिरता रही। इस दौरान सीडीजीएस 0.58, वित्त 1.51, इंडस्ट्रियल्स 0.74, आईटी 1.61, बैंकिंग 1.64, कैपिटल गुड्स 0.98, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.35, रियल्टी 1.34 और टेक समूह के शेयर 1.15 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, एफएमसीजी समूह ने सबसे अधिक 0.72 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.37, जर्मनी का डैक्स 0.06 और जापान का निक्केई 0.65 प्रतिशत गिर गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 2.40 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.60 प्रतिशत की तेजी रही।

चौबीसी विकास संघ ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

अर्थ प्रकाश/ सुकरमपाल

महम, 8 अगस्त। इस अवसर पर चौबीसी विकास संघ के प्रधान डा जसफूल सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मार्च 2021को अहमदाबाद के साबरमति आश्रम से आजादी का अमृत महोत्सव की शुरूआत की 15 अगस्त 2022 को आजादी के 75 वर्ष पुरे होने जा रहे है, और यह महोत्सव 15 अगस्त 2023 तक चलेगा व डा जसफूल सिंह ने कहा कि भारत को आजाद कराने के लिए किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और क्या क्या कुर्बानिया भारत को देनी पड़ी यह आज की युवा पीढ़ी को जानना जरूरी है और आजादी का अमृत महोत्सव किसी विशेष जाति, धर्म अथवा राज्य से नही, परन्तु सम्पूर्ण भारत के लिए महत्वपूर्ण है। इस आजादी महोत्सव के दौरान सरकारी भवनो, निजी संस्थाओं और घरो मे तिरंगा फहराया जाना चाहिए। इस दौरान रायसिंह, शिव कुमार, जीवन, माधव, सुमन प्रताप सिंह, पारो आदि उपस्थित थे।

रोबोट के साथ डॉ. पासी ने 100 दिनों में 100 घुटनों को सफलतापूर्वक बदला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लुधियाना। स्थानीय मलेरकोटला रोड गांव गिल स्थित अनहद क्लिनिक के सर्जन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए. एस. पासी ने दर्द से राहत के लिए अमेरिकी रोबोट तकनीक और रोबोट का उपयोग करते हुए अनहद क्लिनिक गिल लुधियाना में सफलतापूर्वक 100 दिनों में 100 घुटनों के प्रतिस्थापन किया है। 100 वीं रिप्लेसमेंट के बाद नी रिप्लेसमेंट स्पेशलिस्ट सर्जन डॉ. ए. एस. पासी ने कहा कि उत्तर भारत में पहली बार सीओआरआई रोबोटिक अमेरिकन तकनीक की स्थापना कर उन्होंने घुटने के रोगियों को विश्वस्तरीय चिकित्सा तकनीक से दर्द से राहत दिलाने का बीड़ा उठाया है। सर्जन डॉ. ए. एस. पासी ने कहा कि रोबोटिक तकनीक से जहां ऑपरेशन के दौरान सावधानी से काम किया जाता है, वहां दर्द नहीं होता है और इस तकनीक से किए गए ऑपरेशन की रिकवरी भी बहुत जल्दी होती है। उन्होंने कहा कि पिछले 100 दिनों में उन्होंने 100 घुटनों को बदल कर लोगों को घुटने के दर्द से राहत दी है। डॉ. पासी ने कहा कि उन्होंने मोहाली के शैल्बी अस्पताल से करार किया है। सर्जन डॉ. पासी ने कहा कि अपने 11 साल के अनुभव में उन्होंने हजारों घुटनों को बदलकर लोगों को घुटने की बीमारियों से राहत दी है।

व्यापार

'आरआरआर' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ मनाइए भारतीय सिनेमा के शानदार गौरव का जश्न, जी सिनेमा पर

चंडीगढ़। एक ऐसी फिल्म जिसमें बेमिसाल सिनेमाई अनुभव का 'राइज' (उदय) हुआ, जिसकी 'रोअर' (दहाड़) दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर सुनाई दी और जिसने दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाने के लिए एक 'रिवॉल्ट' (बगावत) छेड़ दिया! इस साल की बेमिसाल फिल्म एवं भव्य शाहकार 'आरआरआर' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है, जहां जी सिनेमा के दर्शकों को पहली पंक्ति की सीटें मिलेंगी! अपने भव्य सिनेमाई प्रस्तुतिकरण के लिए सराहे जाने वाले फिल्मकार एसएस राजामौली ने 'आरआरआर' के रूप में एक मास्टरपीस बनाई है, जिसमें न सिर्फ भारतीय सिनेमा के दो पावरहाउस - राम चरण और जूनियर एनटीआर हैं, बल्कि अजय देवगन और आलिया भट्ट जैसे जाने-माने चेहरे भी हैं। इस मल्टीस्टारर फिल्म ने दुनिया भर की एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया है। देश की आज़ादी से पहले का दौर दिखाती आरआरआर हमें गहरी दोस्ती, अविश्वसनीय जोश, हैरतअंगेज एक्शन, मासूम रोमांस और जबर्दस्त ड्रामा के रोमांचक सफर पर ले जाती है, जो आपको आराम से बैठकर इस फिल्म का मज़ा लेने और अपने पसंदीदा स्टार के लिए सीटी मारने पर मजबूर कर देगी।

अमेजन ने केडीपी पेन टु पब्लिश के 5वें एडिशन की समय सीमा बढ़ाई

चंडीगढ़। अमेजन ने किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग (केडीपी) पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट की एन्ट्रीज को जमा करने की अंतिम समय सीमा एक और महीने के लिए 10 अक्टूबर 2022 तक बढ़ाने की घोषणा की है। प्रतियोगिता का 5वें एडिशन का आयोजन उत्साही लेखकों का एक बेहतरीन ऑथर बनने के अपने सपने को हकीकत में बदलने के सपने के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य के साथ इस साल जुलाई में शुरू किया गया था। अमेजन केडीपी की इस फ्लैगशिप प्रतियोगिता के 5 वें संस्करण में सुदीप नागरकर, सुधा नायर, सत्य व्यास, विजय काकवानी और नागा चोकन सहित प्रसिद्ध लेखकों का एक निर्णायक पैनल होगा। इस प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया काफी सरल है और प्रतिभागियों के लिए www.amazon.in/pentopublish पर इसका विस्तार से उल्लेख भी किया गया है। प्रतिभागी ऑफिशियल अमेजन केडीपी पेज पर साइन अप कर सकते हैं और केडीपी सर्विस का उपयोग कर केवल अंग्रेजी, हिंदी या तमिल भाषाओं में प्रतिभागियों द्वारा लिखित मूल, अप्रकाशित ईबुक अपलोड कर सकते हैं। प्रविष्टियों में ई-बुक की जानकारी में पेनटूपब्लिश5 कीवर्ड शामिल होना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

कोरोना से एक और मरीज ने तोड़ा दम

चंडीगढ़ (अप्रस)। शहर में फिर एक सप्ताह के बाद कोविड से एक और मरीज ने दम तोड़ा। शहर में अब तक कोविड से मरने वाले मरीजों की संख्या 1172 हो गई है। आज कोविड के कारण मरने वाला मरीज सैक्टर 8 का 68 साल का निवासी था जो टाइप टू डायबिटिज, लिवर,किडनी रोग के साथ कई अन्य रोगों से पीड़ित था। वहीं उक्त मरीज पीजीआई में उपचाराधीन था और कोविड वैक्सीनेटिड था। शहर में शुक्रवार को कोविड के 84 नये केस सामने आए तो 138 मरीज ठीक हुए हैं। ऐसे में शहर में कोविड के एक्टिव मरीजों की सं या 697 रह गई है। शहर में आज 11 सबसे ज्यादा पाजिटिव मरीज मनीमाजरा से सामने आए हैं। मौलीजागरां से 5, सैक्टर 18 में से 4 मरीज सामने आए। वहीं अन्य सैक्टरों से दो दो व एक एक मरीज सामने आया है।

तिरंगा यात्रा 13 को

पिहोवा (अप्रस/पोलस्त्य)। आजादी के 75 वें दिवस को लेकर आम आदमी पार्टी की मीटिंग हुई,जिसमें पार्टी नेता व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। वरिष्ठ नेता एडवोकेट वीरभान बाखली ने बताया कि आम आदमी पार्टी की ओर से 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

पूर्व सैनिक एसोसिएशन ने किया शहीदों के परिवारों को सम्मानित

कैथल (अप्रस)। पूर्व सैनिक वेल्फेयर एसोसिएशन जिला कैथल ने गांव छौत में शहीद भरत सिंह के पुत्र को सम्मानित किया व शहीद स्मारक पर जाकर शहीद को पुष्प अर्पित किए। गांव तितरम में शहीद ऋषिपाल के परिवार के सदस्य बाहर होने के कारण कोई नहीं मिला तो वहां पर भी एसोसिएशन ने शहीद के गांव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। गांव जाखोली में शहीद संपूर्ण सिंह के परिवार में उनकी पुत्रवधू व पौत्रों को सम्मानित किया गया। गांव मंडवाल में शहीद सिपाही मक्खन सिंह की पुत्री सुरेंद्र कौर और शहीद के परिवार को सम्मानित किया गया। गांव कौंकत में शहीद सरदारा राम के पुत्र चंद्रभान को सम्मानित किया गया। गांव जडोला के अंदर शहीद मानसिंह के पुत्रों को और परिवार को सम्मानित किया गया। इसी तरह आज की मुहिम में एसोसिएशन प्रधान जगजीत सिंह, कैप्टन नर सिंह ढुल, सूबेदार पीतांबर राणा, कैप्टन अभे सिंह बनवाला, सूबेदार मेजर खजान सिंह, हवलदार मदन सिंह, सूबेदार पुनाराम जडोला, सूबेदार मुख्तार सिंह, सूबेदार ओम प्रकाश, सूबेदार राजेंद्र शर्मा, एलडी सुरेश कुमार व बहुत से गांवों से लोग भी आज की मुहिम में जुड़े रहे। हर परिवार से अच्छे रिस्पॉन्स आए, सभी ने इस टीम का स्वागत किया और गांव वासियों ने भी सभी का स्वागत करते हुए इस मुहिम को जारी रखने के लिए कहा गया।

अटल पेंशन योजना में बड़ा बदलाव

इनकम टैक्स पेयर 1 अक्टूबर से एपीवाई में शामिल नहीं हो सकेंगे

- मोदी सरकार ने वर्ष 2015 में शुरू की थी योजना
- 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए मिलती है पेंशन
- सब्सक्राइबर जितना ज्यादा कॉन्ट्रीब्यूशन करेगा, उसे रिटायरमेंट के बाद उतनी ही ज्यादा पेंशन मिलेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

नई दिल्ली, 11 अगस्त। सरकार ने अटल पेंशन योजना में बड़ा बदलाव किया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन के मुताबिक 1 अक्टूबर 2022 से इनकम टैक्स चुकाने वाला व्यक्ति इस योजना में शामिल होने के लिए एलिजिबल नहीं होगा। यह योजना मोदी सरकार ने 2015 में शुरू की थी और मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के लोगों पर केंद्रित है।

वित्त मंत्रालय ने कहा, यदि कोई ग्राहक 1 अक्टूबर या उसके बाद इस स्कीम से जुड़ेगा और बाद में वो इनकम टैक्स पेयर पाया जाता है तो उसका एपीवाई अकाउंट बंद कर दिया जाएगा और तब तक की जमा पेंशन राशि सब्सक्राइबर को वापस कर दी जाएगी। एपीवाई उन लोगों को फाइनेंशियल कवरेज देती है जो रिटायरमेंट के बाद अपनी इनकम को लेकर अनिश्चित हैं।

अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल का होने पर हर महीने 1,000 से लेकर 5,000 रुपए पेंशन मिलती है। स्कीम में 18 साल से 40 साल तक का व्यक्ति निवेश कर सकता है। यानी इसमें कम से कम 20 साल निवेश करना अनिवार्य है।

1 से 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन लेने के लिए सब्सक्राइबर को 42 से लेकर 210 रुपए प्रतिमाह तक भुगतान करना होगा। यह 18 साल की उम्र में स्कीम लेने पर होगा।

यदि कोई सब्सक्राइबर 40 साल की उम्र में स्कीम लेता है तो उसे 291 से लेकर 1,454 रुपए प्रतिमाह तक का कॉन्ट्रीब्यूशन करना होगा। सब्सक्राइबर जितना ज्यादा कॉन्ट्रीब्यूशन करेगा, उसे रिटायरमेंट के बाद उतनी ही ज्यादा पेंशन मिलेगी।

सब्सक्राइबर की मृत्यु के बाद उसके स्पाउज (जीवनसाथी) को समान पेंशन का भुगतान किया जाएगा और सब्सक्राइबर और स्पाउज दोनों के निधन पर 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी।

सब्सक्राइबर की समय से पहले मृत्यु (60 वर्ष की आयु से पहले) के मामले में, स्पाउज बची हुई अवधि तक कॉन्ट्रीब्यूशन जारी रख सकता है। सरकार इस स्कीम में न्यूनतम पेंशन गारंटी देती है।

सुविधा के अनुसार दें किस्त

इस योजना के तहत इन्वेस्टर्स मंथली, क्वार्टरली या सेमी-एनुअल यानी 6 माह की अवधि में निवेश कर सकते हैं। कॉन्ट्रीब्यूशन ऑटो-डेबिट हो जाएगा, यानी आपके अकाउंट से तय राशि अपने आप कट जाएगी और आपके पेंशन खाते में जमा हो जाएगी।

ऑनलाइन खोल सकते हैं अकाउंट

इस योजना से जुड़ने वालों की संख्या 4 करोड़ के स्तर को पार कर गई है। पेंशन फंड नियामक के मुताबिक बीते वित वर्ष, यानी एफवाई 2021-22 में 99 लाख से ज्यादा अकाउंट अटल पेंशन योजना में खोले गए। सभी नेशनलाइज्ड बैंक एपीवाई स्कीम ऑफर करते हैं। हम यहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अटल पेंशन स्कीम की ऑनलाइन अकाउंट ओपनिंग प्रोसेस बता रहे हैं।

बैंक जाकर भी खोल सकते हैं अकाउंट

किसी भी बैंक में जाकर अकाउंट ओपन करवा सकते हैं। अटल पेंशन योजना के फॉर्म को भरकर मांगे गए डॉक्यूमेंट्स के साथ आपको बैंक ब्रांच में जमा करना होगा। एप्लिकेशन अप्रूव होने के बाद आपके पास कंफर्मेशन का मैसेज आएगा।

हरियाणा में फर्जी मार्कशीट का खुलासा

रेवाड़ी में प्रदेश के 92 स्कूलों पर एफआईआर दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

रेवाड़ी, 11 अगस्त। हरियाणा में फर्जी मार्कशीट के जरिए परीक्षा दिलाने का खुलासा हुआ है। प्रदेश के 92 स्कूलों ने 129 स्टूडेंट को न केवल दाखिला दिया, बल्कि उन्हें 12वीं की परीक्षा भी दिला दी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने जब जांच की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। अब कोसली थाना थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

बता दें कि हरियाणा विद्यालय बोर्ड भिवानी की तरफ से इसको लेकर पंचकूला स्थित क्राइम ब्रांच को शिकायत दी गई थी। अब उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिन्होंने फर्जी बोर्ड की सर्टिफिकेट मुहैया कराई। जिनके खिलाफ एफआईआर हुई, उनमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ बोर्ड शामिल है।

जांच में खुल गई फर्जीवाड़े की परतें: हरियाणा विद्यालय बोर्ड ने सेशन 2021-22 में कोरोना के चलते अप्रैल 2021 में 12वीं की बोर्ड की परीक्षा नहीं ली थी। बोर्ड की तरफ से जो रिजल्ट जारी करते हुए अंक दिए गए थे वो 10वीं की मार्कशीट के आधार पर दिए थे। इसके लिए 10वीं के सभी स्टूडेंट की मार्कशीट भी मंगवाई गई थी। बोर्ड ने जब मार्कशीट की जांच की तो पता चला कि जिस बोर्ड से 10वीं पास की मार्कशीट दी गई है, वो बोर्ड ही फर्जी है। सबसे बड़ी बात यह है कि 92 स्कूलों ने इन बच्चों को मार्कशीट की सही से जांच किए बगैर ही 11वीं में उन्हें दाखिला भी दे दिया।

बोर्ड ने रोक दिया रिजल्ट: बोर्ड सचिव की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के 92 स्कूल ऐसे है, जिनके 129 स्टूडेंट का रिजल्ट रोका गया। ये सभी 10वीं की फर्जी मार्कशीट के आधार पर 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए थे।

इन बोर्ड के स्टूडेंट पर हुई कार्रवाई: भिवानी बोर्ड की तरफ से दी गई जानकारी में सामने आया कि हरियाणा काउंसिल ऑफ ओपन स्कूलिंग के 26, उत्तर प्रदेश स्टेट ओपन बोर्ड के 34, सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ भिवानी हरियाणा से 1, ग्रामीण मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान से 2, उर्दू एजुकेशन बोर्ड नई दिल्ली से 2, हरियाणा स्टेट बोर्ड ऑफ स्कूलिंग से 1, कौंसिल ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन मोहाली से 4, राजकीय इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से 4, यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन लखनऊ से 1, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन दिल्ली से 1, असम हायर सेकेंडरी एजुकेशन बोर्ड से 1, बिहार बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एग्जामिनेशन पटना से 4, बोर्ड ऑफ स्कूल टेक्निकल सीबी से 1, बोर्ड ऑफ सेकेंडरी सीनियर सेकेंडरी एजुकेशन अलीगा? से 1, सेंट्रल बोर्ड ऑफ ओपन स्कूल एजुकेशन राजस्थान से 1, कौंसिल ऑफ स्कूल टेक्निकल एजुकेशन मध्यप्रदेश से 1, इंडियन बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से 1, इंदिरा गांधी बोर्ड ऑफ हाई स्कूलिंग दिल्ली से 5, इंटरमीडिएट कौंसिल ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन दिल्ली से 1, झारखंड स्टेट ओपन स्कूल रांची से 18, महाराष्ट्र बोर्ड ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन से 1, मुम्बई हिंदी विद्यापीठ से 1, प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र से 1, रूरल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग से 7, संग्रई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से 3, द सेंट्रल बोर्ड ऑफ हायर एजुकेशन दिल्ली से 1, इंटरमीडिएट एजुकेशन देहरादून से 1 स्टूडेंट ऐसा शामिल है।

पानीपत में यूएचबीवीएन से 28.52 लाख की ठगी

चार डिवीजनों में बिल कलेक्शन कंपनी ने लगाया चूना, उपभोक्ताओं से रुपए ले हुए फरार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पानीपत, 11 अगस्त। हरियाणा के पानीपत जिले में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को बिल कलेक्शन कंपनी ने 28 लाख 52 हजार रुपए का चूना लगा दिया है। दरअसल, इस कंपनी को बिजली निगम की ओर से उपभोक्ताओं से बिजली बिल कलेक्शन के लिए काम दिया गया था।

कंपनी ने चार साल तक तो सही से काम किया। जब काम अवधि पूरी होने वाली हुई, तब ये जिले के अलग-अलग एरिया से उपभोक्ताओं से रुपए लेकर फरार हो गए। विभिन्न पहलुओं की जांच करते हुए बिजली निगम ने इस पर कार्रवाई करवाने के लिए पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर जिले के चार संबंधित थानों में आईपीसी की धारा 406 व 420 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

केस एकः इसराना एरिया में 2.57 लाख की ठगी- इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में इसराना सब-डिवीजन के एसडीओ रामेंद्र मलिक ने ई-पेय इंटोसर्व प्राइवेट लिमिटेड पर केस दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं से बिलों की राशि लेकर उनके बिलों के खाते में पैसे नहीं करवाए।

बताया कि कंपनी का उच्च अधिकारी आरोपी केपी सिंह हैं। कंपनी से 2 जून 2017 को उपभोक्ताओं के बिजली बिलों की राशि एकत्रित करके विभाग में जमा करवाने का काम दिया गया था। कंपनी का कार्य 2021 में समाप्त हो गया था, लेकिन इस कम्पनी द्वारा अक्तूबर 2021 में उपभोक्ताओं से बिलों की राशि लेकर विभाग में जमा नहीं करवाई गई। आरोपी ने 2 लाख 57 हजार 392 रुपए का गबन कर लिया है।

केस दोः मतलौडा एरिया में 23.55 लाख की ठगी

मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में मतलौडा डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि मतलौडा क्षेत्र में भी बिजली उपभोक्ताओं से बिल की राशि एकत्रित करने का काम उक्त ई-पेय इन्फोसर्व कंपनी को ही दिया गया था। इस कंपनी का ओवरऑल इंचार्ज केपी सिंह है। उक्त कंपनी ने उपभोक्ताओं से रुपए लेकर बिजली निगम को जमा नहीं करवाए हैं। कंपनी ने कुल 23 लाख 55 हजार 150 रुपए का घोटाला किया है।

केस तीनः किला एरिया में 2.18 लाख की ठगी

किला थाना पुलिस को दी शिकायत में किला डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि उनके एरिया में भी इसी कंपनी को उपभोक्ताओं से बिल राशि इकट्ठा करने का काम दिया गया था। कंपनी ने किला डिवीजन के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं से 2 लाख 18 हजार 727 रुपए लिए। इन रुपए को यूएचबीवीएन को जमा नहीं करवाए।

केस चारः समालखा एरिया में 21 हजार की ठगी

समालखा थाना पुलिस को दी शिकायत में बिहोली सब डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि उक्त कंपनी ने उनके भी एरिया के उपभोक्ताओं से रुपए लिए। रुपए लेकर बिजली निगम को जमा नहीं करवाए। आरोपियों ने 21 हजार 84 रुपए की ठगी की है। उपभोक्ताओं से ये रुपए ले लिए। उन्हें रसीद भी दी। मगर निगम को जमा नहीं करवाए।

सौ से एक हजार किलोवाट के उपभोक्ताओं को करवाना होगा एनर्जी ऑडिट

चंडीगढ़ (अप्रस)। हरियाणा सरकार ने 100 किलो वाट से 1000 किलो वाट के उपभोक्ताओं के लिए एनर्जी ऑडिट करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे सरकारी भवन जिनका बिजली का कनेक्टेड लोड 100 किलोवाट से ज्यादा है और उनका एनर्जी ऑडिट करवाते है तो उन्हें विभाग की ओर से शत प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा अर्थात सरकारी भवनों का एनर्जी ऑडिट बिल्कुल निशुल्क होगा। सरकारी प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं द्वारा एनर्जी ऑडिट करवाने के लिए अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग का एनर्जी ऑडिट करवाने से हमे यह जानकारी प्राप्त हो जाती है कि हमें ऐसे क्या उपाय करने चाहिए जिससे कि हम बिजली की ज्यादा से ज्यादा बचत कर सकें। एनर्जी ऑडिट करवाने से यह भी जानकारी मिलती है कि हमारी बिजली कहां पर आवश्यकता से ज्यादा खर्च हो रही है। सरकारी बिल्डिंगों के अलावा अन्य कोई उपभोक्ता जिनका बिजली का कनेक्टेड लोड 100 किलोवाट से ज्यादा है और वे अपनी बिल्डिंग का एनर्जी ऑडिट करवाना चाहते है तो उन्हें सरकार की ओर से 50 प्रतिशत और अधिकतम 50000 रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में पंचायती चुनावों पर सुनवाई

हरियाणा सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय

अर्थ प्रकाश संवाददाता

हिसार, 11 अगस्त। हरियाणा पंचायती चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सरकार ने जवाब दाखिल नहीं किया। हरियाणा सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दाखिल न करने पर पंचायती चुनावों पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं लगाई।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका कांग्रेसी नेता कर्ण दलाल के पुत्र दीप करण दलाल ने लगाई है। एडवोकेट दीपकरण दलाल ने हरियाणा सरकार के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें कि जिस पंचायत में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की संख्या 10 प्रतिशत से कम है, वहां सरपंच पद को इन जातियों के लिए आरक्षित नहीं किया जा सकता।

सरकार की पंचायत चुनाव करवाने की तैयारियां: हरियाणा सरकार पंचायत चुनाव करवाने के लिए तैयार है। सरकार इसके लिए हरियाणा चुनाव आयोग को पत्र लिख चुकी है। चुनाव आयोग आयुक्त धनपत सिंह ने सितंबर में चुनाव करवाने के संकेत दिए है। चुनाव 30 सितंबर से पहले पहले होंगे। पंचायती चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में जिला परिषद व ब्लॉक समिति व दूसरे दिन सरपंच पद के चुनाव होंगे।

हाईकोर्ट में भी लटका रहा है मामलाः हरियाणा में पंचायती चुनावों का मामला एक साल से ज्यादा समय तक पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में भी लटका रहा है। हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद ही सरकार ने पंचायती चुनावों को लेकर तैयारियां की। प्रदेश में 6228 सरपंच, 22 जिला परिषद में 411 सदस्य, ब्लॉक समिति के 30380, पंच के 62022 पदों पर चुनाव होना है।

बहना ने भाई की कलाई पर...

कैथल। कैथल में मंशा तनेजा अपने भाई युगादि तनेजा की कलाई पर राखी बांधते हुए। फोटो-अर्थ प्रकाश

व्यापारियों की समस्याओं का किया समाधान

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 11 अगस्त। हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक का आयोजन जे बी डी ग्रुप के कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यापारी कल्याण बोर्ड के प्रदेश सदस्य भारत भूषण कपूर एवं जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा ने की। आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य बोर्ड के सभी सदस्यों को 75वे स्वंत्रता दिवस को आज़ादी के अमृत महोत्सव को बड़ी धूम धाम से मनाये जाने के लिए विचार विमर्श किया। जिले के सभी व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर हर घर तिरंगे की मुहीम के तहत झंडा लगाने के लिए भी आह्वान किया गया। सभी जिले के सदस्यों को जिला अध्यक्ष द्वारा बैठक में सुझाव दिए गए की अपने अपने क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं को सुने एवं उनका समाधान के लिए जिलाध्यक्ष के समक्ष रखे ताकि उनकी समस्याओं को हल करवाया जा सके। कृष्ण लाल तनेजा ने बताया की इस बोर्ड का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की हितों की रक्षा करना है ये ही सोच हमारे प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी एवं प्रदेश के चेयरमैन राम निवास गर्ग की है जिनके नेतृत्व में बोर्ड कार्य कर रहा है। प्रदेश सदस्य भारत भूषण कपूर ने बताया की किसी भी व्यापारी को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी, अगर आती है तो व्यापारी कल्याण बोर्ड के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता हैएवं प्रशासन के साथ मिलकर उन समस्याओं का हल करवाया जायेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से जिले की पूरी कमेटी के सदस्य जिनमे मुख्य रूप से शिव नाथ कपूर नीलोखेड़ी , अमर ठकर राम नगर,दीपक गुप्ता, जगदीश गोयल इंद्री, देश राज कम्बोज घरौंडा, राजेश छाबड़ा असंध, रविंदर त्यागी बिजना, चौधरी माया सिंह,ज्ञान सिंह चावला,अमृत लाल जोशी, जगरूप संधू गगसीना, नवीन दत्ता, अश्वनी स्वामी कार्यलय सचिव, विकास टंडन मौजूद रहे।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन**, सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द्र जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@yahoo.com, arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)